मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 29.5 | 18.6 |
| जमशेदपुर | 29.5 | 17.2 |
| डालटनगंज | 27.8 | 13.5 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in शनिवार, 17 फरवरी 2024 ● माघ शुक्ल पक्ष 08, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 300 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


## चंपाई सोरेन मंत्रिमंडल का विस्तार, झामुमो के पांच, कांग्रेस के तीन मंत्रियों ने ली शपथ, 12वां पद खाली ही रहा

# कांग्रेस के हाथ पुराने विभाग, बसंत को पथ, भवन व जल संसाधन

- जोबा मांझी ड्रॉप हुईं, बेबी को मिली उनके विभाग की जिम्मेवारी, दीपक बिरुवा संभालेंगे सीएम चंपाई सोरेन के पुराने विभाग
- मंत्रिमंडल में एससी को एक भी बर्थ नहीं, बैद्यनाथ राम को बुलावा आया, अंतिम समय में नाम कटा, जतायी नाराजगी

**कौशल आनंद। रांची**

झारखंड के 12वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के 15 दिन बाद चंपाई सोरेन ने शुक्रवार की शाम अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया. चंपाई के साथ कांग्रेस के आलमगीर आलम और राजद के सत्यानंद भोक्ता ने भी मंत्री पद की शपथ ली थी. शुक्रवार को राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कांग्रेस के पुराने तीन मंत्रियों डॉ रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता और बादल पत्रलेख सहित आठ मंत्रियों को शपथ दिलाई. झामुमो कोटे से दो नए मंत्रियों बसंत सोरेन व दीपक बिरुवा को मंत्री पद की शपथ दिलाई. इसके अलावा झामुमो के पुराने मंत्रियों मिथिलेश कुमार ठाकुर, बेबी देवी और हफीजुल हसन को दुबारा मंत्री पद की शपथ दिलाई गयी. झामुमो की पूर्व मंत्री जोबा मांझी को चंपाई मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली. उनकी जगह चाईबासा के सीनियर विधायक दीपक बिरुवा को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई है. मंत्रियों के शपथ लेते ही देर शाम सीएम चंपाई सोरेन ने उनके विभागों का भी बंटवारा कर दिया. एक बार फिर 12वां मंत्री पद खाली ही रहा. मंत्री पद की शपथ लेने के लिए लातेहार के झामुमो विधायक बैद्यनाथ राम को भी बुलावा आया था, लेकिन अंतिम समय में उनका नाम ड्रॉप हो गया.



राजभवन में शुक्रवार को आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के बाद राज्यपाल के साथ मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और उनकी नई कैबिनेट के सदस्य.

### कांग्रेस के चारों मंत्रियों को पुराने विभाग की जिम्मेवारी

कांग्रेस के सभी चार मंत्रियों को उनके पुराने विभाग ही मिले. झामुमो के मिथिलेश ठाकुर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के साथ ही साथ उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की जिम्मेवारी संभालेंगे. बेबी देवी को महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की जिम्मेवारी सौंपी गयी है. बसंत सोरेन को पथ निर्माण, भवन निर्माण व जल संसाधन विभाग की जिम्मेवारी सौंपी गयी है. दीपक बिरुवा तो सीएम चंपाई सोरेन के पुराने विभाग अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण (अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को छोड़ कर) व परिवहन विभाग की जिम्मेवारी सौंपी गयी है.

### पुराने मंत्रियों पर ही कांग्रेस ने भरोसा जताया

चंपाई सरकार में भी कांग्रेस ने अपने पुराने मंत्रियों को ही कंटीन्यू किया. कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम 2 फरवरी को ही मुख्यमंत्री के साथ शपथ ले चुके थे. मंत्रिमंडल विस्तार में कांग्रेस के पूर्व मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, बादल पत्रलेख एवं बन्ना गुप्ता की दोबारा वापसी हुई.

### हेमंत सोरेन की जगह पहली बार बसंत सोरेन को मंत्री पद की जिम्मेवारी मिली

झामुमो की बात करें, तो हेमंत सोरेन के बाद रिक्त हुए एक बर्थ में शिबू सोरेन परिवार से उनके छोटे भाई बसंत सोरेन की पहली बार मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है. वहीं पूर्व मंत्री जोबा मांझी की जगह कोल्हान से सीनियर विधायक दीपक बिरुवा को जगह दी गयी है. जबकि अन्य तीन पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर, हफीजुल हसन और बेबी देवी की पुनः वापसी हुई है. इन तीनों को पुनः मंत्री पद की शपथ दिलायी गयी.

### कांग्रेस विधायक नाराज हुए फिर माने

कांग्रेस आलकमान का संदेश लेकर प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर खुद दिल्ली से चलकर रांची आएं. सभी विधायकों को सर्किट हाऊस बुलाया और मंत्रियों के नाम का एलान किया. जैसे ही मीर ने पुराने मंत्रियों को कंटीन्यू करने की बात कही, एक-एक कर विधायकों ने बैठक से निकलना शुरू कर दिया. खबर आयी कि कांग्रेस विधायक इतने नाराज हैं कि वे शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा नहीं लेंगे और दिल्ली जाकर अपनी बात आलाकमान के पास रखेंगे. जैसे ही खबर वायरल हुई, प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने एक-एक विधायक से खुद बात की, उनकी नाराजगी दूर करने का प्रयास किया. फिर वे माने.

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 57,900 |
| चांदी (किलो) | 73,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### पेटीएम की सेवाएं 15 मार्च तक जारी रहेंगी

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को सेवाएं जारी रखने के लिए 15 दिन का अतिरिक्त समय दिया है. इसके तहत किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड उत्पाद, वॉलेट और फास्टैग में जमा या 'टॉप-अप' स्वीकार नहीं करने के आदेश की अंतिम तारीख 15 मार्च तक बढ़ा दी गयी है. आरबीआई ने शुक्रवार को कहा कि व्यापारियों सहित ग्राहकों के हित को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है.

#### रूस में विपक्ष के नेता की जेल में हुई मौत

**मॉस्को।** रूस की जेल एजेंसी ने कहा कि जेल में बंद विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की मौत हो गई है. वे 47 वर्ष के थे. संघीय जेल सेवा ने एक बयान में कहा कि शुक्रवार को टहलने के बाद नवलनी को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कत महसूस हुई और वह बेहोश हो गए. इसने कहा कि नवलनी की मदद के लिए एक एंबुलेंस पहुंची, लेकिन उनकी मृत्यु हो गई. नवलनी की मौत की उनकी टीम ने पुष्टि नहीं की है.

#### 'उड़ान' फेम कविता चौधरी का निधन

**अमृतसर।** दूरदर्शन के मशहूर धारावाहिक 'उड़ान' में पुलिस अधिकारी 'कल्याणी' की भूमिका



निभाने वाली कविता चौधरी का गुरुवार रात दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया. वे 67 वर्ष की थीं. कविता को 1980 के दशक के अंत में टेलीविजन में दिखाए जाने वाले सर्फ के विज्ञापन के जरिये घर-घर में गृहिणी ललिता जी के रूप में पहचान मिली थी. कविता का अंतिम संस्कार शुक्रवार को सुबह यहां किया गया.

## आज भाजपा नेताओं के घरों के बाहर धरना देंगे किसान

## शंभू सीमा पर एक किसान की मौत

# किसान आंदोलन उग्र



### नेताओं ने कहा : ज्ञान सिंह की शहादत हुई है

1. किसान और सुरक्षा बलों के बीच झड़प, 25 घायल हुए
2. केंद्र और किसानों के बीच अगले दौर की बैठक कल
3. नेताओं ने कहा : ज्ञान सिंह की शहादत बेकार नहीं जाएगी
4. सरकार के दमनात्मक रवैये के बाद भी आंदोलनकारी डटे रहे
5. नेताओं ने कहा - हौसला बुलंद है, हम दिल्ली कूच करके रहेंगे

**कुमार माधवन**

भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां ने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व पर दबाव बनाने के लिए पंजाब के पार्टी के दिग्गज नेताओं के घरों के बाहर दो दिन धरना देने की घोषणा की है. यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष जोगिंदर सिंह उगराहां ने कहा कि आज और कल यानी 18 फरवरी को पंजाब में भाजपा के तीन नेताओं के घरों के बाहर यूनियन धरना देगी. पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेन्द्र सिंह के पटियाला स्थित निवास, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ के अबोहर स्थित निवास और केवल सिंह ढिल्लों के बरनाला स्थित निवास के समक्ष धरने दिए जाएंगे.

हरियाणा में अंबाला के निकट शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शन कर रहे किसानों में शामिल 63 वर्षीय एक बुजुर्ग किसान ज्ञान सिंह की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई. इसके बाद शंभू बॉर्डर पर किसानों की उग्र प्रतिक्रिया देखने को मिली. मौके पर मौजूद किसानों ने कहा कि केंद्र सरकार अपने अंहकारी और दमनात्मक रवैये से हम किसानों को डरा नहीं सकती. जब तक हमारी सारी मांगें पूरी नहीं हो जाती, हम यूं ही डटे रहेंगे. हमारा हौसला बुलंद है, हम दिल्ली कूच करके रहेंगे. उन्होंने कहा किसान ज्ञान सिंह की मौत नहीं हुई बल्कि, उन्होंने शहादत दी है. बता दें कि किसान नेताओं और केंद्रीय मंत्रियों के बीच हुए तीसरे दौर की वार्ता भी बेनतीजा रही और अब दोनों पक्षों के बीच अगले दौर की बैठक 18 फरवरी को होगी.

**आंसू गैस के गोले से शंभू बॉर्डर धुआं-धुआं :** पंजाब-हरियाणा शंभू सीमा पर प्रदर्शनकारी किसानों को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षा बलों ने आंसू गैस के गोले दागे. अंबाला पुलिस ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट कर कहा कि किसान आंदोलन की आड़ में उपद्रवियों द्वारा शंभू बैरियर पर उत्पात मचाया जा रहा है. उपद्रवी पुलिस पर बार-बार पत्थरबाजी कर रहे हैं. इसमें पुलिस के 18 व पैरामिलिट्री के सात जवानों सहित कुल 25 जवान घायल हुए हैं. पंजाब-हरियाणा शंभू सीमा पर प्रदर्शनकारी किसानों को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षा बलों ने आंसू गैस के गोले दागे.

### भारत बंद से मिड डे मील पर असर



इधर, संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) की देशव्यापी बंद का असर पूरे देश सहित झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में भी देखने को मिला. रांची में दरभंगा हाउस स्थित सीसीएल मुख्यालय एवं सीएमपीडीआई में कोयला क्षेत्र की हड़ताल का पूर्ण असर रहा. रांची जिला मुख्यालय में संयुक्त मजदूर किसान मोर्चा द्वारा जनाक्रोश रैली निकाली गई, जिसमें किसान सभा, किसान महासभा, एटक, इंटक, एक्टू, सीटू, बेफी, अराजपत्रित कर्मचारी संघ, इत्यादि की भागीदारी रही. कांग्रेस, राजद, माकपा, भाकपा, माले ने मजदूरों किसानों के संघर्ष को अपना समर्थन दिया. वहीं, कोडरमा जिला में व्यापक भारत बंद का व्यापक असर रहा. यहां झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन के बैनर तले, जिला में सभी 751 आंगनबाड़ी केंद्रों में ताला लटका रहा. झारखंड राज्य रसोईया संयोजिका यूनियन भी हड़ताल में शामिल हुआ, जिसके कारण दर्जनों स्कूल में मिड डे मील पर प्रभाव पड़ा

### किसान आंदोलन में 400 किसान घायल : पंढेर

किसान आंदोलन में अब तक 400 किसान घायल हो चुके हैं, जिनमें 70 गंभीर हैं. फिलहाल ये सभी गंभीर घायल किसान पटियाला, राजपुरा समेत अन्य अस्पतालों में भर्ती हैं. किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने शंभू बार्डर पर बातचीत में आरोप लगाया कि किसानों की आवाज दबाने के लिए केंद्र की ओर से 70 सोशल मीडिया अकाउंट बंद कर दिए गए हैं लेकिन, केंद्र की यह साजिश नाकाम होगी. किसान अपनी जायज मांगें मनवा कर ही रहेंगे. पंढेर ने कहा कि उम्मीद है कि रविवार को होने वाली बैठक सफल रहेगी और किसानों की सभी मांगों को हल किया जाएगा.

### ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे...





भारत जोड़ो न्याय यात्रा के क्रम में शुक्रवार को सासाराम पहुंचे राहुल गांधी ने तेजस्वी यादव के साथ रोड शो किया. इस क्रम में न्याय यात्रा रथ को तेजस्वी यादव ने ड्राइव किया और राहुल गांधी बगल की सीट पर बैठे रहे.

## राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर बोला हमला

# पहले हमारे खाते फ्रीज किए फिर रोक हटाई : कांग्रेस

**भाषा। नयी दिल्ली**

कांग्रेस ने शुक्रवार को दावा किया कि आयकर विभाग ने उसके प्रमुख बैंक खाते फ्रीज कर दिए, हालांकि बाद में आयकर अपीलीय अधिकरण ने अगले सप्ताह सुनवाई होने तक उसके खातों पर से रोक हटा दी. आयकर विभाग के आदेश के खिलाफ अधिकरण के समक्ष उपस्थित हुए पार्टी नेता व अधिवक्ता विवेक तन्खा ने कहा कि पार्टी को अब अपने बैंक खाते संचालित करने की अनुमति दे दी गई है. अंतिम निर्णय लेने से पहले अधिकरण अगले बुधवार को मामले की सुनवाई करेगा. तन्खा ने कहा कि उन्होंने अधिकरण को बताया कि यदि पार्टी के खाते फ्रीज रहेंगे तो कांग्रेस चुनाव के उत्सव में भाग नहीं ले सकेगी.

कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, हमारी याचिका पर आयकर विभाग और आयकर अपीलीय अधिकरण ने कहा है कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि 115 करोड़ रुपये बैंक खातों में रखे जाएं... हम उससे ऊपर की राशि भी खर्च कर सकते हैं. इसका मतलब है कि 115 करोड़ रुपये फ्रीज कर दिए गए हैं.

### डरो मत मोदी जी, हम नहीं झुकेंगे : राहुल

राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, डरो मत मोदी जी, कांग्रेस धन की ताकत का नहीं, जन की ताकत का नाम है. हम तानाशाही के सामने न कभी झुके हैं, न झुकेंगे. भारत के लोकतंत्र की रक्षा के लिए हर कांग्रेस कार्यकर्ता जी जान से लड़ेगा. माकन ने शुक्रवार को सुबह संवाददाताओं से कहा, यह जानकर आप लोगों को आश्चर्य और दुख होगा कि भारत में लोकतंत्र पर पूरी तरह से तालाबंदी कर दी गई है. हम लोगों को 14 फरवरी को यह जानकारी मिली कि हम जो चेक जारी कर रहे हैं, बैंक उन्हें स्वीकार नहीं कर रहे हैं. जब हम लोगों ने आगे छानबीन की तब पता चला कि देश की मुख्य विपक्षी पार्टी के खाते फ्रीज कर दिए गए हैं. लोकसभा चुनाव का कार्यक्रम घोषित होने में जब सिर्फ दो हफ्ते रह गए हैं तो ऐसे समय में कांग्रेस के खाते फ्रीज करके सरकार क्या दिखाना चाहती है?

## संदेशखाली हिंसा

## अन्नपूर्णा देवी के नेतृत्व में संदेशखाली जा रही भाजपा की टीम को पुलिस ने रोका

# भाजपा व कांग्रेस सांसदों को रोका, धरने पर बैठे

**भाषा। कोलकाता/नयी दिल्ली**

संदेशखाली हिंसा (पश्चिम बंगाल) का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है. खबर है कि इस संबंध में पीआईएल दाखिल की गयी है. साथ ही बंगाल से बाहर जांच और सुनवाई की गुहार लगाई गयी है. संदेशखाली में महिलाओं के यौन उत्पीड़न का मामला तूल पकड़ता जा रहा है. इधर शुक्रवार को भाजपा की फैक्ट फाइंडिंग टीम संदेशखाली रवाना हुई. लेकिन खबर है कि पुलिस ने टीम को वहां जाने सो रोक दिया. वहीं, कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई के प्रमुख अधीर रंजन चौधरी के नेतृत्व में भी संदेशखाली जा रही पार्टी की रैली को भी रोक दिया गया. दोनों दलों के नेता धरने पर बैठ गए.

### भाजपा टीम में दो केंद्रीय मंत्री और चार सांसद शामिल हैं





भाजपा की टीम में छह लोग (दो केंद्रीय मंत्री और चार सांसद) शामिल हैं. केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के नेतृत्व में जा रहे टीम में इसमें केंद्रीय मंत्री प्रतिमा भौमिक, सांसद सुनीता दुग्गल, कविता पाटीदार, संगीता यादव और बृजलाल शामिल हैं. यह प्रतिनिधिमंडल संदेशखाली में पीड़ितों से बातचीत करेगा. एक बात और कि राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा भी 19 फरवरी को संदेशखाली जाएंगी. साथ ही वह पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक के साथ बैठक करेंगी. संदेशखाली मुद्दे पर भाजपा का प्रदर्शन लगातार जारी है. भाजपा आरोप लगा रही है कि टीएमसी नेता शाहजहां शेख और उसके गुंडों ने संदेशखाली की महिलाओं पर जुल्म किये. उनका यौन शोषण किया. ममता बनर्जी सरकार गुंडों को समर्थन कर रही है.

### अधीर रंजन ममता सरकार पर बरसे

कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी के नेतृत्व में संदेशखाली जा रही पार्टी की रैली को पुलिस द्वारा रोका गया. अधीर रंजन चौधरी ममता सरकार पर जमकर बरसे. सवाल किया कि राजनीतिक पार्टियों को संदेशखाली जाने से क्यों रोका जा रहा है, जहां पर पिछले कई दिनों से तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के उत्पीड़न के खिलाफ ग्रामीण प्रदर्शन कर रहे हैं. कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने की कोशिश कर रही हैं. जानकारी के अनुसार चौधरी के नेतृत्व में उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली जा रही कांग्रेस की रैली को पुलिस ने पहले सरबेरिया में रोका और दोबारा रामपुर में रोका. पुलिस ने भारतीय दंड प्रक्रिया की धारा 144 के तहत लागू निषेधाज्ञा का हवाला देते हुए कांग्रेस की टीम को संदेशखाली जाने की अनुमति नहीं दी. रामपुर गांव में रोके जाने के बाद चौधरी और कांग्रेस कार्यकर्ता धरना पर बैठ गये. इस बीच, संदेशखाली में प्रदर्शन शुक्रवार को लगातार आठवें दिन भी जारी है.

# प्रिंस खान के खिलाफ ईडी ने दर्ज की ईसीआईआर

**संवाददाता। रांची**

धनबाद का आतंक बना प्रिंस खान की मुश्किलें बढ़ सकती है. इंटरपोल के रेड कॉर्नर नोटिस के बाद ईडी ने प्रिंस खान पर इनफोर्समेंट केस इंफॉर्मेशन रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज की है. ईडी अब रंगदारी से वसूले गये पैसे और संपत्ति को जब्त करेगी. प्रिंस खान ने धनबाद के बड़े व्यापारियों के अलावा अंडे और चाट-छोले के ठेले लगाने वालों से भी रंगदारी वसूली है. धनबाद को बम से उड़ा देने की धमकी देने वाले और अभी दुबई स्थित प्रिंस खान के अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी समूहों से संबंधों की जांच भी भारत सरकार को करनी चाहिए क्योंकि वह निःसंदेह अंतरराष्ट्रीय क्रिमिनल नेटवर्क का हिस्सा है. इसको लेकर भाजपा के प्रवक्ता विनय कुमार सिंह ने भी एक्स पर पोस्ट किया है.

### गुर्गों ने नाम दिया है छोटे सरकार

दरअसल प्रिंस खान इन दिनों धनबाद में आतंक का पर्याय बना हुआ है. व्यवसायियों, कोयला कारोबारियों, चिकित्सकों व अन्य संपन्न लोगों को



धमकी देना और गोलियों की बौछार से दहशत फैलाना उसका शौक बन गया है. उसके गुर्गे कभी सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर, कभी चिट्ठी लिखकर तो वीडियो वायरल कर गोलीबारी की जिम्मेदारी भी लेते हैं. विभिन्न माध्यमों से जारी उनके गुर्गे संदेश देते फिर रहे हैं कि छोटे सरकार की बात मान जाओ, वरना जान से हाथ धो बैठोगे. वह पुलिस को भी खुली चुनौती दे रहे हैं. आतंक व दहशत फैलाने में उसने एक समय के चर्चित गैंग ऑफ वासेपुर के सरगना फहीम खान को भी पीछे छोड़ दिया है.

### पुलिस के दावे के विपरीत बढ़ रहा दबदबा

पुलिस कहती है कि जल्द ही प्रिंस खान को पकड़ लिया जायेगा, उसके ठिकानों की तलाश पूरी हो गयी है. मगर इस दावे के विपरीत प्रिंस खान का दबदबा बढ़ता ही जा रहा है. कभी व्यवसायियों को धमकी, तो कहीं घर के बाहर फायरिंग. प्रिंस खान वीडियो जारी कर धनबाद के एसएसपी को चुनौती देते भी देखा गया है. उसकी इस हरकत से व्यवसायी वर्ग खौफ में है. एक धारणा बन गयी है कि जो अपराधी पुलिस के बड़े अधिकारी को ललकार सकता है, वह आम लोगों के लिए तो काल बन कर ही सामने आयेगा.

## न्याय यात्रा के बहाने प्रदेश कांग्रेस को संजीवनी की तलाश

# झारखंड प्रदेश कांग्रेस में चल रहा है जबरदस्त एक्शन, इमोशन और ड्रामा

संवाददाता। रांची

आगामी लोकसभा चुनाव में प्रदेश कांग्रेस के लिए पनघट की डगर काफी कठिन हो चुकी है. राजनीति के उबड़-खाबड़ रास्तों से गुजरने के लिए कांग्रेस को कई बाधाओं का भी सामना करना होगा. कभी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ विरोध के स्वर फूटते हैं तो कभी एक व्यक्ति एक पद का भी सवाल खड़ा हो जाता है. कुल मिलाकर प्रदेश कांग्रेस के अंदर एक्शन, इमोशन और ड्रामा सबकुछ है. शीट शेयरिंग को लेकर अभी से ही लॉबिंग तेज हो गई है. बात करें पिछले लोकसभा चुनाव कि तो कांग्रेस के खाते में सिर्फ एक सीट ही आई, जबकि कांग्रेस जेएमएम, राजद और सीपीआई ने मिलकर चुनाव लड़ा था, लेकिन एनडीए ने 12 सीटों में बाजी मार ली. एक सीट जेएमएम और एक कांग्रेस के खाते में आई.

**खास बातें**

- शीट शेयरिंग को लेकर अभी से लॉबिंग तेज हो गई है
- पिछले लोस चुनाव में एनडीए को 12 सीट मिली थी



### चंपाई सोरेन मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिलने से भी सामने आई नाराजगी

चंपाई सरकार में मंत्रिमंडल विस्तार से पहले कांग्रेस खेमे के नाराजगी उभर कर सामने आई. इसे आलमगीर आलम ने पैचअप भी किया. कांग्रेस खेले में यह भी चर्चा हो रही है कि नाराज सभी विधायक दिल्ली जाएंगे और आलाकमान के समक्ष अपनी बात रखेंगे. बताते चलें कि कांग्रेस के आधा दर्जन विधायक मंत्री पद के लिए दावा ठोंक रहे थे. इसके लिए दिल्ली तक दौड़ भी लगाई थी.

### कैश कांड ने पार्टी की कराई फजीहत

कैशकांड ने पार्टी की फजीहत भी कराई. पार्टी के तीन विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विल्सन कोंगाड़ी को पार्टी के निलंबित भी किया गया. लगभग एक साल तक तीनों विधायक निलंबित रहे. बाद में उनका निलंबन वापस ले लिया गया. वहीं पार्टी में एक विक्षुब्ध गुट ने प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ मोरचा भी खोल रखा है.

### कांग्रेस खोज रही जीत की संजीवनी

प्रदेश कांग्रेस राहुल गांधी की न्याय यात्रा के बहाने संजीवनी खोज रही है. माना जा रहा है कि यह यात्रा जनता से जुड़ने की एक और कोशिश है. इस बार का नाम ''भारत न्याय यात्रा'' रखा गया है. 2024 के लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए इस यात्रा को काफी अहम माना जा रहा है. चुनाव अप्रैल-मई में हो सकते हैं और संभव है यात्रा के आखिरी चरण का समय उसी से मिल जाए.

**झारखंड में सत्ता में रहकर भी हनक नहीं**

फिलहाल झारखंड विधानसभा में कांग्रेस के 17 विधायक हैं. यह भी सच्चाई है कि इसके पहले इस विधानसभा में कांग्रेस के पास कभी इतना संख्या बल नहीं रहा. सत्ता के गलियारों में यह भी चर्चा है कि 2024 के चुनाव में साधनों-संसाधनों के लिहाज से पार्टी पिछले चुनावों की तुलना में बेहतर पोजीशन में होगी. लेकिन, सच यह भी है कि राज्य में पावर शेयरर होकर भी कांग्रेस की हनक एक सत्तारूढ़ पार्टी जैसी नहीं दिखती. वहीं पार्टी के चार विधायक हेमंत सरकार में मंत्री भी रहे.

## सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर करोड़ों खर्च, नतीजा सिफर

# कचरा और प्रदूषण की मार, झारखंड बेजार

रवि भारती। रांची

झारखंड में कचरा और प्रदूषण की मार से झारखंड पूरी तरह से बेजार होता जा रहा है. आठ नगर निकायों में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के नाम पर करोड़ों खर्च किए गए. लेकिन नतीजा सिफर ही रहा. कागजों पर ही प्लान सिमट कर रह गया. हाल यह है राज्य में स्थापित उद्योगों और पावर प्लांटों से रोजाना 8500 टन फ्लाई ऐश (राख) निकलता है. यह राख वातावरण में भी घुल रहा है. राख से नदियां भी प्रदूषित हो रही हैं. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की गाइड लाइन के अनुसार, राख का डिस्पोजल सही तरीके से करने का निर्देश दिया गया था. लेकिन ऐसा नहीं होने के कारण दामोदर, नलकरी, बराकर और स्वर्णरेखा नदी प्रदूषित हो गई है. बोर्ड ने कहा था कि राख डिस्पोजल ऐश (राख) पोंड(तालाब) में होना चाहिए. इसका भी अनुपालन नहीं किया जा रहा है.




**कचरा से बिजली पैदा करने की योजना भी फेल :** राजधानी रांची में कचरा से बिजली पैदा करने की योजना भी बनी. एमओयू भी हुआ. लेकिन योजना फेल हो गई. रांची के झिरी के डंपिंग यार्ड में जमा होने वाले कचरे से रोजाना 11.5 मेगावाट बिजली उत्पादन की योजना बनी होगी. प्लांट लगाने का काम एस्सेल इन्फ्रा और जापान की कंपनी हिटाची करती. शहर में घरों से कचरा उठाने वाली कंपनी रांची एमएसडब्ल्यू ने झारखंड विद्युत नियामक आयोग को बिजली टैरिफ प्लान भेज दिया था. टैरिफ में 9.51 रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली देने का प्रस्ताव रखा था. लेकिन सबकुछ फेल ही हो गया.

**अस्पतालों से रोजाना 1.32 करोड़ ग्राम बायोमेडिकल कचरा :** राज्य के सरकारी और निजी अस्पतालों से 1.32 करोड़ ग्राम बायोमेडिकल कचरा निकलता है. एक बेड पर औसतन हर दिन 750 ग्राम बायोमेडिकल कचरा निकलता है. सरकार के आंकड़ों के अनुसार, सरकारी और नर्सिंग होम में लगभग 20,000 बेड हैं. अधिकांश में डिस्पोजल की व्यवस्था नहीं है. इसके अतिरिक्त जहरीले धातु, अर्सेनिक, क्रोमियम, लेड, जिंक, पारा, कोबाल्ट और कॉपर भी निकलता है. लेकिन सूबे के अधिकांश अस्पतालों में डिस्पोजल की व्यवस्था ही नहीं है.

**झारखंड में मौजूद 80 उद्योग से कचरा :** झारखंड में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से जारी सूची में कहा गया है कि प्रदूषण फैलानेवालों में कॉस्टिक सोडा की एक, 18 थर्मल पावर प्लांट, एक डिस्टलरी, तीन आयरन स्टील प्लांट, 48 स्पंज आयरन इंडस्ट्रीज, छह सीमेंट फैक्ट्री और दो कॉपर इंडस्ट्रीज शामिल हैं. इसमें मुख्य रूप से एमएस जिंदल स्टील एंड पॉवर लिमिटेड, बिहार फॉउंडरी एंड कॉस्टिंग लिमिटेड आदि का नाम शामिल है.

### कचरा और प्रदूषण से घट रही उम्र

शिकागो विश्वविद्यालय, अमेरिका की शोध संस्था 'एपिक' द्वारा तैयार 'वायु गुणवत्ता जीवन सूचकांक' के नये विश्लेषण के अनुसार वायु प्रदूषण की गंभीर स्थिति के कारण झारखंड के नागरिकों की 'जीवन प्रत्याशा' औसतन 4.4 वर्ष कम हो रही है. जीवन प्रत्याशा में उम्र बढ़ सकती है अगर यहां के वायुमंडल में प्रदूषित सूक्ष्म तत्वों एवं धूलकणों की सघनता 10 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर तक सीमित हो. एक्यूएलआई के आंकड़ों के अनुसार राजधानी रांची के लोग 4.1 वर्ष ज्यादा जी सकते थे, अगर विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशानिर्देशों को हासिल कर लिया जाता.

### खनन क्षेत्रों में पानी की गुणवत्ता पर भी असर

प्रदूषण बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार कोयला खनन क्षेत्रों में पानी की गुणवत्ता पर भी असर दिखा है. बोर्ड ने खनन क्षेत्र में मौजूद जलाशयों, पोंड के पानी को परिस्कृत करने अंडरग्राउंड वाटर रीचार्ज करने का निर्देश दिया है. रेलवे साइडिंग तथा कोल डंपिंग क्षेत्र में ऊंची दीवार बनाने, कोयला ढुलाई क्षेत्र में स्प्रींकलर के जरिये पानी का छिड़काव करने की बातें कही गयी है. बड़े पैमाने पर पौधारोपण करने के निर्देश भी दिये गये हैं. प्रदूषण फैलाने और गाइडलाइन का उल्लंघन करने वाले उद्योगों पर कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गयी है.

### ऐसे बढ़ रहा है झारखंड में कचरा से प्रदूषण

- कार्बन डाईऑक्साइड : 40 से 50 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर (मानक 80माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर)
- **सल्फर डाईऑक्साइड : 60 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर (मानक : 80माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर)**
- कार्बन मोनोऑक्साइड : 1000 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर (मानक : 2000 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर)
- **पार्टिकुलेट मैटर(धूलकण सहित अन्य धातू) : 80-110 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर (मानक : 100 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर)**

### आठ शहरों में क्लीन एयर एक्शन प्लान भी ठप

राज्य के आठ शहरों की आबो-हवा अब शुद्ध रखने के लिए क्लीन एयर एक्शन प्लान बनाया गया. यह प्लान खास कर रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, रामगढ़, चाईबासा, दुमका, साहेबगंज और पाकुड़ के लिए था. राज्य के अलग-अलग हिस्सों में 15 से 20 मॉनिटिरिंग डिवाईस लगाई जानी थी. इस एक्शन प्लान को अमलीजामा पहनाने के लिए बड़े पैमाने पर योजना भी बनाई गई. इन शहरों में प्रदूषण स्तर समेत अन्य पहलुओं पर गहन रिसर्च किया जाता. नेशनल ग्रीन एयर प्रोग्राम के तहत देश भर से 122 शहरों का चयन किया गया था.

**655 करोड़ का एक्शन प्लान कागजों में ही सिमटा**

सूबे को प्रदूषण मुक्त करने के लिए 655.5 करोड़ का एक्शन प्लान बना. इस प्लान को भारत सरकार ने भी स्वीकृति दी. माइनिंग क्षेत्र में खनन से होने वाले प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए 326 करोड़ के एक्शन प्लान को स्वीकृति मिली थी. जबकि शहरी क्षेत्रों में प्रदूषण रोकथाम के लिए 329.50 करोड़ का प्लान था. प्रदूषण की मुख्य वजह सड़कों पर कोयला लदे वाहनों की ट्रांसपोर्टिंग बताई गई है. कोयला खनन में सल्फरडाई आॅक्साइड और नाईट्रोजन की अधिकता ज्यादा पाई गई है.

## चुनाव में हेल्पलाइन सेंटर की भूमिका महत्वपूर्ण : के. रविकुमार

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के निर्देश पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत लोक सभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर सभी जिलों से आये हेल्प डेस्क प्रबंधकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को संपन्न हो गया. इसमें विभिन्न जिलों से आये 102 हेल्प डेस्क मैनेजरों को लोक सभा आम चुनाव के लिए स्वीप एक्शन प्लान, जन शिकायत निवारण पोर्टल एनजीएसपी 2 एवं 1950 वोटर हेल्पलाइन सहित कई तकनीकी बिंदुओं पर विस्तृत रूप से प्रशिक्षण दिया गया. हेल्प डेस्क प्रबंधकों को इस बात का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया कि 1950 वोटर हेल्प लाइन पर प्राप्त होने वाली नागरिक शिकायतों को तत्परता से निष्पादन करवाने में वे कैसे अपनी भूमिका को और भी बेहतर कर सकते हैं. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने प्रबंधकों को संबोधित करते हुए कहा कि चूंकि वे ऐसे फ्रंट लाइन कर्मियों के रूप में सेवाएं दे रहे हैं, जहां उनका संवाद सीधे नागरिकों से होता है, इसलिए उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है. राज्य के मतदाताओं से जो सुझाव और शिकायतें हेल्पलाइन सेंटर को प्राप्त हों, उन्हें भी डिजिटाइज जरूर करें ताकि मुख्यालय स्तर तक सही फीडबैक पहुंचे. प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचन से जुड़े विभिन्न आईटी एप्लीकेशन जैसे सी-विजिल, केवाईसी, सुविधा ऐप-पोर्टल सक्षम ऐप आदि के बारे में भी बताया गया. आसन्न लोकसभा आम चुनाव को देखते हुए स्वीप के कार्यक्रमों में सोशल मीडिया का किस प्रकार प्रयोग कर अधिक से अधिक लोगों तक जुड़ा जाए.

## झामुमो कार्यकर्ताओं के उपवास का दूसरा दिन

# हेमंत को साजिश कर भेजा गया जेल

विशेष संवाददाता। रांची

रांची के मोरहाबादी स्थित बापू की प्रतिमा के समक्ष दूसरे दिन भी झामुमो रामगढ़ जिलाध्यक्ष विनोद किस्कू के नेतृत्व में उपवास कार्यक्रम हुआ. कार्यक्रम मे रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम के नेतृत्व में रांची जिला समिति भी शामिल हुई.

इस अवसर पर रामगढ़ जिला अध्यक्ष विनोद किस्कू ने कहा झारखंड के युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जनता ने 5 साल के लिए बहुमत दिया था, और वह साढ़े 3 करोड़ जनता के घर-घर तक योजनाओं को पहुंचाने का काम कर रहे थे. इसी को देखते हुए भाजपा और केंद्र सरकार द्वारा साजिश के तहत उनको जेल भेजा गया है. मौके पर रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा जिस प्रकार भाजपा और केंद्र ने साजिश करके हमारे युवा मुख्यमंत्री को जेल भेजने का काम किया है. इससे हमारी पार्टी के साथ-साथ झारखंड की जनता भी दुखी है और उनमें आक्रोश है. हम इसी के तहत संयमित माध्यम से इस उपवास कार्यक्रम में उपस्थित हुए हैं. आने वाले 2024 के चुनाव में मैं आपको बता दूं कि झारखंड से भाजपा का खाता भी नहीं खुलेगा.

कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव नंदकिशोर मेहता, केंद्रीय सदस्य समनूर मंसूरी, भुन्नू महतो, जिला सचिव डॉ हेमलाल मेहता, रामगढ़ जिला सचिव विनोद कुमार महतो, जिला उपाध्यक्ष चित्रगुप्त महतो, रांची जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, रामानंद बेदिया, बीरू साहू, रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष मो आजाद अंसारी, महेश ठाकुर, महेंद्र मुंडा, रामशरण तिर्की, अंतू तिर्की, तालकेश्वर महतो, बीरू साहू, अरुण वर्मा, लालजी रमण, आफताब आलम, महावीर विश्वकर्मा, जिला प्रवक्ता अरविंद सिंह देवल, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नयन तारा उरांव, कोषाध्यक्ष उषा उरांव, महानगर अध्यक्ष संध्या गुड़िया, जिला संगठन सचिव सुजित उपाध्याय, महिला मोर्चा महानगर उपाध्यक्ष लीना वर्मा, संजय राय, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष फरीद खान, उपाध्यक्ष परवेज़ आलम, सचिव सुजित कुजुर, कोषाध्यक्ष विलियम रिचर्ड लकड़ा, अनमोल रतन सांचा, एजाज़ शाह, क्रीड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रदीप मिर्धा, राजेश सिंह, परविंदर नामधारी, कांके प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी, सचिव नवीन तिर्की, खेलारी प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान, चान्हो प्रखंड अध्यक्ष मकेश्वर राम महली, सचिव प्रदीप उरांव, युवा मोर्चा जिला सचिव सोनू मुंडा, संगठन सचिव विश्वजीत गोप, गोपाल पांडे, मंटू पांडे, अख़्तर मंसूरी, अरविंद ठाकुर, साहिल यादव, लक्ष्मण राम, इबादत अंसारी, अरुण तिर्की, कृष्णा तिर्की, राकेश वर्मा, अमन खान, गोलू गोल्डी, गौरव, ओम शर्मा, मुस्लिम अंसारी, मो गुड्डू, राजेश प्रसाद, हरीश महतो, बबलू, भोलू मलिक, बंशीधर ठाकुर, आलम अंसारी, अनिल कुमार राम, ईश्वर महतो, सुभाष प्रजापति, दीपक इंदवार, चितरंजन सिंह एवं अन्य सैकड़ो कार्यकर्तागण शामिल हुए.



**खास बातें**

- केंद्र और भाजपा ने साजिश के तहत भेज दिया जेल
- पार्टी के अलावा झारखंड की जनता भी दुखी है

# कृषि विभाग के 20 अफसरों का तबादला

**रांची।** कृषि विभाग ने 20 अफसरों का तबादला कर दिया है. शुक्रवार को इसका आदेश जारी कर दिया गया.

| नाम | कहां गए |
|---|---|
| अशोक सम्राट | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी (सामान्य), देवघर |
| कमल कुमार कुजूर | सहायक निदेशक (सर्वे), भूमि संरक्षण, हजारीबाग |
| सत्य प्रकाश, | जिला कृषि पदाधिकारी, दुमका |
| मुक्ता रानी | सहायक मिट्टी रसायनज्ञ, लातेहार |
| उषा कुमारी, | भूमि संरक्षण (सर्वे) पदाधिकारी, पलामू |
| निकहत परवीन | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी (सामान्य), चतरा |
| कुन्ती कुमारी | सहायक बीज परीक्षण पदाधिकारी, साहिबगंज |
| श्रवण खलखो | सहायक निदेशक (सांख्यिकी एवं मूल्यांकन) |
| जनार्दन शर्मा | जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी, धनबाद |
| राम कुमार | भूमि संरक्षण पदाधिकारी, रांची |
| श्रुति भारती | अतिरिक्त प्रभार सहायक कृषि निदेशक, गुण नियंत्रण (उर्वरक), रांची |
| रेशु भारद्वाज | अतिरिक्त प्रभार सहायक मिट्टी रसायनविद, मिट्टी जांच प्रयोगशाला, रांची |
| रंजीत कुमार मण्डल | अतिरिक्त प्रभार सहायक बीज परीक्षण पदाधिकारी, रांची |
| रूपक कुमार | अतिरिक्त प्रभार सहायक अभियंता, उप निदेशक, भूमि संरक्षण रांची |
| मुकेश कुमार गागराई | अतिरिक्त प्रभार अनुमंडल कृषि पदाधिकारी (सामान्य), रांची |
| राम शंकर प्रसाद सिंह | अतिरिक्त प्रभार जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, रांची |
| राहुल कुमार गुप्ता | भूमि संरक्षण पदाधिकारी साहेबगंज |
| रितेश कुमार यादव | भूमि संरक्षण अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र, डेमोटांड, हजारीबाग |
| हिमांशु कुमार | भूमि संरक्षण पदाधिकारी, चतरा |
| मुकेश कुमार | अतिरिक्त प्रभार भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गोड्डा |

## झारखंड में चार वर्षों तक भ्रष्टाचार व लूट का खेल चला : प्रतुल

**रांची।** भाजपा ने झारखंड सरकार को भ्रष्टाचार और लूट का खेल खेलने वाली सरकार बताया है. प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि झारखंड में 'फाइल और फोल्डर' वाली सरकार ने 4 वर्षों तक भ्रष्टाचार और लूट का खेल खेला है. झारखंड में तो आकर फाइल और फोल्डर का मतलब ही बदल जाता है. बताया जा रहा है कि आर्किटेक्ट विनोद और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बीच जो व्हाट्सएप चैट था, उसमें लाख रुपये की डील के लिए कोड नेम फाइल और करोड़ के लिए कोड नेम फोल्डर का प्रयोग किया जाता था. प्रतुल ने कहा कि इसी फाइल और फोल्डर वाली सरकार ने झारखंड के पिछले चार वर्षों में 70,000 करोड़ का घपला घोटाला किया है. आने वाले दिन में कई सफेदपोश भी इस लूट के खेल में बेनकाब होंगे.

CLASSIFIED



























राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | शनिवार, 17 फरवरी 2024 ● माघ शुक्ल पक्ष 08, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 8 ● वर्ष : 1, अंक : 300 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

### आठ साल के मासूम की हत्या के बाद स्थानीय लोगों का गुस्सा उबाल पर, पूर्व विधायक के साथ ग्रामीणों ने घेरा थाना

# मासूम दीपक के हत्यारों को फांसी दो.. थानेदार को बर्खास्त करो...

**संवाददाता । हजारीबाग**

हजारीबाग जिला के बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के चलकुशा प्रखंड के चलकुशा प्रखंड मुख्यालय निवासी दिनेश साव के पुत्र दीपक साव (8 वर्ष) का अपहरण कर हत्या कर दी गई. इसके विरोध में शुक्रवार को बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने प्रखंडवासियों के साथ चलकुशा थाना का घेराव किया. इसके बाद पलमा मोड़-केशवरी पीडब्ल्यूडी पथ पर धरना पर बैठ गए. पूर्व विधायक श्री यादव और स्थानीय लोगों ने चलकुशा थाना प्रभारी को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करने की मांग की. वहीं मासूम दीपक के परिजनों को बीस लाख रुपये मुआवजा के साथ परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग प्रशासन से की. पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि चलकुशा थाना से महज दो सौ मीटर की दूरी पर हत्यारा घटना को अंजाम दे सकता है, तो प्रखंड का क्या हाल हो चुका है, यह आप खुद समझ सकते हैं. वर्तमान थाना प्रभारी ओमप्रकाश पांडेय ने जब से थाना का प्रभार संभाला है, तब से लगातार चोरी, डकैती और अपहरण की घटनाओं में वृद्धि हुई है.



- परिजनों को 20 लाख रुपये मुआवजा व सरकारी नौकरी देने की मांग
- थानेदार पर गरीबों का शोषण करने और तस्करी करवाने का भी आरोप लगाया

### डीएसपी ने दिया आश्वासन जल्द गिरफ्तार होंगे अपराधी

घटना की सूचना मिलने के बाद धरना स्थल पर बरही डीएसपी नौशाद आलम पहुंचे. उन्होंने पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव और आक्रोशित ग्रामीणों से बात की. ग्रामीणों ने डीएसपी के समक्ष थाना प्रभारी के खिलाफ आरोपों की झड़ी लगा दी. डीएसपी ने ग्रामीणों को समझाते हुये कहा कि हत्यारों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी. मौके पर गणमान्य समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं भारी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे.

## अवैध बालू लेकर जा रहे टर्बो की हाइवा से टक्कर, चार की मौत

**संवाददाता । खूंटी**

जिले में शुक्रवार को दो ट्रकों के बीच टक्कर में चार लोगों की मौत हो गयी. रांची से करीब 40 किलोमीटर कर्रा के चांपी गांव में सुबह सात बजे घने कोहरे की वजह से दो मालवाहक ट्रकों के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गयी. कर्रा थाना प्रभारी पंकज कुमार दास ने बताया कि दुर्घटना में मारे गये लोगों में ट्रकों के चालक और हेल्पर शामिल हैं. उन्होंने बताया, बजरी से लदे एक ट्रक की रेत से लदे दूसरे ट्रक से आमने-सामने की टक्कर हो गयी. दोनों ट्रकों के



चालकों और हेल्परों को सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया. अधिकारी ने बताया कि चारों मृतकों में से तीन की पहचान सिकरा पहान, दिनेश पहान और पंकज मुंडा के रूप में हुई है. चौथे मृतक की पहचान नहीं हो सकी है.

### बगैर नक्शा के बना डाले अपार्टमेंट, मानक पूरा किया या नहीं, जांच ही नहीं की गई

# बगैर एनओसी लिए बिल्डरों ने बना डाले 3879 अपार्टमेंट

**संवाददाता । धनबाद**

कोयलांचल में अग्निशमन विभाग से बगैर एनओसी के बिल्डरों ने मुख्य सड़कों के किनारे और संकरी गलियों में 3879 अपार्टमेंट बना लिए, लेकिन किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने जांच नहीं की. सुरक्षा मानक को पूरा किए बगैर 24 वर्षों में 4532 अपार्टमेंट बन गए. सूत्रों के अनुसार 75 फीसदी बिल्डरों ने माडा, झमाडा और निगम से अधिकारियों से सेटिंग कर नक्शा पास करा लिया. बाकी बगैर नक्शे के ही बहुमंजिली इमारत बना डाली.

अपार्टमेंट के सामने 12 फीट की सड़क और 14 फीट की दूरी पर बिजली की तार होनी चाहिए. स्प्रिंकलर पाइप व फायर फाइटिंग की सुविधा होनी चाहिए. ताकि हादसे होने पर आग से निबटा जा सके. जबकि 95 फीसदी अपार्टमेंट में अग्निसुरक्षा यंत्र के साधन नहीं हैं. यही वजह है कि धनबाद में जब भी अपार्टमेंट में अगजनी की घटनाएं होती है, तो कई लोगों की जान चली जाती है. आग बुझाने में काफी परेशानी होती है. दमकल गाड़ियां भी अपार्टमेंट तक नहीं पहुंच पाती है.



| | | |
|---|---|---|
| अग्निशमन विभाग से नहीं मिली है रजामंदी | 75% बिल्डरों ने माडा, झमाडा और निगम से पास कराया नक्शा | 24 वर्षों में बने 4532 अपार्टमेंट |

### दो भीषण अग्निकांड में 19 की मौत के बाद भी नहीं सुधरे अधिकारी

बैंक मोड़ स्थित टेलीफोन एक्सचेंज रोड के हाजरा हॉस्पिटल और जोड़ाफाटक रोड के निकट आशीर्वाद टावर में जनवरी 2023 में दो भीषण अग्निकांड में 19 लोगों की मौत के एक साल बाद भी संबंधित विभाग के अधिकारी नहीं सुधरे हैं. शहर से लेकर सुदूर इलाकों के अपार्टमेंट-मॉल-मार्केट कांप्लेक्स-सरकारी भवन-स्कूल-हॉस्पिटल में अग्नि सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम नहीं करा सके हैं. अपार्टमेंट व अग्नि सुरक्षा मानकों को पूरा कराने में भवन प्रमंडल, निगम, झमाड़ा व अग्निशमन विभाग के अधिकारी विफल रहे हैं. विदित हो कि 27 जनवरी 2023 को हाजरा हॉस्पिटल में चिकित्सक दंपती समेत 5 की मौत और आशीर्वाद टावर 9 मंजिला अपार्टमेंट में 31 जनवरी को भीषण आग लगने से 14 लोगों की मौत के बाद राज्य सरकार के निर्देश पर जांच टीम बनायी गई थी. टीम के पदाधिकारियों को कहा गया था कि एक माह के भीतर अपार्टमेंट, मॉल, हॉस्पिटल, स्कूल, सरकारी भवन, मार्केट कांप्लेक्स आदि में जांच कर फायर सेफ्टी का पुख्ता इंतजाम कराएं. आजतक अग्नि सुरक्षा के इंतजाम पूरा नहीं हो सका है.

### 500 से अधिक बहुमंजिली इमारतें हैं खतरनाक

अग्निशमन विभाग के अनुसार कोयलांचल में 500 से अधिक बहुमंजिली इमारत खतरनाक हैं. हालांकि सबसे खतरनाक मार्केट कांप्लेक्स व अपार्टमेंट सिटी सेंटर है. जहां आग लगने के बाद दमकल गाड़ियों को खड़ी कर आग बुझाने में काफी परेशानी होगी. बैंकमोड़ के बाद सबसे अधिक ट्रैफिक सिटी सेंटर के पास होता है. सुबह से रात तक ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रहती है. पार्किंग का साधन नहीं है. बेसमेंट में पार्किंग के बदले दर्जनों दुकानों बन गई हैं. सड़क पर ही सैकड़ों गाड़ियां खड़ी रहती हैं. बिल्डर ने कमाई के चक्कर में बेसमेंट को बेच डाला. संबंधित विभाग से नक्शा बनवा कर अपनी मर्जी से बिल्डिंग बनायी है.

### प्रगति नर्सिंग होम में बवाल, डॉक्टर के खिलाफ थाने में शिकायत

# महिला की मौत के बाद हंगामा



**संवाददाता । धनबाद**

सरायढेला स्थित प्रगति नर्सिंग होम में महिला की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा किया और दुर्व्यवहार करनेवाले डॉक्टर के खिलाफ सरायढेला थाना में लिखित शिकायत की गई है. पूर्वी टुंडी चुरूलिया पंचायत की रेखा देवी का इलाज चल रहा था. इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. मरीज की मौत के बाद परिजन आक्रोशित हो गये. गुस्साए परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया. सूचना पाकर सरायढेला थाना प्रभारी नीरज कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाने-बुझाने में जुट गये. मंतोष चारू ने बताया कि उनकी रेखा देवी को पथरी की शिकायत थी. गुरुवार दोपहर करीब डेढ़ बजे इलाज के लिए प्रगति नर्सिंग होम में लाया गया. जांच के बाद डॉक्टर ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कर लिया. रात 10 बजे डॉक्टर ने कहा कि उन्हें आईसीयू में भर्ती किया जाएगा. डॉक्टर के अनुरोध पर वह मरीज को आईसीयू में भर्ती करने के लिए तैयार हो गये. इसके बाद मरीज को आईसीयू में भर्ती कराया गया. इसके बाद दवा मंगाने का सिलसिला शुरू हुआ. वह लगातार दवाइयां लाते और देते रहे.

**रात डेढ़ बजे बिगड़ने लगी मरीज की हालत, आश्वासन देते रहे चिकित्सक :** रात करीब 1.30 बजे मरीज की हालत बिगड़ गयी. डॉक्टर आश्वासन देते रहे कि वह ठीक हो जाएगी. उसके बाद डॉक्टर ने मरीज की स्थिति बिगड़ने और दूसरे अस्पताल रेफर करने की बात कहकर मंतोष चारू से एक कागज पर हस्ताक्षर करवाया, लेकिन कुछ देर बाद ही डॉक्टर ने उसकी पत्नी की मौत की जानकारी दी. मरीज की मौत के बाद डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया गया. पति ने डॉक्टर पर दुर्व्यवहार का भी आरोप लगाया है.

**खास बातें**

- डॉक्टर के खिलाफ दुर्व्यवहार करने का भी आरोप लगाया
- सरायढेला थाना प्रभारी ने लोगों को समझाया-बुझाया

महिला के पति और उनके परिजनों ने पुलिस से डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है. महिला की मौत के बाद अस्पताल में कोई डॉक्टर मौजूद नहीं थे. हंगामे की खबर पाकर सरायढेला थाना प्रभारी नीरज कुमार पुलिस टीम के साथ पहुंचे और लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया.

# टाटानगर लोको शेड में कर्मी की मौत

**संवाददाता । जमशेदपुर**

जमशेदपुर के टाटानगर लोको शेड में शंटिंग के दौरान लोको की चपेट में आकर रेलवे कर्मी शिव शंकर बेरा (45) गंभीर रुप से घायल हो गया. घायल अवस्था में कर्मी निक्सन ने अन्य साथियों के साथ मिलकर शिव शंकर को इलाज के लिए तत्काल रेलवे अस्पताल पहुंचाया जहां से उसकी स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने टाटा मोटर्स अस्पताल रेफर कर दिया.

हालांकि टाटा मोटर्स अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद शिव शंकर को मृत घोषित कर दिया. शिव शंकर पश्चिम बंगाल के नंदीग्राम का रहने वाला था. उसने दो माह पूर्व में नौकरी ज्वाइन की थी.

### शंटिंग के दौरान हुआ हादसा



जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह लगभग 7.30 बजे शिव शंकर एक लोको की शंटिंग करवा रहा था. इसी दौरान उसने लोको पायलट को पीछे आने का इशारा किया. लोको पायलट ने इंजन को पीछे किया. जब लोको पायलट ने पीछे देखा तो शिव शंकर दिखाई नहीं दिया. लोको पायलट इंजन से उतर गया. उसने पाया कि शिव शंकर जमीन पर घायल अवस्था में गिरा हुआ है. इंजन से टकराने के कारण उसे चोट लगी है. उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया पर अस्पताल ले जाने के क्रम में उसकी मौत हो गई.

## हत्या के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास

**साहिबगंज ।** हत्या व रंगदारी के मामले में अभियुक्त पप्पू अंसारी उर्फ मोहम्मद शाह आलम को दोषी पाते हुए शुक्रवार को जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम धीरज कुमार ने सश्रम आजीवन कारावास व 50000 जुर्माना की सुनाई है. मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सकारीगली भगीया मारी थाना तालझारी निवासी महीरूद्दीन का मदन शाही स्थित रेलवे फाटक के समीप एक कपड़े की दुकान है. दुकान से आरोपी पप्पू अंसारी ने 11 अगस्त 2018 को छाता लेकर जाने लगा. दुकानदार के द्वारा पैसा मांगने पर दुकानदार के साथ मारपीट करने लगा. दुकानदार छाता छीनकर अपने पास रख लिया. पप्पू अंसारी दुकान पर आया व महीरूद्दीन पर गोली चला दी. फिर मकान मालिक इजराफिर अंसारी की मृत्यु हो गई.

# फाइलेरिया की दवा खाने से दो छात्राएं बीमार

**संवाददाता । जमशेदपुर**

जमशेदपुर के टिनप्लेट खालसा स्कूल में फाइलेरिया मुक्ति अभियान चलाया गया. इस दौरान स्कूल के कुल 200 बच्चों को फाइलेरिया और कृमि की दवा खिलाई गई. फाइलेरिया की दवा खाकर दो छात्राओं की तबीयत अचानक बिगड़ गई. तबीयत बिगड़ने के बाद आनन-फानन में दोनों छात्राओं को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां दोनों को इलाज चल रहा है. दोनों की हालत में सुधार हो रहा है. बीमार हुईं छात्राओं में स्कूल की पांचवीं कक्षा की छात्रा पार्वती और लक्ष्मी शामिल हैं. दोनों जुड़वां बहनें हैं और सिदगोड़ा के लाल भट्टी की रहने वाली हैं.

### फाइलेरिया की दवा खाने के बाद होने लगी उल्टी



मिली जानकारी के अनुसार फाइलेरिया मुक्ति अभियान के तहत जिले के कई स्कूलों में फाइलेरिया और कृमि की दवाएं दी जा रही हैं. इसी को लेकर शुक्रवार को टिनप्लेट खालसा स्कूल में टीम पहुंची थी. टीम की ओर से 200 बच्चों को फाइलेरिया की दवा दी गई. दवा खाने के थोड़ी देर बाद ही लक्ष्मी और पार्वती को उल्टी होने लगी. दोनों ने पेट दर्द की भी शिकायत की. दोनों को तत्काल इलाज के लिए एमजीएम पहुंचाया गया जहां दोनों को पानी चढ़ाया जा रहा है. फिलहाल दोनों एमजीएम में इलाजरत है.

**मिसाल** | दो दिनों से पेड़ पर चाइनीज धागे से फंसे चील को बचाने के लिए चला अनोखा रेस्क्यू ऑपरेशन

# ...और बेजुबान पक्षी को बचाने उमड़ गये धनबाद के दिलवाले

**शुभम संदेश एक्सक्लूसिव**

**रिजवान शम्स । धनबाद**


वो बेजुबान पक्षी दो दिनों से पेड़ पर उलटा लटका हुआ था. चाइनीज धागे की डोर धीरे-धीरे उसकी जिंदगी को कसती जा रही थी. इस बात की खबर पक्षी प्रेमियों को लगी. फिर शुरू हुआ शहर के सबसे तंग मुहल्ले चीरागोड़ा श्मशान रोड में धनबाद का एक अनोखा रेस्क्यू ऑपरेशन. नगर निगम की स्काई लिफ्ट, वन विभाग के कर्मचारी और मुहल्ले के बाशिंदों के उत्साह ने चार घंटों तक अनेक दिक्कतों के बीच चले इस रेस्क्यू में कामयाबी पाई और आखिर चील की खुले आसमान में ऊंची परवाज को



देखकर सबके मुंह से जीत का शोर गूंज गया, खूब तालियां बजीं और जान जोखिम में देकर चील को बचाने वालों को दुआएं भी मिलीं. चीरागोड़ा श्मशान रोड के राजेश बेंजामीन के मकान के अहाते में एक लिप्टस का पेड़ है, जो करीब 70-80 फीट उंचा है. बुधवार को इस पेड़ के बिलकुल ऊपरी छोर पर एक चील किसी तरह चाइनीज धागे से फंस कर उलटा लटक गया. गुरुवार की शाम तक वह धागे को नहीं तोड़ पाया. तब स्थानीय लोगों ने पक्षी प्रेमी राणा घोष को मामले की खबर दी. राणा घोष अपनी टीम के साथ वहां पहुंचे. पेड़ की ऊंचाई देखकर उन्हें काम खतरनाक लगा, तो उन्होंने धनबाद डीएफओ विकास पालीवाल को फोन कर खबर दी.

बताया कि बिना स्काई लिफ्ट के यह रेस्क्यू संभव नहीं है. तब डीएफओ ने नगर आयुक्त रविराज शर्मा को फोन कर स्काई लिफ्ट वाहन भेजने की दरख्वास्त की. नगर आयुक्त ने तत्काल तेल भरवा कर स्काई लिफ्ट वाहन भेज दिया. अब यहां से असल दिक्कतों का दौर शुरू हुआ. तंग गलियों में स्काई लिफ्ट का पहुंचना ही काफी मुश्किल भरा था लेकिन वाहन चालक मो. हुसैन ने मुहल्ले तक गाड़ी तो पहुंचा दी. लेकिन पेड़ तक पहुंचने के लिए राजेश बेंजामिन के मकान के अंदर उक्त बड़े वाहन को पहुंचाना था. राजेश ने भी पल भर में हामी भर दी लेकिन उनके मेनगेट में वाहन जाते ही वाहन फंस गया. आधा वाहन मेनगेट के अंदर तो आधा सड़क पर था, चूंकि सड़क मात्र दस फीट चौड़ी थी, इस कारण वहां जाम लग गया. आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने सभी वाहन चालकों को दूसरे मार्ग से जाने की बात कही और खुद सड़क पर खड़े हो गए. इधर फंसे वाहन को रास्ता छोटा पड़ रहा था, तो मकान मालिक राजेश ने अपने गेट की दीवार ही तोड़ दी और वाहन के पेड़ तक पहुंचने के लिए रास्ता बनवा दिया.

चार घंटे तक शहर के तंग मुहल्ले में चला रेस्क्यू ऑपरेशन



### 50 फीट तक ही पहुंच पाया स्काई लिफ्ट

स्काई लिफ्ट की क्षमता 50 फीट की ऊंचाई तक जाने की थी, लेकिन पेड़ में जहां चील फंसा था, उसकी ऊंचाई करीब 75 से 80 फीट होगी. यानि अब भी लगभग तीस फीट की कमी थी. तब एक बांस खोजा गया और उसमें रॉड लगाकर ये कमी पूरी की गई. चार बार स्काई लिफ्ट पर सवार राणा घोष और उनके साथी प्रभाकर वर्णवाल ऊपर गए, लेकिन नाकामी हाथ लगी. पांचवीं कोशिश में निशाना सटीक लगा और चील आजाद हो गया. इसके बाद राजेश यानी मकान मालिक ने सभी को धन्यवाद दिया. रेस्क्यू में आफताब आलम, अभिजीत राज, विकास, विजय सिंह, अभिनव सक्रिय रहे.

# दिनदहाड़े घर में घुसकर महिला को मारी गोली

**संवाददाता । मेदिनीनगर**

शहर थाना क्षेत्र के नावाहाता में एक युवक ने एक महिला को गोली मारकर जख्मी कर दिया. घायल महिला का इलाज नावाटोली स्थित नारायण मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में चल रहा है. वहीं, जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन कर रही है. जानकारी के अनुसार, सुबह के लगभग 10 बजे महिला बच्चों को स्कूल भेजने के लिए तैयार कर रही थी, उसी वक्त दो युवक घर में घुसे और महिला को गोली मार दी.

जख्मी महिला नावाहाता निवासी विश्वेश्वर गिरी की बेटी मीनाक्षी कुमारी (32) है और वह अपने मायके में ही रहती है. उसकी शादी गढ़वा जिला के भंडरिया में हुई है. पति भी उसके साथ ही यहीं रहकर व्यवसाय करते हैं. उसके दो छोटे बच्चे हैं. जख्मी महिला ने गोली मारनेवाले का नाम संतोष गोस्वामी बताया है और चार साल पहले वह विश्वेश्वर गिरी के घर में ही किराए पर रहता था. बताया जा रहा है कि संतोष और उसका साला सुबह 10.15 बजे मीनाक्षी के घर पहुंचे और मीनाक्षी को टारगेट कर गोली चला दिया. गोली मीनाक्षी की गर्दन में लगी. घटना की जानकारी मिलते ही एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद, थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवव्रत पोद्दार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे.

**खास बातें**

- मेदिनीनगर के नावाहाता मुहल्ले में घटी घटना
- सुबह 10 बजे दो युवक घर में घुसे और गोली मार दी

## ब्रीफ खबरें

### डॉ फरहत को विद्यालय परिवार ने किया सम्मानित

**गढ़वा** । जिले के रंका अनुमंडल मुख्यालय के दर्जी मोहल्ला निवासी हाजी इकरामुद्दीन की पुत्री डॉ फरहत नाज़नीन को आदर्श बाल विकास विद्यालय के निदेशक रामचंद्र प्रजापति तथा विद्यालय की शिक्षिका संगीता देवी ने संयुक्त रूप से शॉल ओढ़ाकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया. बताते चले की हाल में ही डॉ फरहत नाज़नीन ने किर्किस्तान से एमबीबीएस की पढ़ाई करने के बाद भारत से इंटर्नशिप परीक्षा भी पास कर ली है .इस विद्यालय की छात्रा होने के नाते विद्यालय प्रबंधन में इन्हें सम्मान के लिए आज बुलाया था जहां पर सम्मान समारोह आयोजित कर विद्यालय की छात्रा डॉ फरहत नजमीन को सम्मानित किया.

### डीसी ने निर्वाचन कोषांग के कार्यों की समीक्षा की

**लातेहार।** उपायुक्त गरिमा सिंह के निर्देश पर गठित निर्वाचन कोषांग की एक बैठक वरीय पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता रामा रविदास की अध्यक्षता में आयोजित की गई. बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों से संबंधित विभिन्न पहलूओं पर चर्चा की गई. वरीय पदाधिकारी ने अन्य सभी कोषांगों के साथ समन्वय स्थापित कर समय पर कार्य पूर्ण करने का दिशा निर्देश दिया. बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी मो परवेज आलम, कार्यपालक दंडाधिकारी अनिल कुमार मिंज आदि शामिल थे.

### मोदी सरकार को तमाचा है सुप्रीम कोर्ट का आदेश: बिट्टू

**मेदिनीनगर।** जिला कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को छहमुहान पर पीएम मोदी का पुतला दहन किया.चुनावी बांड को काला धन रूपांतरण योजना मानते हुए सुप्रीम कोर्ट द्वारा इसे असंवैधानिक घोषित किए पर पलामू जिला कांग्रेस ने मोदी सरकार का पुतला दहन किया. कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि 2017 में जब चुनावी बांड योजना को वित्त विधेयक के रूप में पेश किया गया था तो कांग्रेस ने सबसे पहले इसकी अपारदर्शी और अलोकतांत्रिक और हानिकारक प्रकृति का स्पष्ट रूप से निंदा की थी . पुतला दहन कार्यक्रम में प्रदेश सचिव रामाशीष पांडे, पूर्णिमा पांडे, विमला कुमारी, विनोद तिवारी, ईश्वरी प्रसाद सिंह आदि शामिल थे.

### श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण शुरू

**कांडी।** प्रखंड के ग्राम राणाडीह में श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ महोत्सव का विराट चौतिसवां अधिवेशन की शुरुआत हनुमत ध्वज की स्थापना के साथ शुरू हुआ. 24 फरवरी तक चलने वाले यज्ञ में सुबह से शाम तक वाराणसी से पधारे आचार्य अवधेश मिश्रा द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ पूजन पाठ का आयोजन शुरू हुआ वहीं नौ पंडितों द्वारा सुबह से शाम तक रामायण का जाप किया जा रहा है.श्रीराम के नगरी अयोध्या धाम से पधारी देवी धर्ममूर्ति द्वारा संगीतमय प्रवचन किया जा रहा है.प्रथम दिन प्रवचन सत्र में देवी धर्ममूर्ति ने सजा दो गुलशन को अवध में राम आये हैं.

### रेडक्रास के पदाधिकारियों ने डीसी से मुलाकात की

**लातेहार।** रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को उपायुक्त गरिमा सिंह से उनके कार्यालय वेश्म में मुलाकात की और बुके भेंट कर स्वागत किया. मौके पर अध्यक्ष श्री गुप्ता ने रेडक्रास सोसायटी की गतिविधियों से उपायुक्त को अवगत कराया और हर संभव मदद देने की बात कही. उपायुक्त ने भी रेडक्रास सोसायटी के तत्वावधान में रक्तदान शिविर समेंत अन्य गतिविधियां करने की अपील की. उन्होने कहा कि भारतीय रेडक्रास सोसायटी का स्वस्थ्य समाज निर्माण में एक अहम योगदान है.

## छोटानागपुरिया तेली समाज का वार्षिक जतरा सह सामूहिक विवाह 18 को

# जो तेली हित में बात करेगा, समाज उसके साथ: साहु

**संवाददाता। गुमला**

छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज के जिला अध्यक्ष श्याम सुंदर साहु और मुख्य संरक्षक हीरा साहु ने संयुक्त रूप से कहा कि जो तेली हित के बाद करेगा वही सता में राज करेगा. तेली से दुश्मनी राजनीतिक पार्टियों को महंगा पड़ेगा. 18 फरवरी को होने वाले वार्षिक तेली जतरा सह सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारी के मद्देनजर करौंदी रथ बगीचा में शुक्रवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में श्याम सुंदर साहु और हीरा साहु ने यह चेतावनी दी. कहा कि छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज का वार्षिक जतरा सह सामूहिक




विवाह कार्यक्रम 18 फरवरी को होगा जिसमें दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल के लगभग 20 हजार तेली एकत्रित होंगे. बतौर मुख्य अतिथि सीतामढ़ी बिहार के स्वजातीय सांसद सुनील कुमार पींटू और बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद को आमंत्रित किया गया है. मेला का उद्देश्य सामाजिक एकजुटता, सांस्कृतिक विरासत की रक्षा और गरीब बेटियों का विवाह है. मेला में क्षेत्रीय व जनजातीय व्यंजनों के स्टॉल लगाए जाएंगे.

रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. 21 गरीब कन्याओं का विवाह कराया जाएगा जिसमें सभी जाति के गरीब कन्या शामिल हैं. एक सवाल के जवाब में कहा कि तेली जाति को एसटी में शामिल करने की हमारी मांग जारी रहेगा. स्थानीय सांसद विधायक मुख्यमंत्री ने वादा कर के भी हमारी मांग को गंभीरता से नहीं लिया है. लोक सभा चुनाव के बाद एक प्रतिनिधि मंडल सीधे प्रधानमंत्री से मुलाकात करेंगे और छोटानागपुर में बसने वाले तेली के वस्तु स्थिति से अवगत कराएंगे. जो तेली जाति के साथ रहेगा तेली जाति उसका साथ देगा.प्रेस वार्ता में महासचिव शिव चरण साहु, दीपक साहु, भूपन साहु, कल्याण साहु आदि शामिल थे.

### आईयूसीडी इनसर्शन का पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**लातेहार।** सदर प्रखंड के सीएचसी के सभागार में परिवार नियोजन कार्यक्रम को लेकर सभी एएनएम व सीएचओ को आईयूसीडी इनसर्शन को लेकर आयोजित पांच दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शुक्रवार को संपन्न हो गया. मौके पर प्रशिक्षण में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को डॉ राजेश कुमार झा के द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया. पांच दिवसीय प्रशिक्षण में प्रथम पुरस्कार पूनम आइंद , द्वितीय पुरस्कार दिलेश्वरी टोप्पो , तृतीय पुरस्कार कंचन कुमारी को दिया गया. इस मौके पर सुनील कुमार, संध्या अरुणा सिंह , कुसुम कुमारी , सत्यप्रकाश , आशा रानी कन्डूलना , पूनम कुमारी, एली संजीता एक्का , रेवती रमण, किरण कुमारी, ज्योति तिग्गा, शोभावती कुमारी, कंचन कुमारी, कविता नगेशिया व कल्पना कुमारी समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे.

## उपायुक्त ने समग्र शिक्षा अभियान के कार्यों की समीक्षा की, दिए कई निर्देश

# मिशन मोड में बच्चों के बैंक खाते खुलवाएं

**संवाददाता। मेदिनीनगर**

उपायुक्त शशि रंजन ने गुरुवार को शिक्षा विभाग द्वारा जिले में संचालित समग्र शिक्षा अभियान की समीक्षा की.इस दौरान उन्होंने सभी बीपीओ व बीपीएम का बायोमैट्रिक अटेंडेंस से अवगत हुए.उन्होंने पाया कि कई बीपीएम द्वारा 11 बजे के बाद अटेंडेंस बनाया गया है वहीं कईयों के द्वारा शाम को अटेंडेंस क्लोज़ नहीं किया गया इस दौरान उन्होंने सभी को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि 11 बजे के बाद का अटेंडेंस नहीं माना जाएगा,बेहतर होगा आप सभी 10 बजे तक अपने-अपने कार्यस्थल पर पहुंचना सुनिश्चित करें अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी.इसी में लेस्लीगंज के बीपीओ का कम अटेंडेंस रहने पर उनसे स्पष्टीकरण पूछा गया वहीं मोहम्मदगंज की बीपीएम रंजना भारती का अटेंडेंस कम रहने पर उनका 10 दिन का वेतन काटा गया.उपायुक्त श्री रंजन ने वैसे पारा शिक्षक जिनका सभी स्तर का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन पूर्ण हो गया है उन सभी का सेवा संपुष्टि करने की बात कही.

**मिशन मोड में बच्चों का बैंक खाता खुलवाने के निर्देश :** बच्चों का बैंक खाता खोलने विषयक पर समीक्षा करते हुए उन्होंने इस कार्य को मिशन मोड में करने की बात कही.उन्होंने कहा कि सभी बच्चों का अनिवार्य रूप से बैंक खाता रहे यह सुनिश्चित होना चाहिए.उन्होंने इस कार्य में एलडीएम के साथ बेहतर समन्वय



**खास बातें**

- मोहम्मदगंज के बीपीएम का 10 दिन का कटा वेतन
- लेस्लीगंज के बीपीओ को शोकॉज,मांगा जवाब

स्थापित करते हुए सभी योग्य बच्चों का खाता खुलवाने का निर्देश दिया.इसी तरह उपायुक्त ने पुस्तक वितरण,पोशाक वितरण, छात्रवृत्ति,एसएमसी ट्रेनिंग,पारा टीचर का सर्टिफिकेट वेरीफिकेशन, सहायक शिक्षकों का सेवा संपुष्टि आदि की समीक्षा कर कई निर्देश दिए.मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक मनोज कुमार,उपरोक्त के अलावे सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, अकाउंटेंट, बीपीओ, विभिन्न वार्डन समेत अन्य उपस्थित थे.

### उपायुक्त ने समाज कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा की

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने शुक्रवार को समाज कल्याण विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यो की समीक्षा की. समाहरणालय के सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने उपस्थित सभी सीडीपीओ एवं एलएस से पोषाहार वितरण की जानकारी ली तथा सभी को ससमय शत प्रतिशत पोषाहार वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया .उन्होंने सभी सीडीपीओ को उनके क्षेत्र अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों को नियमित रूप से संचालित कराने की बात कही .उपायुक्त ने मातृत्व वंदना योजना की प्रखंड वार समीक्षा की,इस दौरान उन्होंने बैठक में मौजूद सभी एलएस से दिये गये लक्ष्य के विरुद्ध अचीवमेंट की जानकारी ली.इस कार्य में शिथिलता बरतने को लेकर छत्तरपुर के दो एलएस को शोकॉज़ किया गया.वहीं बायोमेट्रिक में अटेंडेंस कम रहने के कारण पाटन के भी एक एलएस को शोकॉज किया गया. इसी तरह सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने पाया के जिले में 62 हज़ार लक्ष्य के विरुद्ध 58 हज़ार बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से आच्छादित किया गया है.इस दौरान उपायुक्त ने चैनपुर,पाटन व हुसैनाबाद के एलएस को इस कार्य में तेज़ी लाने की बात कही गयी.इसी तरह उपायुक्त ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सुकन्या समृद्धि योजना,मुख्यमंत्री कन्यादान योजना,लक्ष्मी लाडली योजना की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये.मौके पर समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान सभी एलएस,समाज कल्याण के ज़ीशान समेत अन्य उपस्थित थे.

### डीसी ने जनता दरबार में सुनी लोगों की समस्याएं

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने आज समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया. जनता दरबार में आए फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गई एवं उसके निष्पादन हेतु उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया .आज के जनता दरबार में भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, योजना का लाभ समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की बारी-बारी से उपायुक्त द्वारा समस्या सुनी गई एवं यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया गया .सर्वप्रथम ग्राम नावाडीह प्रखंड डंडई निवासी सरोज देवी, बुधनी देवी समेत अन्य ने अबुआ आवास योजना के तहत आवास का लाभ लेने के संबंध में आवेदन दिया. मामले में आवश्यक कार्रवाई हेतु सिविल सर्जन गढ़वा को निर्देशित किया गया. भंडरिया प्रखंड के खजूरी निवासी रामप्रीत यादव ने आवेदन देते हुए बताया कि वर्ष 2016 में उनके एक पुत्र को नक्सलियों द्वारा हत्या कर दी गई थी, उन्होंने मुआवजा एवं नौकरी के संबंध में आवेदन दिया, गढ़वा प्रखंड के करमडीह ग्राम निवासी बसंत राम ने कूप निर्माण का पैसा नहीं मिलने के संबंध में आवेदन दिया.

## किसान आंदोलन के भारत बंद के समर्थन में एनएच-143 किया जाम



**संवाददाता। सिमडेगा**

न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानूनी गारंटी समेत अन्य मांगों को लेकर किसान संगठनों ने मजदूर यूनियनों के साथ मिलकर आज शुक्रवार भारत बंद (ग्रामीण) का ऐलान किया है. भारत बंद को सिमडेगा जिले के कांग्रेस, झामुमो और झापा का समर्थन मिला है. कार्यकर्ता और नेताओं ने बस स्टैंड के समीप एनएच-143 सिमडेगा जाम कर दिया है. सड़क पर बैठने की वजह से वाहनों के परिचालन को रोक दिया गया है. झापा पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष

**खास बातें**

- इंडिया के नेताओं ने केंद्र सरकार पर जमकर बरसे
- नेताओं के धरने के कारण वाहनों की गली लंबी कतार

सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहा कि झारखंड पार्टी किसानों के साथ है. वहीं जेएमएम भी देशव्यापी बंदी के समर्थन में है. इसको लेकर सारी रूट की बसों का भी परिचालन बंद है. सिमडेगा पुलिस व प्रशासन भी बंदी को लेकर अलर्ट मोड पर है.

### महर्षि दयानंद सरस्वती के जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा

**लातेहार।** शहर के जलता स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल के तत्वावधान में आर्य समाज संस्थापक व महान समाज सुधारक महर्षि दयानंद सरस्वती की 200 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत शोभा यात्रा निकाली गयी. शोभायात्रा का शुभारंभ समाहरणालय द्वार से की गयी. बतौर मुख्य अतिथि विद्यालय के लोकल मैनेजिंग कमेटी के वाइस चेयरमैन सुशील कुमार अग्रवाल, प्राचार्य घनश्याम कुमार सहाय और वैश्य समाज के अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद ने संयुक्त रूप से आर्य समाज का प्रतीक ओम ध्वज दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया. सुशील कुमार अग्रवाल ने कहा कि महात्मा दयानंद सरस्वती ने वेदों की ओर लौटने का संदेश समाज को दिया था. प्राचार्य सहाय ने कहा कि दयानंद सरस्वती ने कर्म और पुनर्जन्म के सिद्धांत की वकालत की. शोभा यात्रा शहर के मुख्य पथ होते हुए कारगिल पार्क पहुंची. शोभा यात्रा में छात्र शशांक विशेन ने दयानंद सरस्वती की की जीवंत झाँकी स्वरूप पेश किया.

## रसोईया संघ ने निकाली आक्रोश रैली, सरकार के खिलाफ लगे नारे



**संवाददाता। लातेहार**

झारखंड राज्य विद्यालय रसोईया संघ के तत्वावधान में छह सूत्री मांगों को लेकर शुक्रवार को जिला मुख्यालय में आक्रोश रैली निकाली. नेतृत्व भाकपा माले के जिला सचिव बिरजू राम ने किया. रैली बाजारटांड़ से शुरू हुई और मेन रोड़ होते हुए समाहरणालय पहुंची. रसोईया संघ की जिला अध्यक्ष लीलावती देवी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार दोनों रसोइयों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है. उन्होंने बताया कि गत तीन अगस्त को रसोईया संघ के नेताओं ने सरकार के प्रतिनिधियों से बात कर छह सूत्री मांगों को लागू करने का वादा किया था. परंतु सरकार अपने वादा से मुकर गई. कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे बिरजू राम ने कहा कि राज्य सरकार 80 हज़ार रसोइयों का मांग को मानने के बजाय मध्याह्न भोजन योजना को प्राइवेट कंपनी को दे रही है. इस निर्णय से रसोइयों का रोजगार छिन जाएगा और उनका जीना मुश्किल हो जाएगा. रीना देवी ने कहा कि साल भर काम करने के बावजूद स्कूल में काम कर रहे रसोइयों को 10 माह का मानदेय ही दिया जाता है, यह गलत हैं.

## आयोजन

## मंत्री मिथिलेश ठाकुर के जन्मदिन पर मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन

# पार्टी के लिए कार्यकर्ता खून ही नहीं, जान देने को भी तैयार : झामुमो

**संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के जन्मदिन के अवसर पर उनके गढ़वा, कल्याणपुर स्थित आवास पर शुक्रवार को मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. इस दौरान झामुमो कार्यकर्ताओं ने 73 यूनिट रक्तदान किया. जबकि झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने मंत्री श्री ठाकुर के जन्मदिन के मौके पर छठ रक्तदान किया. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केक काटकर मंत्री श्री ठाकुर का जन्मदिन मनाया. साथीएल ही एक दूसरे को केक एवं मिठाइयां खिलाया. सभी रक्तदाताओं को मंत्री श्री ठाकुर की



मंत्री को जन्मदिन पर केक काटते झामुमो कार्यकर्ता.

ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया. मंत्री ने कार्यकर्ताओं के जज्बे को सलाम करते हुए उन्हे धन्यवाद दिया.

मौके पर धीरज दुबे ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल, नेता, मंत्री, विधायक के कार्यकर्ताओं द्वारा अब तक यह सबसे बड़ा रक्तदान है. पार्टी के अधिकतम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता रांची गए हुए हैं. यदि सभी गढ़वा में रहते तो 150 यूनिट से

**खास बातें**

- झामुमो कार्यकर्ता ने 73 यूनिट रक्तदान किया
- मंत्री ने कार्यकर्ताओं के जज्बे को सलाम किया

अधिक रक्तदान होता. उन्होंने कहा कि मंत्री श्री ठाकुर ने गढ़वा में पत्थर पर दूब उगाने का काम किया है. गढ़वा सहित संपूर्ण झारखंड के विकास की सोच उनकी काबिले तारीफ है. वे जिस गति से गढ़वा एवं पार्टी को आगे ले जा रहे हैं आने वाले समय में गढ़वा राज्य का सबसे विकसित जिला बनेगा. जिससे जनता को हर सुविधा उपलब्ध कराई जा सके. पार्टी एवं क्षेत्र के प्रति समर्पण व वफादारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर से ही सीखने को मिलता है. रक्तदान करने वालों में मुख्य रूप से केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, नवीन तिवारी, राकेश तिवारी, राजीव ठाकुर, राजन उराँव, दीपक कुशवाहा, रूस्तम अंसारी, मोहन राम, अखिलेश चंद्रवंशी, शुभम गुप्ता, भागीरथी सिंह खेरवार, सोनल कुमार, सत्यम सिंह, सूरज कुमार, प्रदीप उराँव, गिरजा देवी, फूलकुमारी देवी, सुनील कुमार पासवान, अंतू दास, किशोर कुमार ओझा, राकेश तिवारी, नारद सिंह आदि का नाम शामिल है.

### व्यवहार कुशल, मेधावी व मिलनसार थी अदिति: शुक्ला

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर के हमीदगंज स्थित विभाकर नारायण पांडेय के आवास पर गुरुवार को शोक सभा आयोजित हुई. इसमें ॠत्विज समाज के संरक्षक दीपक तिवारी की पुत्री अदिति पांडेय के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी गई. संस्था के मुख्य संरक्षक डा. अरुण शुक्ला ने कहा कि अदिति प्राइवेट कंपनी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत थी और वह व्यवहार कुशल, मेधावी एवं मिलनसार थी.गंभीर बीमारी से पीड़ित के कारण इलाजरत अदिति अब आज हम सभी के बीच नहीं है. इलाज के दौरान दिल्ली में बुधवार को उसका निधन हो गया. सचिव मणिकांत उपाध्याय ने अदिति के बारे में बताया कि अदिति विश्रामपुर थाना क्षेत्र के गोदरमा निवासी विजय पांडेय की बहु थी.

## न्यूज अपडेट

### भाजपा ने किया शक्ति वंदन कार्यशाला का आयोजन



**बालूमाथ (लातेहार)।** भाजपा मंडल कार्यालय में शुक्रवार को नारी शक्ति वंदन कार्यशाला का आयोजन किया गया. बतौर मुख्य अतिथि प्रभारी उषा देवी मौजूद थी. अध्यक्षता मंडल प्रभारी विजय यादव ने किया. कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया. कार्यशाला में विशेष रूप से आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बालूमाथ मंडल में नारी शक्ति वंदन, महिला स्वयं सहायता समूह व एनजीओ संपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया. कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी, बालूमाथ उप प्रमुख कामेश्वर राम, अमीत कुमार, सूरज कुमार शाह, ज्योति सिन्हा, पूनम देवी, रीना देवी, रीना देवी, गुलाबी देवी, तपेश्वरी देवी, किरण देवी, मंजू देवी व शर्मिला देवी समेत दर्जनों महिलाए मौजूद थीं.

### झाबर में उप मुखिया ने किया कंबलों का वितरण



**बालूमाथ (लातेहार)।** प्रखंड के झाबर पंचायत के उप मुखिया संदीप उरांव ने शुक्रवार को गरीबों एवं जरूरतमंदो के बीच कंबलों का वितरण किया. उप मुखिया ने बताया कि ठंड को देखते हुए गरीब, वृद्ध एवं असहायों के बीच कंबल का वितरण किया गया. कंबल मिलने के बाद ग्रामीणों ने कहा कि सरकार की कंबल वितरण योजना का लाभ उन्हें मिला है. ठंड से बचने में यह कारगर साबित होगा. इस मौके पर अनेक ग्रामीण मौजूद थे.

### बरवाडीह में किया गया प्रतिमाओं का विसर्जन



**बरवाडीह (लातेहार)।** विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन दूसरे दिन शुक्रवार को भी पूरे भक्तिभाव व पूजा-अर्चना के साथ किया गया. प्रखण्ड मुख्यालय के शांति निकेतन पब्लिक स्कूल में विसर्जन कार्यक्रम के पूर्व महाआरती का आयोजन किया गया. इसके बाद मां की प्रतिमा को लेकर गाजे-बाजे के साथ जुलूस की शक्ल में पूरे क्षेत्र का भ्रमण कराते हुए नदी तट तक ले जाया गया. यहां देवी की प्रतिमा को भावपूर्ण तरीके से विसर्जन किया गया. इस दौरान विद्यालय के बच्चे भक्ति गीतों पर थिरकते नजर आए. विसर्जन के दौरान बच्चों द्वारा मां सरस्वती से विद्या व ज्ञान का वर मांगते हुए उन्हें विदा किया. विसर्जन जुलूस में शामिल छात्र छात्राओं और शिक्षकों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर पूजा की बधाई दी.

### डीसी ने जनता दरबार में ग्रामीणों की सुनी शिकायतें



**लातेहार।** समाहरणालय में आयोजित शुक्रवारीय जनता दरबार में उपायुक्त गरिमा सिंह ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये ग्रामीणों की शिकायतों को सुना एवं उसके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया. उपायुक्त ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जनता दरबार में आये सभी शिकायतों पर कार्रवाई की जायेगी और उनका समाधान किया जायेगा. जनता दरबार में कई महिलाओं ने आबुआ आवास योजना की सूची तैयार करने में अनियमितता बरतने का आरोप लगाया. महिलाओं ने बताया कि योग्य लाभुकों का नाम सूची से हटा दिया गया है. इसके अलावा जनता दरबार में जमीन विवाद व मुआवजा आदि संबंधित आवेदन आये. जनता दरबार में जन शिकायत कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी जितेंद्र कुमार गुप्ता व विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश मौजूद थे.

### पांडू बाजार में चोरों ने 5 लाख के सामान की चोरी की



**पांडु (पलामू )।** बीती रात चोरों ने ब्लॉक के पास सत्यम किराना स्टोर से चोरों ने शटर काटकर पांच लाख् के सामानों की चोरी की है. बताया जाता है कि दुकान 5 लाख का किराना, तेल, फॉर्चून ,जीरा, मैरिच, किशमिश ,काजू, पिस्ता, मुनक्का सहित सामानों को दुकान का शटर काटकर चोरों ने चारपहिया गाड़ी पर लाद कर ले भागे. इसकी सूचना दुकानदार अवधेश शाह ग्राम मूसीखाप को मिली तो अपना दुकान देकर दंग रह गया . इसकी सूचना पांडू थाना को दिया. सूचना पाक थाना के एएसआई मनोज कुमार ने दलबल के साथ आकर चोरों को घर पकड़ करने का सघन अभियान शुरू कर दिया. वही दुकानदार ने बताया इस दुकान पर लगभग 12 से 15 लख रुपए का फाइनेंस भी किया हुआ था.

### आलू दुकान में शटर तोड़कर चोरी का प्रयास



**गुमला।** गुमला में शटर तोड़ कर चोरी की घटना थमने का नाम नहीं ले रही है, वहीं चोर भी पुलिस गिरफ्तार के गिरफ्त से बाहर हैं. थानेदार बदलते ही चोर ने गुमला बाजार टांड़ के आलू प्याज दुकान का शटर तोड़कर चोरी का प्रयास किया है. जानकारी के अनुसार अनिल आलू दुकान में ही चोर को चोरी करने में सफलता मिली है. अनिल साहु के अनुसार दुकान में सिर्फ खुदरा पैसा रहता था. सुरेश वर्मा के आलू दुकान का भी शटर साइड से तोड़ा गया है लेकिन अंदर से ग्रील होने के कारण चोर को सफलता नहीं मिली. आदित्य आलू दुकान में भी शटर तोड़ने का प्रयास किया है. चोरी की सूचना मिलने के बाद चेंबर आफ कामर्स के अध्यक्ष दामोदर कसेरा और अन्य व्यापारियों पहुंचे. सूचना मिलने के एक घंटे तक पुलिस के नहीं पहुंचने से व्यापारियों में आक्रोश था. एक व्यापारी ने बताया कि पिछले सोमवार को मुमताज खाद दुकान से 15 हजार रुपये चोरी हुई थी वहीं बुधवार को खेनी दुकान में काटा आदि की चोरी हुई थी. अनिल साहु ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराया है.

### महारुद्र सहस्त्र चंडी हवनात्मक महायज्ञ शुरू



**गुमला ।** पालकोट के ॠषिमुख पर्वत शिखर आश्रम में 11 दिवसीय श्री श्री महारुद्र सहस्त्र चंडी हवनात्मक महायज्ञ शुक्रवार को कलश यात्रा व मंडप प्रवेश के साथ आरंभ हो गया. यज्ञाचार्य सतीश चंद्र शास्त्री , उपाचार्य सन्तेश्वर पांडेय द्वारा पालकोट निर्झर में वैदिक मंत्रोचारण के साथ गंगा पूजन कराया गया.पांच सौ से अधिक महिलाओं कन्याओं ने निर्झर झरना से नगर कीर्तन व जयकारा करते हुए ॠषिमुख पर्वत शिखर यज्ञ स्थल पहुंचे और विधि विधान से यज्ञ मंडप में प्रवेश किया. श्री श्री 1008 श्री ब्रह्मलीन बाबा कर्मयोगी शिव शम्भुजी महाराज उदासीन आश्रम में वार्षिकोत्सव एवं 87 वां श्री श्री रुद्र सहस्त्र चंडी यज्ञ किया आरंभ किया गया. इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में सुजीत गुप्ता, गौतम हिंदुस्तान, जगदीश राम, रिंकू साहू, नन्द कुमार गुप्ता, अमित मिश्रा, नितिन केसरी, संजय कुमार, शंकर केसरी, प्रकाश गुप्ता ने सहयोग किया.

### सारंडा जंगल के किरीबुरु वन प्रक्षेत्र में हाथियों के हमले के मामलों में हुई वृद्धि

# हाथियों ने मर्चीगड़ा में एक घर को तोड़ा, सामान नष्ट किये

संवाददाता | किरीबुरु

सारंडा जंगल के किरीबुरु वन प्रक्षेत्र अन्तर्गत मर्चीगड़ा गांव निवासी स्व. साहू हपदगड़ा के घर को गुरुवार की रात लगभग 8.30 बजे 8 हाथियों के समूह ने तोड़ दिया. घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं था. साहू और उनकी पत्नी की मौत पहले ही हो चुकी है. उनके चार छोटे-छोटे बच्चों का भोजन व वस्त्र आदि की व्यवस्था लगभग 3 वर्षों तक सामाजिक कार्यकर्ता संतोष पंडा कर रहे थे. संतोष पंडा व चाईल्ड लाइन के संयुक्त प्रयास से चारों बच्चों का जिला प्रशासन द्वारा कस्तूरबा व अन्य सरकारी स्कूल में नामांकन कराया गया है.





#### हाथियों के झुंड में दो बच्चे भी थे

ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 8 हाथी ने घर को चारों ओर से घेर लिया. इसमें दो बच्चे भी थे. हाथियों ने पहले दीवार व छत तोड़ दिया. इसके बाद घर में रखे टेलीविजन, बिस्तर, बर्तन, बक्सा, खटिया आदि सभी सामान को तोड़ दिया. ग्रामीण हाथी को भगाने की काफी कोशिश किये, लेकिन वे भाग नहीं रहे थे. उल्लेखनीय है कि इस घटना से एक दिन पूर्व भी हाथियों ने हिल्टॉप के डालमिया बस्ती के चार ग्रामीणों का घर तोड़ दिया था.

#### कॉरिडोर प्रभावित होने से हाथी हिंसक हुए


सारंडा में हाथी जहां-जहां भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं वह क्षेत्र हाथियों का प्रारम्भ से कॉरिडोर रहा है. हाथियों के कॉरिडोर वाले जंगल को काट व इन्क्रोचमेंट कर दर्जनों नये गांव बसा लिये गये हैं. उनके कॉरिडोर प्रभावित होने की वजह से हाथी हिंसक रुख अपनाये हुये हैं. हाथियों के आतंक से दर्जनों वन व इन्क्रोचमेंट गांव के ग्रामीण भयभीत हैं. इन्क्रोचमेंट वन भूमि पर बसे लोगों को वन विभाग द्वारा मुआवजा भी नहीं दिया जाता है.

### केंद्रीकृत किचन व्यवस्था के विरुद्ध चाईबासा में आज धरना

**चाईबासा।** ज़िला के चार प्रखंडों में मध्याह्न भोजन में केंद्रीकृत किचन व्यवस्था के विरुद्धआज खाद्य सुरक्षा जन अधिकार मंच धरना देगा. बताया जाता है कि ज़िला के चार प्रखंडों सदर, खुंटपानी, झिंकपानी, तांतनगर के सरकारी विद्यालयों में मध्याह्न भोजन में लागू की गयी केंद्रीकृत किचन व्यवस्था को रद्द कर पुरानी व्यवस्था लागू करने की मांग पर खाद्य सुरक्षा जन अधिकार मंच, पश्चिमी सिंहभूम द्वारा 17 फरवरी को पुराना उपायुक्त कार्यालय चाईबासा में सुबह 11 बजे से एक दिवसीय धरना का आयोजन किया जा रहा है. धरने में जिले के विभिन्न प्रखंडों से अभिभावक, बच्चे, मध्याह्न भोजन रसोईया व सामाजिक कार्यकर्ता भाग लेंगे. साथ ही धरने में अर्थशास्त्री सह सामाजिक कार्यकर्ता ज्यां ड्रेज़ भी भाग लेंगे.


## न्यूज अपडेट

### अष्टम पहर व्यापी हरि नाम संकीर्तन संपन्न



**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के गुहियापाल पंचायत अंतर्गत बांकदह गांव में चल रहे हरिनाम संकीर्तन शुक्रवार को दधि महोत्सव के साथ संपन्न हो गया. प्रत्येक वर्ष सरस्वती पूजा के अवसर पर ग्रामीणों द्वारा अखंड हरि नाम संकीर्तन आयोजित किया जाता है. इस उपलक्ष्य पर आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के भक्तजन शामिल होकर हरि नाम संकीर्तन का श्रवण करते हैं. हरिनाम संकीर्तन को सफल बनाने के लिए अध्यक्ष संजीव कुमार बेरा, सदस्य निरंजन महाकुड़, दुश्मनतो महाकुड़, ब्रह्मानंद राउत ,हर प्रसाद राउत, शुभम बेरा, आकाश महाकुड़, सूरज महाकुड़ , डलगोविंद बेरा सहित अनेक ग्रामीण लगे रहे.

### विधायक ने जाहेर गाढ़ सौंदर्यीकरण का किया शिलान्यास




**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखण्ड के समीप अवस्थित जाहेर गाढ़ में शुक्रवार को बहरागोड़ा विधानसभा के विधायक समीर कुमार मोहंती ने भवन का शिलान्यास किया. झारखंड के सदस्यों द्वारा भवन निर्माण की मांग बहुत पुरानी थी जिसे अमल करते हुए विधायक ने बताया कि इस जाहेर स्थान सौंदर्यीकरण होने पर धार्मिक स्थल का महत्व कुछ और ही होती है. इस मौके पर बीस सुत्री अध्यक्ष असित मिश्रा, प्रोफेसर श्याम मुर्मू ,रास बिहारी साउ, गुरुचरण मांडी, मुखिया विधान चंद्र मंडी, मुखिया राम मुर्मू ,मदन मन्ना, विशु ओझा, दुर्गा प्रसाद हाँसदा , शीतल हेंब्रम, सोमाय हाँसदा आदि उपस्थित थे.

### हो को मंत्रिमंडल में स्थान मिलना ऐतिहासिक : बिरूली




**चाईबासा।** वीर सपूतों की भूमि कोल्हान में हो जनजातीय विधायक दीपक बिरूवा को झारखंड सरकार में मंत्री बनाए जाने पर अखिल भारतीय परिसंघ, पश्चिमी सिंहभूम ने हर्ष व्यक्त करते हुए,बधाई एवं शुभकामनाएं दी. साथ ही मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का आभार जताया. लबें समय के इंतजार के बाद झारखंडी पार्टी में किसी हो विधायक को मंत्री बनाया गया है. आज हो समुदाय के लिए ऐतिहासिक और गौरव का दिन है. श्री दीपक बिरुवा अपने संघर्ष के दिनों से ही काफी सुलझे और समस्याओं को लेकर तथा भाषा, संस्कृति व अधिकार को लेकर सदन के पटल पर मुखर होकर रखने में अपनी अमिट छाप छोड़ी है. वास्तविकता में एक आंदोलनकारी नेता के रूप में अपनी पहचान बनाई.

### विधायक ने चार सड़क निर्माण की सीएम से की मांग



**डुमरिया :** विधायक संजीव सरदार ने गुरुवार को मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मुलाकात कर जादुगोड़ा के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल रंकिणी मंदिर के सौंदर्यीकरण और पोटका में डिग्री कॉलेज निर्माण शीघ्र कराने की मांग की है. जिसमे डुमरिया प्रखंड के सेरालडीह से मोंदा, नरसिंहबहाल, बारुनिया होते हुए उड़ीसा सीमाना तक सड़क का निर्माण, मुसाबनी से कोईमा तक 47 किमी सड़क निर्माण, जमशेदपुर प्रखंड के किताडीह न्यू रिंग रोड का निर्माण व हाता-जमशेदपुर मुख्य सड़क का जीर्णोद्धार शामिल है.

### गुंजा गांव में झुमर कार्यक्रम में जमकर थिरके लोग



**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर प्रखंड की भरनिया पंचायत के गूंजा गांव में झूमर नृत्य का आयोजन किया गया. जिसमें ओड़िशा के दीपक महतो ग्रुप द्वारा झूमर नृत्य और संगीत प्रस्तुत किया गया. वहीं, हो समाज के कलाकारों द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम का मंचन किया गया. कलाकारों द्वारा कुड़माली, ओड़िया, आदिवासी सहित विभिन्न क्षेत्रिय भाषा में झूमर गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव सह समाजसेवी डॉ विजय सिंह गागराई उपस्थित हुए.

### शिव मंदिर निर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन



**नोवामुंडी।** माघ् सप्तमी शुक्लपक्ष शुक्रवार को सूर्योपासना सह गुवा जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में शिव मंदिर के निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया.सुबह से ही श्रृद्धालुओ द्वारा सूर्यदेव को अर्घ्य देने के साथ मंदिरो में पूजा अर्चना करते नज़र आए. जगन्नाथ मंदिर के मुख्य द्वार के सामने सोलह फीट का बिशिष्ट शिव मंदिर निर्माण के लिए पुजारी जितेंद्र पंडा ने पूजा विधि कराया. पुष्पा रानी प्रधान एव हिमांशु शेखर प्रधान ने मंदिर की नीव डाली. योजनावद्द् रूप से सिँह द्वार एव गजद्वार् का निर्माण कार्य जारी है.

### मेमोरियल के बच्चों ने प्रस्तुत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम



**किरीबुरु।** सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर किरीबुरु पूजा पंडाल प्रांगण में 15 फरवरी की रात सविता मेमोरियल स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दिया गया. इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि मुखिया पार्वती किडो. एवं विद्यालय के संस्थापक आलोक मुखर्जी द्वारा किरीबुरु-मेघाहातुबुरु के विभिन्न स्कूलों के दर्जनों शिक्षक-शिक्षिकाओं को मोमेंटो व सौल देकर सम्मानित किया. सम्मानित किये गये शिक्षक-शिक्षिकाओं में जे पी राणा, संजय झा, आलोक मुखर्जी, अनुपमा सिंह आदि शामिल थे.

### राम मंदिर स्कूल भवन का जीर्णोद्धार प्राथमिकता : भास्कर राव



**जमशेदपुर।** आगामी 18 फरवरी को जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित आंध्र भक्त श्रीराम मंदिरम् कमेटी का चुनाव 18 फरवरी को होना है. इसके पूर्व शुक्रवार को एम भाष्कर राव टीम ने एक प्रेस वार्ता कर अपनी प्राथमिकता गिनाई. एम भाष्कर राव ने कहा कि उनकी टीम के चुनाव जीतने के बाद पहली प्राथमिकता परिसर में बने स्कूल भवन का जीर्णोधार करना होगा जो पिछले 25 सालों से लंबित है. स्कूल भवन की हालत काफी जर्जर है जिसपर किसी का ध्यान नहीं गया इसके अलावा मंदिर परिसर के पीछे की जमीन पर अवैध कब्जे को मुक्त कराना भी प्राथमिकता में शामिल है.

## ब्रीफ खबरें

### हाइवा ने पांच बिजली का पोल किया क्षतिग्रस्त

**घाटशिला।** प्रखंड के बड़ाजुड़ी में हाइवा द्वारा पांच बिजली का पोल क्षतिग्रस्त होने के बाद तीन दिन से अंधेरे में रह रहे ग्रामीणों ने शुक्रवार को जमकर विरोध व्यक्त किया. जानकारी हो कि 14 फरवरी की सुबह एक हाइवा द्वारा भारत सेवाश्रम संघ जाने वाले रास्ते मे बिजली की तार व पांच पोल को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया. गनीमत रही कि बिजली आपूर्ति बंद थी. जानमाल की भारी क्षति होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता था. बताया जाता है हाइवा सड़क निर्माण के लिए बालू लेकर जा रहा था.

### लोजपा के जिलाध्यक्ष बने मनोज पासवान

**आदित्यपुर।** लोजपा रामविलास गुट के संगठन में शुक्रवार कप फेरबदल किया गया है. प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में सरायकेला जिलाध्यक्ष मनोज पासवान को प्रदेश सचिव की जिम्मेवारी दी गई है, उनके स्थान पर रंजीत कुमार पांडेय को सरायकेला खरसावां का नया जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है. इसके अलावा आदित्यपुर निवासी बृज मोहन सिंह को पूर्वी सिंहभूम का नया जिलाध्यक्ष बनाया गया है जबकि आदित्यपुर निवासी दया शंकर मिश्रा को सचिव सह कोल्हान का प्रभारी नियुक्त किया गया है.

### इंटक मजदूरों का शोषण बर्दाश्त नहीं करेगा : टोप्पो

**नोमुंडी।** बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन इंटक का शुक्रवार को मिलन समारोह सह वनभोज का आयोजन बोकना स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के समीप कारो नदी के तट पर किया गया. इस मिलन समारोह में गुवा, किरीबुरू, मेघाहातुबुरु, चिड़िया बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन इंटक के पदाधिकारियों ने भाग लिया. विभिन्न संयुक्त यूनियन को भी मिलन समारोह सह वनभोज मैं आमंत्रित किया गया. इंटक के जोनल सेक्रेटरी दुचा टोप्पो ने कहा कि गुवा सेल में जॉइनिंग दूसरों राज्यों से आए 18 लोगों को दी गई है.यह केंद्र सरकार की पॉलिसी या राज्य सरकार की पॉलिसी को कतई हम यूनियन बर्दाश्त नहीं करेंगे.

### बिरुवा के मंत्री बनने से कोल्हान का विकास होगा : निसार हुसैन

**किरीबुरु।** कोल्हान के सबसे लोकप्रिय विधायक दीपक बिरूआ को चंपाई सोरेन सरकार में मंत्री बनाने का फैसला होने से अल्पसंख्यक मोर्चा के पश्चिम सिंहभूम जिला अध्यक्ष निसार हुसैन उर्फ डोगर ने बधाई और शुभकामनाएं दी है. श्री डोगर ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन और मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का आभार जताया है. पार्टी के द्वारा कोल्हान के इस हो आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र की जनता की मांग को पुरा किया है. श्री बिरूआ को मंत्री बनाने से सिंहभूम और कोल्हान का चहुमुखी विकास होगा.

### चाईबासा में भारत बंद के समर्थन में कांग्रेस उतरी सड़क पर, किया पैदल मार्च, कहा

# किसानों पर अत्याचार नहीं सहेंगे

संवाददाता | चाईबासा



देश के किसान संगठनों ने शुक्रवार को भारत बंद की घोषणा की है. किसानों का यह राष्ट्रव्यापी बंद कृषि उत्पादो पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी, बेरोजगारी एवं केन्द्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ है. जिला कांग्रेस कमिटी, पश्चिम सिंहभूम के तत्वाधान में कांग्रेसियों ने देश के अन्नदाताओं द्वारा भारत बंद के आहवान को समर्थन किया तथा देश भर में आजीविका से जुड़े मुख्य मुद्दों के प्रति जागरूकता लाने हेतु एकजुटता प्रदर्शित किया.

कांग्रेसियों ने देश के अन्नदाताओं द्वारा भारत बंद के आहवान को समर्थन करते हुए शुक्रवार सुबह को कांग्रेस भवन, चाईबासा से शहर में सांकेतिक विरोध करते हुए पैदल मार्च किया. पैदल मार्च के दौरान कांग्रेसियों ने किसानों के सम्मान में कांग्रेस है. मैदान में हर जोर जुल्म के टक्कर में संघर्ष हमारा नारा है. जय जवान जय किसान, नरेन्द्र मोदी मुर्दाबाद, अर्जुन मुंडा मुर्दाबाद आदि नारेबाजी कर जोरदार प्रदर्शन किया.

**दो साल में भी कोई कमेटी नहीं बनी :** कांग्रेसियों ने कहा कि जब पिछली बार किसान तीन काले कानूनों को लेकर धरना दे रहे थे. तब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनसे माफी मांगते हुए कहा था कि मैं तीनों कानून वापस लेता हूं. न्यूनतम समर्थन मूल्य की समस्या का समाधान निकालने के लिए जल्द ही एक कमिटी बनेगी. आज इन बातों को दो साल से ऊपर हो गए, कोई कमिटी नहीं बनाई गई. आज जब किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर फिर से धरना दे रहे है, तो उनपर रबर की गोलियां चलाई जा रही है. आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे है, रास्ते में कीलें बिछाई जा रही है. किसानों पर जो अत्याचार और अन्याय भाजपा एवं मोदी सरकार ने किया है, वो आजादी के बाद किसी भी सरकार ने नहीं किया है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसानों से झूठ बोलने, किसानों को आतंकवादी और विदेशी एजेंट कहे जाने के लिए भी मांफी मांगें.

**ये लोग थे शामिल :** पैदल मार्च में कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर दास, प्रदेश उपाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ चंपिया, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष नीतिमा बालेमा कुई,लियोनार्ड बोदरा,कैरा बिरुवा, प्रवक्ता जितेन्द्र नाथ ओझा, सचिव जगदीश सुंडी,घनश्याम गागराई, प्रखंड अध्यक्ष सिकुर गोप, नगर अध्यक्ष रमेश ठाकुर, अमन महतो, महिला नेत्री सत्यशीला हेम्ब्रम आदि शामिल थे.

#### कांग्रेसियों ने पीएम मोदी का फूंका पुतला



**आदित्यपुर।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा मोदी सरकार द्वारा पूर्व में चुनावी चंदा उगाही हेतु बनाए गए इलेक्टोरल बॉन्ड कानून को अवैध घोषित करते हुए कानून को रद करने की घोषणा का जिला कांग्रेस कमेटी सरायकेला खरसावां स्वागत करती हैं. कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंबुज कुमार ने कहा कि काले कानून के माध्यम से भाजपा एवम् मोदी सरकार द्वारा अबतक वसूले गए 10000 करोड़ से अधिक चुनावी चंदा को सार्वजनिक करे. आज इस मुद्दे को लेकर जिला अध्यक्ष अंबुज कुमार के नेतृत्व में आकाशवाणी चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया. कांग्रेसी अंबुज कुमार के नेतृत्व में आज सड़क पर उतर कर पानदुकान चौक से आकाशवाणी चौक पर सड़क जाम करते हुए बंद को प्रोत्साहित भी किया. इसमें जिला अध्यक्ष अंबुज कुमार, नगर कांग्रेस अध्यक्ष राहुल यादव, महिला कांग्रेस अध्यक्ष वैजयंती वारी, जिला कांग्रेस महासचिव खिरोद सरदार, सुरेश धारी, कुणाल रॉय, रामविचार राय, राणा सिंह, मीरा तिवारी, संगीता प्रधान, मिसर बंसरियार, आदर्श ठाकुर, युवा कांग्रेस नगर अध्यक्ष राजू लोहार, राजद के बीरेंद्र यादव, राजेश यादव, देवप्रकाश समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे.

#### भारत बंद को लेकर चौक बाजार में नुक्कड़ सभा आयोजित

चांडिल। मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ मजदूर और किसान संगठनों के संयुक्त मंच की ओर से शुक्रवार को आहूत राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल का चांडिल में मिलाजुला असर देखा गया. राष्ट्रीय राजमार्गों पर वाहनों का आवागमन अन्य दिनों की अपेक्षा कम रही. बंद के समर्थन में चांडिल चौक बाजार में किसान संगठन एआईकेकेएमएस, छात्र संगठन एआईडीएसओ, ऑल इंडिया किसान सभा और अग्रगामी किसान सभा की ओर से नुक्कड़ सभा किया गया. सभा का संचालन राधानाथ कुमार ने किया. सभा में धीरेन गोड, एआईडीएसओ जिला अध्यक्ष विशेश्वर महतो सचिव प्रभात कुमार महतो, ऑल इंडिया किसान सभा जिला सचिव सुरेंद्र नाथ महतो, अग्रगामी किसान सभा के रंजीत महतो, मो यूनुस, युधिष्ठिर प्रमाणिक, राजा प्रमाणिक कालीचरण महतो, जगदीश महतो समेत कई लोग उपस्थित थे.

## विधायक प्रतिनिधि की कार हवा में उछलते हुए पलटी

संवाददाता | चांडिल



टाटा-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर चांडिल थाना अंतर्गत हुमीद में गिरधारी होटल के पास फिल्मी स्टाइल से एक कार हवा में उछलते हुए सड़क पर पलट गई. मिली जानकारी के अनुसार कार में विधायक बन्ना गुप्ता के प्रतिनिधि आफताब अहमद सिद्दीकी सवार थे. दुर्घटना में उन्हें गंभीर चोट लगी है. स्थानीय लोगों ने उन्हें कार से निकाल कर तत्काल इलाज के लिए एंबुलेंस से जमशेदपुर भेज दिया. मिली जानकारी के अनुसार कार जमशेदपुर की ओर से रांची की ओर तेज रफ्तार से जा रही थी. इसी दौरान सड़क पर दो मवेशी आ गए मवेशी को बचाने के क्रम में कर एक मवेशी को धक्का मारते हुए हवा में उछल गई. इसके बाद सड़क पर चार-पांच पलटी मारते हुए पलट गई. कार में विधायक प्रतिनिधि का बोर्ड लगा हुआ है. दुर्घटना में एक मवेशी की मौत हो गई है.

#### एयर बैग खुला तो बच गई जान

दुर्घटना के बाद कार का एयर बैग खुल गया, जिससे कार सवार की जान बच गई. दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना चांडिल थाना की पुलिस को दी. सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और वहां को सीधा कर सड़क से हटाने का काम शुरू किया. बताया जा रहा है कि विधायक बन्ना गुप्ता के प्रतिनिधि शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने रांची जा रहे थे. इसी क्रम में सड़क पर मवेशी आने के कारण दुर्घटना घटी.

### अरका जैन यूनिवर्सिटी : 'युवा 3.0' में दिखी छात्रों की प्रतिभा

## गुरप्रीत सिंह को मिस्टर व श्रीशा संजना को मिस युवा का खिताब

संवाददाता | जमशेदपुर



अर्का जैन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ कॉमर्स में आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम 'युवा 3.0' शुक्रवार को संपन्न हुआ. इसमें विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा और उत्साह का जीवंत प्रदर्शन किया. कार्यक्रम में छात्र और शिक्षक एक मंच पर दिखे. विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शनों किया. युवा 3.0 का उदघाटन दीप प्रज्वलन के साथ हुआ. इसके बाद युवा आइकॉन स्वामी विवेकानंद को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई. ज्ञान की देवी के पारंपरिक आह्वान सरस्वती वंदना ने कार्यक्रम को आगे बढ़ाने में श्रद्धापूर्ण स्पर्श जोड़ा. कार्यक्रम में पद्मश्री चामी मुर्मू की उपस्थित थीं. उनके प्रेरक वक्तव्य ने सबों को प्रभावित किया. उन्होंने युवा सशक्तिकरण और शिक्षा के महत्व पर बल दिया.

इस अवसर पर छात्र मामलों के डीन डॉ (प्रो) अंगद तिवारी और संयुक्त रजिस्ट्रार डॉ जसबीर सिंह धंजल उपस्थित थे. स्कूल ऑफ कॉमर्स की सहायक डीन डॉ पोम्पी दास सेनगुप्ता ने इस आयोजन में विशेष मार्गदर्शन किया. उदघाटन समारोह का मुख्य आकर्षण राजतेन्दु कला निकेतन, सरायेला के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक छऊ नृत्य था, जिसने अपनी सुंदरता और गतिशीलता से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया. प्रदर्शन की सांस्कृतिक समृद्धि ने उपस्थित सभी लोगों पर अमिट छाप छोड़ी. युवा 3.0 का पहला दिन रोमांचक प्रतियोगिताओं और मनमोहक प्रदर्शनों से भरा रहा. लेट्स ग्रुव नृत्य प्रतियोगिता से लेकर शोकेस बैंड प्रदर्शन एवं फैशन शो तक में प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया. दिन का समापन युवा आइडल प्रतियोगिता के साथ हुआ, जहां गायकों ने अपनी मधुर आवाज से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया.

### आक्रोश | विभिन्न मांगों को लेकर ग्रामीण सड़क पर उतरे, जमकर लगाये नारे

# आस ने आनंदपुर प्रखंड कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन

संवाददाता | किरीबुरु



आदिवासी समन्वय समिति (आस) एवं विभिन्न ग्राम सभाओं के संयुक्त तत्वावधान में नंदपुर प्रखंड कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया. इससे पूर्व आस संयोजक सुशील बारला एवं पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा के नेतृत्व में आनन्दपुर प्रखंड कार्यालय में विभिन्न मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया गया. इस दौरान बीडीओ को उपायुक्त, पश्चिम सिंहभूम के नाम मांग पत्र सौंपा गया.

सौंपे गये मांगों में आनन्दपुर प्रखंड के रूंघीकोचा, हारता एवं रोबकेरा पंचायत के सेविका एवं सहियाओं का प्रशासनिक कार्य गोईलकेरा प्रखंड से संचालित है जिसे तत्काल वहां से हस्तांनातरित कर आनन्दपुर से ही संचालित किया जाय. साप्ताहिक बाजार आनन्दपुर को डीएमएफटी मद से सुन्दरीकरण किया जाय. आनन्दपुर प्रखंड के सभी उच्च विद्यालयों एवं 2 उच्च विद्यालयों के स्वीकृत पदों में विषयवार शिक्षकों की बहाली की जाय.

झारबेड़ा पंचायत के ग्राम सिदुवा पीडब्लूडी सड़क से चिरोमाठा सीमा तक सड़क का निर्माण किया जाय. महिषगाड़ा से अम्बाकोना तक सड़क का निर्माण किया जाय. बिंजु पंचायत ग्राम-रूंधी नया टोला से स्वः बेनेयामिन लुगुन के घर से ओडिशा सीमा तक सड़क का निर्माण. संधी तीन सीमाना से ओडिशा सीमा तक सड़क का निर्माण. आनन्दपुर प्रखंड के लिए डीएमएफटी मद से चलंन्त चिकित्सा वाहन एवं चिकित्साकों की व्यवस्था.

काण्डी देवेन्द्र चौक से प्रथामिक विद्यालय काण्डी होते हुए जोम्बेलो तक सड़क का निर्माण. राजस्व ग्राम टोगरीटोला आरईओ पथ किसान टोली से बिंजु मटिया-ईकिर होते हुए ग्राम अनुमदा आरईओ पथ तक सड़क का निर्माण. चोडारप्पा पीपल पेड़ से बुनुमदा बिंजु होते हुए संधी प्रथामिक विद्यालय तक जर्जर सड़क का मरम्मति. प्रखंड के सभी खराब चपाकलों की मरम्मति तत्काल करना. प्रखंड के सभी सरकारी योजनाओं में न्युनतम मजदूरी 352.38 रूपया भुगतान करना सुनिश्चित की जाये आदि मांगे शामिल है.

#### मुख्य मांग

- विभिन्न सड़ुकों का निर्माण कराने की मांग भी शामिल है
- डीएमएफटी मद से चलंत चिकित्सा वाहन व चिकित्सकों की व्यवस्था

# माइलस्टोन में छेड़छाड़ करने वाले पर कार्रवाई करे : जिप उपाध्यक्ष

संवाददाता | चांडिल



सरायकेला-खरसावां जिला के जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो ने आदरडीह-मिलन चौक सड़क के किनारे लगे माइलस्टोन में छोड़छाड़ करने का एक मामला उजागर किया है. उक्त सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग 32 स्थित आदरडीह को बांदु, सिरूम, कुकडू, तिरुलडीह होते हुए मिलन चौक से जोड़ती है. उन्होंने बताया कि उक्त सड़क पर सिरकाडीह मौजा में माइलस्टोन (37 किमी लिखे बोर्ड) को उखाड़कर अन्य स्थान में स्थापित कर दिया है. इसके साथ ही, पेंटिंग के माध्यम से माइलस्टोन संख्या 1 से 30 तक को भी अवैध रूप से बदल दिया गया है. पथ प्रमंडल, पथ निर्माण विभाग (ग्रामीण), रांची के कार्यपालक अभियंता और सरायकेला-खरसावां जिले के उपायुक्त को पत्र लिखा है. पत्र में उन्होंने इसकी उच्चस्तरीय जांच कराकर मामले के दोषी व्यक्ति को चिन्हित करने और इस प्रकार सरकारी संपत्ती को गैरकानूनी रूप से छेड़छाड़ कर लोगों के बीच भ्रम की स्थिति उत्पन्न करने वाले के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है.

**रिटेल आउटलेट हासिल करने की मंशा :** जिप उपाध्यक्ष मधुश्री महतो ने बताया कि मेसर्स क्लासिक इंजीकॉन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 2017-2018 में कुल 47.5 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया था. उन्होंने बताया कि उन्हें जानकारी मिली है कि उक्त सड़क पर इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड की ओर से रिटेल आउटलेट स्थापित करने के लिए विज्ञापन निकाला गया है. इस सोची-समझी धोखे का उद्देश्य उक्त सड़क पर इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड का रिटेल आउटलेट को हासिल करना हो सकता है.

## ब्रीफ खबरें

### देश का सबसे बड़ा घपला है चुनावी बॉन्ड : रमेन्द्र

**रामगढ़।** मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ शुक्रवार को बुलाए गये बंद के तहत संयुक्त मोर्चा ने सीसीएल बरका-सयाल महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया. धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता विंध्याचल बेदिया एवं संचालन वासुदेव साव ने किया. मौके पर एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेन्द्र कुमार ने कहा कि देश का सबसे बड़ा घपला चुनावी बांड है. चुनावी बांड के जरिए करीब 15000 करोड़ की वसूली की गई. जिसमें 70 से 90 प्रतिशत रुपया बीजेपी को दिया गया और बीजेपी उन रुपयों को वोट ख़रीदने, एमएलए खरीदने में लगाती है.

### बीपीओ ने किया मनरेगा कर्मियों के साथ बैठक

**रामगढ़।** चितरपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित मनरेगा कार्यालय में शुक्रवार को बीपीओ कुमार विवेक सिंह ने प्रखंड के रोजगार सेवकों के साथ बैठक किया. इस दौरान बैठक में क्षेत्र में चल रही योजनाओं के संबंध में विस्तार से समीक्षा की गई कि अधिक से अधिक मानव दिवस का सृजन कैसे किया जाए. इस संबंध में भी विचार विमर्श किया गया. बीपीओ ने बताया कि बिरसा संवर्धन सिचाई कूप को आचार संहिता लगने से पहले चालू किया जाए. साथ ही अबुआ आवास लाभुकों का जॉबकार्ड शत प्रतिशत बनाना है. वहीं प्रत्येक पंचायत में प्रतिदिन मनरेगा मजदूर को कार्य देना है.

### जल जीवन मिशन की डीसी ने की समीक्षा

**रामगढ़ ।** स्वच्छ भारत मिशन, ग्रामीण, जल जीवन मिशन एवं विद्युत विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया. इस दौरान उपायुक्त ने सर्वप्रथम पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के संबंध में अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की. मौके पर कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल अनिल गुप्ता एवं यूनिसेफ के सहयोगी संस्था के निर्भय कुमार द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से रामगढ़ जिला अंतर्गत अलग-अलग क्षेत्रों में मल्टी विलेज स्कीम, सिंगल विलेज स्कीम आदि के तहत हो रहे कार्यों की जानकारी दी गई.

### अनधिकृत रूप से कार्य करने के मामले में संज्ञान

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला अंतर्गत गोला प्रखंड के तहसील कचहरी गोला में राजस्व उप निरीक्षक के कार्यालय में अनाधिकृत रूप से व्यक्ति के कार्य करने संबंधित मामले में उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने संज्ञान लेते हुए अपर समाहर्ता रामगढ़ गीतांजलि कुमारी को मामले की विस्तृत जांच करने का निर्देश दिया था. जिसके उपरांत अपर समाहर्ता द्वारा की गई जांच में शिकायत से संबंधित वीडियो क्लिप में राजस्व उप निरीक्षक शुभम कुमार के स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति दिलीप शर्मा का बैठना सत्य पाया गया. दिलीप शर्मा का राजस्व उप निरीक्षक के स्थान पर बैठने के पश्चात राजस्व उपनिरीक्षक शुभम कुमार के द्वारा उनके विरुद्ध कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई. शुभम के लिखित बयान में उल्लेखित है कि पूर्व में भी दिलीप शर्मा गोला प्रखंड में राजस्व उपनिरीक्षक के पद पर आउटसोर्सिंग से कार्य कर चुके हैं. वहीं जांच में राजस्व संबंधित कार्यों में शुभम द्वारा दिलीप से कार्य लेने संबंधित मामले को भी सही पाया.

एसके एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दिल्ली स्थित अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में समारोह आयोजित

# टॉर्च बियरर अवार्ड से सम्मानित हुआ बचपन प्ले स्कूल

संवाददाता। कोडरमा




**गुलशन आमंत्रित**

- 500 से अधिक स्कूलों ने इसके लिए नामांकर भरा था
- यह अवार्ड स्कूल के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया जाता है

छठी फ्रेंचाइजी मेस्ट्रो अवार्ड में बचपन प्ले स्कूल, झुमरीतिलैया को शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए टॉर्च बियरर अवार्ड से सम्मानित किया गया. यह सम्मान समारोह एसके. एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा नई दिल्ली स्थित डॉक्टर अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित किया गया. इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिष्ठित बॉलीवुड अभिनेता व निर्माता गुलशन ग्रोवर को आमंत्रित किया गया.

ज्ञात रहे कि मेस्ट्रो अवार्ड का आयोजन बचपन कॉरपोरेट ऑफिस के द्वारा प्रतिवर्ष भारतवर्ष में चल रहे 1200 से अधिक बचपन प्ले स्कूलों को उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया जाता है. इस वर्ष पूरे भारतवर्ष से 500 से अधिक स्कूलों ने इस अवार्ड के लिए नामांकन भरा जिसमें झारखंड राज्य में बचपन प्ले स्कूल, झुमरीतिलैया को इस अवार्ड से सम्मानित किया गया. पिछले 4 सालों से लगातार बचपन प्ले स्कूल, झुमरीतिलैया को यह अवार्ड उसके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए दिया जा चुका है. स्कूल को प्राप्त सम्मान के लिए निदेशक द्वय अविनाश सेठ व मनीष कपसिमे ने कहा कि यह संस्थान के लिए गौरव का क्षण है.

उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता, बच्चों को अच्छे संस्कार, हर जरूरी सुविधायें, अनुभवी शिक्षिकाएं व प्रधानाचार्या नीरजा के मार्गदर्शन के कारण ही यह संभव हो सका है. वहीं स्कूल के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने कहा कि सबके सहयोग से ही आज बचपन प्ले स्कूल सफलता की ऊंचाइयों को छू रहा है. संस्था के सीओओ तनिष्क सेठ ने इस अवार्ड को सभी सदस्यों के अथक एवं निरंतर प्रयास और समर्पण का परिणाम बताया. स्कूल की प्रधानाचार्य नीरजा ने अवार्ड मिलने पर खुशी व्यक्त करते हुए स्कूल की सभी अभिभावकों, शिक्षक, शिक्षिकाओं तथा संस्था में कार्यरत सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया. प्रधानाचार्या ने कहा कि बचपन प्ले स्कूल हमेशा अपनी उत्कृष्टता, कड़ी मेहनत व बेहतरीन शिक्षा प्रणाली के लिए जाना जाता है.

उन्होंने कहा कि यहां के बच्चे पढ़ाई व खेल के साथ-साथ एक्स्ट्रा एक्टिविटीज में भी बेहद प्रतिभाशाली हैं. जिसके कारण झुमरीतिलैया बचपन प्ले स्कूल में सबसे पहले सत्र 2019-20 में पूरे झारखंड में बेस्ट स्कूल, 2020-21 में कोरोना काल होते हुए भी मोस्ट एक्टिव स्कूल अवार्ड, 2021-22 में स्टार स्कूल अवार्ड, 2022-23 में लीडर विद अ हार्ट अवार्ड और इस वर्ष भी पूरे झारखंड में टार्च बियरर अवार्ड प्राप्त किया.

# डीसी ने वृद्धा पेंशन जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी



संवाददाता। हजारीबाग

सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा राज्य योजनान्तर्गत मुख्यमंत्री वृद्धा पेंशन योजना को लेकर उपायुक्त नैन्सी सहाय ने शुक्रवार को समाहरणालय परिसर से जागरुकता रथ को हरी झंडी देकर रवाना किया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह जागरुकता रथ जिले के सभी इलाकों में जनजागरुकता करेगी. साथ ही इस योजना के तहत राज्य सरकार ने वृद्धा पेंशन के लिए उम्र सीमा 60 से 50 वर्ष करने की योजना लागू कर दी है. इस योजना के तहत राज्य के 50 वर्ष के सभी महिलाओं और 50 वर्ष के एसटी, एससी पुरुषों को एक हजार रुपया प्रतिमाह पेंशन दी जानी है. 20 फरवरी से 22 फरवरी तक राज्यभर के गांव और शहरों में जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है. इस अवसर पर उपायुक्त के अतिरिक्त सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा निवेदिता राय, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव सहित कई अन्य मौजूद थे.

मकान नहीं बनने से मजदूरों को नहीं मिल रहा है अब काम

# बालू के अभाव में अबुआ व पीएम आवास है अधूरा

प्रमोद उपाध्याय । हजारीबाग



**संवेदक परेशान**

- इचाक व कटकमसांडी में 300 आवास है अधूरा
- मनरेगा के माध्यम से रोजगार मिलता है तो मजदूरी कम

हजारीबाग जिले में इन दिनों बालू की भारी किल्लत है. बालू के अभाव से कई सरकारी योजनाएं भी बाधित हो रही हैं. यहां जरूरतमंदों को देखते हुए सरकार ने कई लोगों को अबुआ आवास दिया है, लेकिन बालू के बिना वह अधूरा पड़ा है. अब ऐसे में यह भी सवाल उठ रहा है कि अगर कोर्ट का आदेश समय पर नहीं मिलता है तो क्या जरूरतमंद व्यक्ति बरसात में अपने मकान में रह सकेंगे या फिर उन्हें किराए के मकान में रहना होगा. इधर अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास पर भी प्रखंड कार्यालय से खूब जांच की जा रही है और लाभुक पर जल्द से जल्द अधूरे मकान को पूरा करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है.

जबकि सच्चाई यह है कि अबुआ आवास में मिलने वाली राशि की आधी कीमत बालू खरीदने में ही खर्ट हो जा रही है. जिससे आवास अधूरा पड़ा है. अगर कोई लाभुक विभाग के दबाव में अधूरे मकान में या नए अबुआ आवास की शुरुआत कर रहा है तो सरकार की ओर से दी गई अबुआ आवास की पहली किश्त का वह केवल बालू खरीद पा रहा है. अब ना उन्हें दूसरा किस्त मिल रहा है और ना ही वह मकान को आगे उठा पा रहे है. अब ऐसे में इचाक प्रखंड और कटकमसांडी में लगभग 300 आवास अधूरा है. उन्हें विभाग के द्वारा जल्दी मकान तैयार करने के लिए नोटिस भी दी गई है. पूरा नहीं करने वाले व्यक्ति पर कार्रवाई एवं रिकवरी भी करने की बात कही जा रही है. वहीं मजदूर भी रोजगार के लिए काफी परेशान हैं.

प्रत्येक वर्ष मकान निर्माण में उन्हें रोजगार मिलता था. लेकिन इस वर्ष बालू के अभाव में नए मकान बनाने वाले की संख्या मंत्र 15% हो गई है. मकान का रिपेयरिंग करने वाले की संख्या 10% है. मजदूर की संख्या ज्यादा है. अगर उन्हें मनरेगा के माध्यम से रोजगार मिलता है तो मजदूरी कम है. वह प्राइवेट में काम करते हैं तो उनकी लगभग 300 से लेकर 400 मजदूरी मिलती है. जबकि मिस्त्री की मजदूरी 500 से लेकर 600 होता है. ऐसे में अब उन्हें रोजगार नहीं मिल पा रहा है. अगर रोजगार किसी मकान में मिलता भी है तो मजदूरी कम कर दी जा रही है. अब या तो वह मजदूरी कम लें या तो फिर घर में बैठकर काम का इंतजार करें. इस संबंध में कटकमसांडी के मजदूर रिजवान और मिस्त्री मोहम्मद सलीम ने बताया कि हमलोगों की मजदूरी पहले ज्यादा होती थी. क्योंकि काम ज्यादा होता था. लेकिन इस वर्ष ना मकान में काम हो रहा है और ना रिपेयरिंग हो रहा है. यहां तक कि कई सरकारी भवन भी अधूरे हैं. अब ऐसे में मजदूर की संख्या ज्यादा है.

अगर हम काम करना चाहें तो मकान बनाने वाले व्यक्ति सीधा मजदूरी की बात करते हैं. अगर शहर आते हैं तो एजेंट पहले से तैयार रहते हैं. वह काम चल रहे मकान में जाकर मजदूर देने का ठेका ले लेते हैं. जिसकी वजह से मकान बनाने वाले सीधा मजदूर से बात ना करके बल्कि वह मजदूर देने वाले ठेकेदार से बात करते हैं और मजदूरी भी काम होता है. ऐसे में अब झारखंड में नहीं रहने का फैसला ले लिया है. अब वह दूसरे राज्य में मजदूरी करने के लिए विवश हैं.

**क्या कहते हैं लाभुक**

इस संबंध में इचाक कटकमसांडी, बड़कागांव के दर्जनों लोगों ने बताया कि सरकार के द्वारा लाभ तो दिया जा रहा है पर बालू के अभाव में आवास अधूरा रह रहा है. इधर विभाग के द्वारा कभी जेल भेजने की धमकी तो कभी रिकवरी का बात की जा रही है. अगर बालू होता तो कोई ऐसा लाभुक नहीं है जो अपना मकान बनाना नहीं चाहेगा. सरकार के द्वारा दी गई राशि से केवल बालू ही खरीद पा रहे हैं. अगर ज्यादा पैसा होता तो सरकार से फिर आवास क्यों लेते. वह खुद मजदूरी कर मकान बना लेते.

# झामुमो ने न्याय पदयात्रा में मोदी सरकार पर बोला हमला

संवाददाता। झुमरीतिलैया

झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय कमेटी के निर्देश पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष चन्द्रदेव यादव की अध्यक्षता में कोडरमा सदर प्रखंड के करमा में न्याय पदयात्रा निकाली गयी. झामुमो कार्यकताओं ने हेमंत सोरेन की जल्द रिहाई के लिए सामूहिक पूजा-प्रार्थना की और न्याय पदयात्रा निकाली. मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित झामुमो जिलाध्यक्ष बीरेंद्र पांडेय ने कहा कि न्याय मार्च से भाजपा का सफाया होगा. सीधे-साधे आंदोलनकारी के बेटे को साजिश के तहत सत्ता हासिल करने के लिए झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भेजा गया है. झारखंड की जनता यह समझ रही है. वहीं केंद्रीय समिति सदस्य गोपाल यादव, इस्लाम अंसारी व बैजनाथ मेहता ने हेमंत सोरेन को जेल भेजे जाने को लेकर कहा कि झारखण्ड की जनता इसका मुंहतोड़ जवाब देगी. उन्होंने कहा कि सत्ता हासिल करने की लालच में केंद्र सरकार की केंद्रीय एजेंसियों का दुरूपयोग किया जा रहा है. लोकप्रिय नेता हेमंत सोरेन को बदनाम कर जेल भेजने का काम किया है.

### मंदिर के वार्षिकोत्सव में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

**चौपारण।** अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति चौपारण द्वारा आयोजित श्री श्री 108 श्री रुद्र चंडी एवं माता शबरी के द्वितीय वर्षगांठ महोत्सव का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ. 5100 कलश के साथ निकले कलश यात्रा को बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, भुइयां समाज के जिला अध्यक्ष बिहार राम, कांग्रेस नेता सह टीएसएस के अरुण साहु, जेएमएम के पूर्व प्रत्याशी विनोद विश्वकर्मा, जिप सदस्य रवि अकेला, जिप सदस्य आरती कौशल आदि ने मुख्य पुजारी के माथे पर कलश देकर कलश यात्रा का शुभारम्भ किया.

# भारत बंद के समर्थन में उतरे कांग्रेसी

संवाददाता। चौपारण



किसानों के भारत बंद का असर चौपारण में भी दिखा. अखिल भारतीय कांग्रेस महासचिव एवं सांसद केसी वेणुगोपाल एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार अन्न दाता किसानों के भारत बंद के समर्थन में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मन्टू यादव, झामुमो के पूर्व जिला उपाध्यक्ष बिरेन्द्र राणा, पूर्व कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष सह 20 सूत्री प्रखण्ड उपाध्यक्ष विकास यादव के नेतृत्व में सैकड़ो झामुमो व कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतर जीटी रोड में विरोध प्रदर्शन किया. मौके पर कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष मन्टू यादव ने बताया क किसानों की सबसे अहम मांग एमएसपी को लेकर है. एमएसपी की गारंटी, बेरोजगारी एवं केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ किसान आज उग्र है. इसके अलावा किसान मनरेगा को मजबूत करने, पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने और औपचारिक व अनौपचारिक दोनों क्षेत्रों में सभी श्रमिकों के लिए पेंशन और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी मांग कर रहे हैं.

सानों के उक्क्त मांगों के समर्थन में भारत बन्द के लिए आज हम सभी सड़क पर उतरे हैं. मौके पर सोनिया, राहुल जिंदाबाद, शिबू सोरेन और हेमंत सोरेन जिंदाबाद चतरा मोड़ पर गूंजता रहा. भारत बंदी के लिए प्रखंड अध्यक्ष मंटू यादव, विधायक प्रतिनिधि रामफल सिंह, झामुमो ज़िला उपाध्यक्ष बिरेन्द्र राणा, बीस सूत्री उपाध्यक्ष विकास यादव, लव सिंह, यदुनंदन यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता सड़क पर उतर कर भारत बंदी का समर्थन किया.

# रसोई प्रतियोगिता में सफल रसोइये को किया गया सम्मानित

संवाददाता। टाटीझरिया (हजारीबाग)

विद्यालयों में मध्याह्न भोजन बनाने वाली रसोइया के बीच विभिन्न चरणों में रसोई प्रतियोगिता करवाया गया. प्रखंड स्तर पर प्रतियोगिता के समापन के बाद विजेता और उप विजेता प्रतिभागियों को शुक्रवार को सम्मानित किया गया. यह सम्मान समारोह बीआरसी होलंग में किया गया. इसमें मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख संतोष मंडल, सीओ सह बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज, सांसद प्रतिनिधि एमके पाठक, चिकित्सक डॉ रवि शंकर प्रसाद, समाज कल्याण उपस्थित थे. अतिथियों ने कहा कि आप सबों के भोजन पर ही देश का भविष्य आधारित है. आप उन नौनिहालों के लिए भोजन बनाते हैं, जो आगे चलकर देश व समाज की उन्नति करेंगे. इसलिए आप पौष्टिक, स्वादिष्ट और स्वच्छ भोजन बनाएं. आपने जो प्रतियोगिता के दौरान भोजन बनाया विद्यालयों में भी यही उत्कृष्टता बनाए रखें. कार्यक्रम के अंत में प्रखंड स्तर पर हुए प्रतियोगिता के विजेता उत्क्रमित मध्य विद्यालय होलंग के मुनिया देवी को दो हजार रुपए और प्रशस्ति पत्र तथा उपविजेता उत्क्रमित मध्य विद्यालय के बंधनी देवी को एक हजार रुपए और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया. संकुल स्तर के भी विजेता को एक-एक हजार और उपविजेता को पांच-पांच हजार रुपए और प्रशस्ति पत्र दिया गया. इस अवसर पर बीपीएम चंद्र भूषण मिश्र, मनीषा श्रीवास्तव, सुबोध कांत पांडेय, नवीन कुमार वर्मा, सुरेश राम, अरुण दयाल, दयाल प्रसाद समेत सभी विजेता व उप विजेता प्रतिभागी उपस्थित थे.

# राणी सती दादी का हुआ मंगल पाठ

संवाददाता । हजारीबाग



**झूमे भक्त**

- तेरह सुहागन महिलाओं के द्वारा किया गया भव्य महाआरती
- आकर्षक श्रृंगार, फूलों की होली एवं छप्पन भोग चढ़ाया गया

शहर के जैन मंदिर रोड स्थित संस्कार एनक्लेव के हॉल परिसर में सुरेंद्र खंडेलवाल के द्वारा राणी सती दादी का भव्य मंगल पाठ का आयोजन किया गया. जिसमें इक्यावन से भी अधिक महिलाओं ने दादी का मंगल पाठ एक साथ किया. राणी सती दादी मंदिर के प्रधान पुजारी शशिकांत मिश्रा ने सुरेंद्र खंडेलवाल एवं उनकी धर्मपत्नी शारदा खंडेलवाल को राणी सती दादी की पूजा करवाकर भव्य मंगल पाठ प्रारंभ करवाए.

पाठ के दौरान दादी को छप्पन भोग चढ़ाया गया. इसके साथ फूलों की होली खेली गई. भव्य दरबार के साथ अलौकिक एवं आकर्षक श्रृंगार किया गया. पाठ के अंत में तेरह सुहागिन महिलाओं के द्वारा भव्य महाआरती किया गया. कोलकाता से पधारी सुप्रसिद्ध पाठ वाचिका डोली अग्रवाल एवं स्वेता अग्रवाल के द्वारा जन्म से लेकर विदाई तक कई भजन प्रस्तुत किया गया. जिसमे शुभारंभ गणेश वंदना जी से हुआ. जिसके बाद हमारे आंगना में आवो म्हारी दादी जी.. मोटी सेठानी म्हारो बेड़ों पार लगाणो पड़सी... शरबत पीले दादी..., मेहंदी रची थारा हाथा में जैसे अनेकों भजनों को प्रस्तुत किया. सभी भजनों पर दादी भक्तों ने जमकर नृत्य किया. पाठ के दौरान दादी जी का भव्य ज्योत भी लिया गया.

दादी का आशीर्वाद तथा ज्योत लेने शहर के कई गणमान्य लोग मौजूद हुए. जिसमे जय प्रकाश खंडेलवाल, त्रिलोक मुनका, मनोज गोयल, मनीष अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, मंजू छाबड़ा, विकास तिवारी, शंकर कुमार, सूरज कुमार सहित कई लोग शामिल हुए.

# हजारीबाग में बनी फिल्म जगत गुरु श्रीरामकृष्ण हुई रिलीज

संवाददाता। हज़ारीबाग



जिले के कलाकारों के द्वारा निर्मित और अभिनीत आध्यात्मिक फ़िल्म जगत गुरु श्रीरामकृष्ण शुक्रवार को रिलीज़ हो गया. हजारीबाग के लक्ष्मी सिनेप्लेक्स सभागार में स्थित विद्या टॉकीज में भी यह सिनेमा लगा. फिल्म में शत- प्रतिशत हजारीबाग के कलाकारों ने अपने अभिनय का जलवा बिखेरा है और इसकी अधिकतर शूटिंग भी हजारीबाग में ही हुई है. वीइसी फिल्म के बैनर तले बने इस फिल्म में आपको रोमांचकारी अनुभव होगा. रिलीज़ के पहला दिन यहां दर्शकों का सैलाब उमड़ा. फिल्म रिलीज़ के अवसर पर लक्ष्मी सिनेप्लेक्स सभागार में हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के पिता सह हजारीबाग के पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल और विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने फिल्म के निर्माता गजानंद पाठक और फिल्म के कलाकार मुकेश राम प्रजापति, अमरकांत राय, मनोज कुमार पांडेय, रोहित हाजरा, इंद्रजीत भारती सहित अन्य कलाकारों से मुलाकात कर बधाई दिया और उनका हौसला बढ़ाया. ब्रजकिशोर जायसवाल ने सभी से एकबार ज़रूर इस सिनेमा को देखने की अपील की. विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने लोकल कलाकारों के फिल्म को समर्थन में हजारीबाग वासियों से सहयोग करने का आग्रह किया.

टाटीझरिया में पीएचसी बना चारा गोदाम, पुआल, भूसी व लकड़ियों से अटा पड़ा है स्वास्थ्य केंद्र

# जहां होना था इलाज, वहां रखा जा रहा मवेशियों का चारा

संवाददाता। टाटीझरिया





**हाल बेहाल**

- रख-रखाव के अभाव में अस्पताल खुद हो गया है बीमार
- रात्रि सुविधा तो दूर, दिन में भी सही इलाज मयस्सर नहीं

ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से टाटीझरिया में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण किया गया था. स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा बार-बार मांग किए जाने के बाद यहां डॉक्टर व स्वास्थ्यकर्मियों की नियुक्ति भी हुई है. लेकिन इस समय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर चारा गोदाम में तब्दील होता नजर आ रहा है. जहां लोगों का इलाज होना था वहां मवेशियों का चारा रखा जा रहा है.

अस्पताल को सुचारू रूप से संचालित कर क्षेत्रवासियों को चिकित्सकीय सुविधा प्रदान करने के लिए यहां करोड़ों की लागत से भवन बनाए गए थे. लेकिन उचित रखरखाव व सभी भवनों का उपयोग नहीं होने के कारण अस्पताल का भवन खुद बीमार हो गया है. यहां अस्पताल के भवनों में पुआल, लकड़ियां, कुट्टी, भूसी, धान आदि रखा गया है. अस्पताल परिसर के ईर्द-गिर्द रहनेवाले ग्रामीणों ने बताया कि कभी-कभी तो अस्पताल परिसर में मवेशियों तक को रखा जाता है. प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की हालत काफी जर्जर है. जहां डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मियों को रहना चाहिए, वहां फिजूल के सामान रखे हुए हैं. स्वास्थ्य केंद्र बनने से लोगों में आस जगी थी कि अब स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य संबंधित सुविधाएं व रात में गर्भवती महिलाओं का प्रसव व अन्य सुविधाएं यहां उपलब्ध हो सकेंगी, लेकिन वर्तमान स्थिति इसके ठीक विपरीत है.

इस अस्पताल में रात्रि सुविधा तो दूर यहां दिन में भी लोगों को सही से इलाज नहीं हो पाता है. न तो समय पर केंद्र खुलता है और ना ही स्वास्थ्य कर्मियों के आने का कोई निश्चित समय है. स्थानीय लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य केंद्र को जैसे कब्जा कर रखा गया है. भवन के अंदर पशु चारा, धान, लकड़ियां भरी हुई हैं. रोगियों का इलाज करनेवाले अस्पताल खुद ही बीमार है.

# केरेडारी में एनटीपीसी ने कौशल विकास प्रशिक्षण का किया आयोजन

संवाददाता। केरेडारी



एनटीपीसी चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना ने शुक्रवार को कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की. जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को रोजगार के नए अवसरों के साथ संबोधित करना है. इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में कौशल प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया जाएगा.

इस पहल के अंतर्गत 30 बच्चों को ट्रेनिंग के लिए चुना गया है. यह ट्रेनिंग तीन महीने की होगी. जो बच्चों को कौशल विकास मे मदद करेगी और उन्हें रोजगार पाने मे मदद करेगी. इस कौशल विकास प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों को फिटर-कम-प्लम्बर, इलेक्ट्रीशियन, और बेसिक कंप्यूटर और इंटरनेट के क्षेत्र में कौशल प्रदान करना है. पहले, फिटर-कम-प्लम्बर के क्षेत्र में विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि वे स्वतंत्रता से नल-पाइप और सामान्य स्नान-संबंधित समस्याओं का समाधान कर सकें.

दूसरे, इलेक्ट्रीशियन के क्षेत्र में विद्यार्थियों को शिक्षित किया जाएगा, जिससे वे विभिन्न इलेक्ट्रिकल उपकरणों की मरम्मत और नए स्थापनाओं के लिए नए आरंभ कर सकें. तृतीय, बेसिक कंप्यूटर और इंटरनेट के क्षेत्र में कौशल प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान मिलेगा और वे आगे की शिक्षा और रोजगार के लिए तैयार हो सकें. इस मौके पर उपस्थित चट्टी बरियातू परियोजना प्रमुख नवीन गुप्ता ने बच्चों को प्रतिबद्धता से इस कौशल विकास प्रशिक्षण को पूरा करने के लिए प्रेरित किया. उन्होंने बच्चों को इस ट्रेनिंग के ख़त्म होने के बाद अनेक अवसरों के बारे में अवगत कराया.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** समय बहुत ही उत्तम है. धन भाव मे चंद्रमा है. क्रोध से बचें. कारोबारी बड़ा लाभ होने के योग हैं. स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें. कोई धनहानि हो सकती है, सावधानी रखें. रोजगार प्राप्ति के प्रयास भरपूर करें. सफलता प्राप्त होगी. अन्न दान करें.

**वृषभ** समय बहुत ही उत्तम फल प्रदान करेगा. पैतृक संपत्ति में कोई विभाजन हो सकता है. समय अनुकूल है. लगन व उत्साह से कार्य कर पाएगा. रचनात्मक कार्यों में रुचि रहेगी. धन प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे. कारोबार में वृद्धि होगी.

**मिथुन** मंगल कुछ विवाद का कारण बन सकता है. स्वास्थ्य के संबंध में लापरवाही न करें. कोई बुरी खबर मिल सकती है. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. दुष्टजनों से सावधान रहें. हानि पहुंचा सकते हैं. भावना में बहकर कोई निर्णय न लें.

**कर्क** चंद्र उच्च के हैं. मान-सम्मान मिलेगा. खोई हुई वस्तु प्राप्त हो सकती है. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा. नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा. उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे. निवेश शुभ रहेगा. हनुमान चालीसा का पाठ करें.

**सिंह** पिता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें. शुभ समाचार प्राप्त होंगे. आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा. नौकरी में मातहतों का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा. किसी कार्य के प्रति चिंता रहेगी. सूर्य को अर्ध्य दें .

**कन्या** ससुराल में कोई हानि का योग है. पर भाग्य का साथ मिलेगा. रोजगार में वृद्धि होगी. नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा. विवाद में विजय प्राप्त होगी. स्वास्थ्य अच्छा रहेगा. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. अप्रत्याशित लाभ की संभावना है.

**तुला** किसी से कोई विवाद हो सकता है. आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है. किसी अपने ही व्यक्ति से कहा-सुनी होने की आशंका है. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है. इंद्र गायत्री का जाप करें.

**वृश्चिक** समय अच्छा है. व्यापार में लाभ होगा. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. संतान पक्ष से अध्ययन तथा स्वास्थ्य संबंधी चिंता का वातावरण बन सकता है. डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी.

**धनु** खून से संबंधित कोई रोग हो सकता है. सावधानी आवश्यक है. आर्थिक उन्नति के लिए योजना बनेगी. कार्यप्रणाली में सुधार होगा. रुके कार्य पूर्ण होंगे. मित्रों तथा रिश्तेदारों में सुधार होगा.

**मकर** िक्षा में कोई नया बदलाव हो सकता है. प्रसन्नता में वृद्धि होगी. धर्म-कर्म में रुचि रहेगी. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. कोर्ट-कचहरी व सरकारी कार्यालयों में लंबित कार्य अनुकूल होंगे. व्यस्तता रहेगी. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा.

**कुंभ** किसी से विवाद से मानहानि हो सकता है. लापरवाही न करें, विशेषकर गृहिणियां सावधान रहें. वाणी पर नियंत्रण आवश्यक है. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. आय में निश्चितता रहेगी. काला वस्तु का दान करें.

**मीन** पराक्रम से राजयोग बनेगा. पर कुछ राजभय रहेगा. जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा. कोर्ट-कचहरी के कार्य गति पकड़ेंगे. धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. व्यापार अच्छा चलेगा. शनि को खुश करें.

### मंत्री बनते-बनते रह गए विधायक बैद्यनाथ राम, अंतिम क्षण में कटा नाम, बोले-

# कांग्रेस के कारण दलित विधायक 'मंत्री'नहीं बन सका

- 12वें मंत्री पर कांग्रेस-झामुमो में विवाद, दलित कोटा रह गया रिक्त
- जोबा की जगह एससी को जगह दे सकता था झामुमो : राजेश ठाकुर

**कौशल आनंद। रांची**

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की ओर से 12 वें मंत्री पद को लेकर एससी मंत्री के रूप में लातेहार के झामुमो विधायक बैद्यनाथ राम का नाम भेजा गया था. राजभवन से उन्हें फोन भी चला गया था. मगर जैसे ही 12वें मंत्री के रूप में झामुमो कोटे से उनका नाम भेजे जाने की सूचना कांग्रेस के पास भेजी गयी, कांग्रेस ने गहरी आपत्ति जता दी. दोनों दल के शीर्ष नेताओं के बीच इसे लेकर काफी वाद-विवाद हुआ.

कांग्रेस शुरू से ही 12 वें मंत्री पद पर अपना दावा कर रही थी. अंततः विवाद बढ़ता देख चंपाई सोरेन ने बैद्यनाथ राम का नाम ड्राप करवा दिया. इस तरह बैद्यनाथ राम मंत्री बनते-बनते रह गए. आखिरी वक्त पर पत्ता कटने से राम खासा नाराज हैं.

### राजभवन पहुंचने के दौरान मना करना दलितों का अपमान है : बैद्यनाथ राम



मंत्री पद से चूकने के बाद शुभम संदेश से बातचीत करते हुए बैद्यनाथ राम ने कहा कि यह बात मुख्यमंत्री और कांग्रेस के नेताओं से पूछनी चाहिए. आखिर, जब राजभवन नाम चला गया, राजभवन से फोन तक आ गया, तो फिर राजभवन जाने के क्रम में उन्हें मना क्यों किया गया. उन्हें जो जानकारी मिली है, उसके अनुसार ऐसा कांग्रेस के कारण हुआ है. कांग्रेस नहीं चाहती थी कि 12 वां मंत्री पद भरे, वह भी एससी समुदाय से. आगे क्या होगा के सवाल पर बैद्यनाथ राम ने कहा कि जब बीच रास्ते में उनका नाम ड्राप होने की सूचना दी जा सकती है , तो आगे क्या होगा, इसका आप अंदाजा लगा सकते हैं. इस पूरे ड्रामा से मैं क्या, मेरे समर्थक और कार्यकर्ताओं के साथ पूरा दलित समाज अपमानित महसूस कर रहा है.

### जल्द ही यह विवाद सुलझा लिया जाएगा : राजेश ठाकुर




प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बताया कि अगर एससी समुदाय का प्रतिनिधित्व झामुमो को देना था तो वे जोबा मांझी की जगह बैद्यनाथ राम को रिप्लेस कर सकते थे. यह कोई बात थोड़े हुई कि उन्हें 12 वें मंत्री पद के तौर पर ही भरा जाए. जब पहले से कोल्हान से झामुमो की ओर से मुख्यमंत्री बनाया जा चुका है, तो फिर कोल्हान से ही मंत्री बनाने दिया जाए. उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि 12वें मंत्री पद का यह विवाद बहुत जल्द सुलझा लिया जाएगा.

# 20 फरवरी से झारखंड में फिर बदलेगा मौसम का मिजाज

**संवाददाता। रांची**

झारखंड में मौसम एक बार फिर करवट लेते नजर आ रहा है. मौसम विभाग के पूर्वानुमान अधिकारी सतीश चंद्र मंडल के अनुसार झारखंड में 20 फरवरी से आंशिक बादल छाएं रहेंगे. 20 फरवरी से पहले मौसम साफ रहेगा. राज्य में अगले 2 दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट हो सकती है. इसके बाद 19 फरवरी से इसमें धीरे-धीरे 3 से 4 C की वृद्धि होने की संभावना है. इस दौरान सुबह में कोहरा के बाद आसमान साफ और मौसम शुष्क रहेगा. पिछले 24 घंटों में राज्य में कहीं-कहीं पर हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हुई. सबसे अधिक वर्षा 28.2 एमएम चाकुलिया (पूर्वी सिंहभुम) में दर्ज किया गया. सबसे अधिक उच्चतम तापमान 31.4 C चाईबासा में जबकि सबसे लोहरदग्गा में दर्ज किया गया. इस दौरान सुबह में कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा भी देख गया.



**शहर का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| रांची | 24.6 | 13.5 |
| जमशेदपुर | 30.0 | 17.2 |
| डाल्टेनगंज | 23.4 | 13.5 |
| बोकारो थर्मल | 24.1 | 15.6 |
| चाईबासा | 31.4 | 14.8 |
| देवघर | 24.0 | 13.0 |
| गिरिडीह | 22.6 | 13.7 |
| गढ़वा | 24.5 | 13.5 |
| लोहरदगा | 22.6 | 12.7 |
| गोड्डा | 24.1 | 14.5 |

### कोयला, एलआईसी, तांबा उद्योग, बैंक समेत सारे सार्वजनिक सेक्टर ठप रहे

# भारत बंद व आम हड़ताल सफल : एसकेएम

**संवाददाता। रांची**

रांची सैनिक बाजार से संयुक्त किसान मोर्चा एवं संयुक्त केंद्रीय ट्रेड यूनियन के आह्वान पर शुक्रवार को ग्रामीण भारत बंद एवं आम हड़ताल सफल रही. कोयला, एलआईसी, तांबा, बैंक समेत सारे सार्वजनिक सेक्टर ठप रहे. संयुक्त किसान मोर्चा के प्रतिनिधियों भारत बंद और आम हड़ताल के शतप्रतिशत सफल होने का दावा किया है. हड़ताल के समर्थन में सैकड़ों की संख्या में किसानों और मजदूरों ने केंद्र सरकार के किसान मजदूर विरोधी नारों के साथ मार्च किया. मार्च मेन रोड, शहीद चौक से लौटकर अल्बर्ट एक्का चौक पहुंच कर सभा में बदल गई. सभा की अध्यक्षता अखिल भारतीय किसान सभा के अजय कुमार सिंह ने की. सभा में महेंद्र पाठक, अजय कुमार सिंह, विनय ओझा, इम्तियाज खान, अनीता यादव, नीरज सिंह, इसाक अंसारी, राजेश यादव, शुक्र उरांव, अमीरुल्ला खान, हसीब अंसारी, राकेश किरण महतो, प्रकाश पीपल, लव, वीरेंद्र कुमार, प्रतीक मिश्रा, विमान बोस, सुनील शाह, भीमसेन मुंडा, नंदनी भट्टाचार्य समेत सैकड़ों लोग शामिल थे.

**सड़कों पर कील ठोक रही है मोदी सरकार:** ड्राइवरों के विरोध में बनाए गए काले कानून को वापस लेने तथा अपनी अन्य मांगों को लेकर दिल्ली में लाखों किसान पहुंच रहे हैं, तो मोदी सरकार सड़कों पर कील ठोक रही है. पानी की बौछार से लेकर ड्रोन के माध्यम से अश्रु गैस के गोले बरसाए जा रहे हैं. ऐसी स्थिति में देश के 80 फीसदी किसान और मजदूर एकजुट होकर आने वाले लोकसभा के चुनाव में केंद्र सरकार को सबक सिखायेंगे. नेताओं ने कहा कि भारत बंद में झारखंड के कोयला, सोना ,तांबा, लोहे की खदानें बंद रहे तो दूसरी ओर बैंक एलआईसी समेत सारे सार्वजनिक सेक्टर बंद पड़े हुए हैं.



### किसानों के साथ वादा खिलाफी की गई है

मौके पर नेताओं ने कहा कि देश की मोदी सरकार जब से सत्ता में आई है, तब से लगातार देश के मजदूरों और किसानों पर हमला कर रही है. जन विरोधी नीतियों के कारण लगातार महंगाई, बेरोजगारी, बेकारी बढ़ रही है. मजदूर विरोधी चार श्रम कानून लाकर मजदूरों के सारे अधिकार छीन लिए गए. किसानों के साथ वादा खिलाफी की गयी है.

# काठीटांड़ में निकाली गई विशाल रैली

**संवाददाता। रांची**

केंद्र सरकार की मजदूर किसान और देश विरोधी नीतियों के खिलाफ केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और संयुक्त किसान मोर्चा के द्वारा आहूत देशव्यापी औद्योगिक हड़ताल और ग्रामीण बंद के समर्थन में आज ऑल इंडिया सेन्ट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियन, एक्टू से सम्बद्ध झारखंड निर्माण मजदूर यूनियन से जुडे. मजदूरों ने तिलता ओवरब्रिज से काठीटांड़ चौक तक रैली निकाली. काठीटांड़ चौक पर दो घंटे तक रोड जाम कर सभा की गई. उसके बाद प्रखंड मुख्यालय रातु पहुंच कर प्रधानमंत्री के नाम 10 सूत्री मांग पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा गया.

**कंपनियों से यारी और देश से गद्दारी नहीं चलेगी:** कंपनियों से यारी और देश से गद्दारी नहीं चलेगी, मजदूरों को गुलाम बनाने वाली लेबर कोड वापस लो, अन्नदाता किसानों पर दमन बंद करो, किसानों से किए वायदे पूरे क्यों नहीं केंद्र सरकार जवाब दो के नारे से लिखी तख्तियां व झंडे लिए बड़ी संख्या में मजदूर रैली में शामिल थे. मेन रोड, काठी टांड़ से काठी टांड़ चौक पहुंच कर रैली सभा में बदल गई.



### मजदूर विरोधी सरकार की उल्टी गिनती शुरू : चारे

मौके पर निर्माण मजदूर यूनियन के नेता चारे भगत ने कहा कि अन्नदाता किसानों के ऊपर ड्रोण से आंसू गैस के गोले और रबड़ की गोलियां चलाकर मोदी सरकार ने साबित कर दिया है वे किसानों के साथ नहीं बल्कि कंपनियों के साथ खड़ी है. औद्योगिक हड़ताल और ग्रामीण बंद से मजदूर विरोधी सरकार की उल्टी गिनती शुरु हो गई है. ऐक्टू नेता शेख सहदुल ने कहा कि मजदूर किसानों से ज्यादा मोदी सरकार को अडानी अंबानी जैसे कंपनियों के हितों की चिंता है. देश के साथ गद्दारी है. मजदूरों किसानों के साथ वायदा खिलाफी की कीमत मोदी सरकार को चुकानी पड़ेगी.

### प्रधानमंत्री के नाम से 10 सूत्री मांग पत्र भेजा गया

हड़ताल और ग्रामीण बंद के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी रातु रांची के माध्यम से 10 सूत्री मांगपत्र प्रधानमंत्री को प्रेषित किया गया है. इसमें चार लेबर कोड वापस लेने, महंगाई पर नियंत्रण के लिए आवश्यक वस्तुओं में जीएसटी समेत केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कटौती करने, काम के अधिकार को मौलिक अधिकार घोषित करने और बेहतर मजदूरी की गारंटी देने, शहरी मजदूरों के लिए भी रोजगार गारंटी कानून बनाने, किसानों को बीज, उर्वरक सिंचाई सुविधा के लिए बिजली पर पर्याप्त सब्सिडी देने एवं किसानों के उत्पाद पर न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी कि गारंटी लागू करने संबंधित अन्य मांगें शामिल है.

## लोस चुनाव को लेकर उपायुक्त ने दिए निर्देश

**गोड्डा** । आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने जिला के संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक कर दिशा निर्देश दिए. समाहरणालय स्थित कार्यालय में आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर ने चुनाव पदाधिकारी एवं चुनाव कर्मियो के साथ समीक्षा बैठक कर जरूरी निर्देश दिए. इस क्रम मे उपायुक्त ने विभिन्न कोषांग, मैनपावर मैनेजमेंट प्रशिक्षण सहित अन्य विषयों पर जानकारी लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए. डीसी के द्वारा मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण पूर्ण करने, कैलेंडर तैयार कर सभी सेंटर सुप्रीडेंट का प्रशिक्षण पूर्ण कराने तथा विभिन्न कोषांग के ऐसे पदाधिकारी जिनका स्थानांतरण हो गया है उनके स्थान पर दूसरे पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने को कहा.

## सीपी आई (एम) के भारत बंद का मिला-जुला असर

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र में संयुक्त किसान मोर्चा एवं केंद्रीय ट्रेड यूनियन के आव्हान पर शुक्रवार को बुलाए गए भारत बंद के दौरान बाजार क्षेत्र के दुकान बंद रही. बंद समर्थकों ने सीपीआई (एम) पार्टी कार्यालय से एक जुलूस निकालकर मुख्य बाजार पथ होते हुए नारेबाजी के साथ एन एच 18 तथा 49 के संगम स्थल कालियाडिंगा पर एन एच को जाम किया गया. वहीं कुछ समय पश्चात प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद जाम मुक्त किया गया. साथ ही भारत बंद को सफल बनाने के लिए सी पी आई (एम) स्वपन कुमार महतो, जनवादी महिला समिति के पूर्वी सिंघभुम जिला सचिव पानमुनी किस्कु, अंचल सचिव चितरंजन महतो, जिला सदस्य अभिजीत जाना, पप्पू दास, कन्हाई मुंडा, साधु नाथ, शुक्रा मुंडा, सुकुमार राणा, डॉक्टर मुंडा तारकेश्वर घोष ,महादेव बेहरा, सुखलाल मुंडा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## अखिल भारतीय किसान सभा ने निकाला विरोध मार्च, सभा की

**बोकारो** । कसमार में शुक्रवार को भारतीय किसान सभा, कसमार अंचल कमेटी ने देशव्यापी बंदी का समर्थन करते हुए सड़क पर उतरकर विरोध मार्च निकाला. इसका नेतृत्व जिला किसान सभा के अध्यक्ष शकूर अंसारी ने करते हुए कहा कि दिल्ली के बॉर्डर पर किसानों के ऊपर आंसू गैस, पानी के बौछार गिराई जा रही है. केन्द्र की सरकार कारपोरेट घराने को चंदा देते हैं, इसलिए उन्हें उपहार स्वरूप रेलवे, रक्षा, बिजली, कोयला, तेल, दूरसंचार, डाक, परिवहन, हवाईअड्डे, बंदरगाह और सार्वजनिक उपक्रमों को सस्ते दामों में मोदी सरकार बेच रही है. दूसरी ओर किसानों के ऊपर अपना अधिकार मांगने पर लाठी गोली दिया जा रहा है. इस दौरान किसान सभा के पदाधिकारियों ने सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की खंडपीठ के द्वारा गुमनाम इलेक्टोरल बांड के माध्यम से चुनावी चंदा के विरुद्ध दिए गए निर्णय का स्वागत किया है. इस दौरान किसान सभा के जटाधारी सिंह, उमाशंकर महाराज, मुमताज अंसारी, इमामूल अंसारी आदि शामिल रहे.

## देश बचाओ, जनता बचाओ नारे के साथ सड़क पर उतरे मजदूर: मोर्चा

**बोकारो** । केंद्र सरकार की जनविरोधी, राष्ट्रविरोधी नीतियों के खिलाफ शुक्रवार को, ट्रेड यूनियन संयुक्त मोर्चा, बोकारो के तत्वावधान में नया मोड़, बिरसा चौक पर देश बचाओ जनता बचाओ नारे लगाते हुए मजदूर सड़क पर उतरे. इस दौरान किसानों ने किसान मजदूर एकता एकता जिंदाबाद, किसान मजदूर विरोधी नीतियां नहीं चलेगी, श्रम कानूनों में संशोधन नहीं चलेगा, किसानों के फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य देना होगा आदि नारे लगाए. चक्का जाम का नेतृत्व एटक के रामाश्रय प्रसाद, सीटू के एन सिंह, एचएमएस के आरके वर्मा, एक्टू के जेएन सिंह, एआईयूटीयूसी के आरएस शर्मा ने संयुक्त रूप से किया. विभिन्न ट्रेड यूनियन नेताओं ने मजदूरों, किसानों और आम जनता के सामने आ रहे संकट के लिए मोदी सरकार की नीति को जिम्मेदार ठहराते हुए, 16 फरवरी की औद्योगिक हड़ताल, ग्रामीण बंद एवं जन प्रतिरोध कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आम जनता को धन्यवाद दिया.

## प्रदेश विश्वकर्मा समाज प्रखंड स्तरीय बैठक संपन्न

**बड़कागांव।** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज प्रखंड स्तरीय बैठक हरली विश्वकर्मा मंदिर के प्रांगण में किया गया. बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष किशोर राणा ने किया एवं सभा का संचालन प्रखंड सचिव संतोष राणा ने किया. बैठक में प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गांव से प्रबुद्ध समाज समाजसेवीगणों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की. बताते चलें कि झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय विकास राणा के नेतृत्व में विश्वकर्मा अधिकार रैली का आयोजन रांची के मोराबादी के मैदान में किया जाएगा. उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी गांव में ग्राम समिति का निर्माण करते हुए पुरजोर ढंग से हजारों की संख्या में रांची जाएंगे और चट्टानी एकता का परिचय देंगे. राज्य सरकार से हमारी मुख्य मांग है कि 17 सितंबर विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर सरकारी अवकाश का घोषणा किया जाए.

## जिला कांग्रेस ने किया नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन



**संवाददाता। जमशेदपुर**

पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को बिष्टुपुर में मोदी के सरकार के खिलाफ विरोध मार्च व प्रदर्शन किया. पार्टी के जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे एवं वरिष्ठ नेतागण के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय से बिष्टूपुर मेन रोड में मोदी सरकार के विरोध में प्रदर्शन किया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने कहा कि मोदी सरकार की अगुवाई में अन्नदाता किसानों को आतंकवादियों की तरह घेरा जा रहा, पीटा जा रहा है, आंसू गैस छोड़े जा रहे हैं, ड्रोन का इस्तेमाल हो रहा है, प्लास्टिक की गोलियों से मरा जा रहा है, किलें लगाई जा रही है, 30 लोग जख्मी हो गए हैं, कुछ लोगों की आंखों में प्लास्टिक के बुलेट लग चुके हैं.

## कोयला उद्योग में हड़ताल का रहा मिला-जुला असर

**चरही** । शुक्रवार को संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान के तहत एचएमएस, एटक, इंटक, आईटीयूसी, सीटू, जेसीएमयू ने राष्ट्रव्यापी कोयला उद्योग में निजीकरण के खिलाफ विभिन्न मांगो के समर्थन में एक दिवसीय हड़ताल का आहूत किया गया. जिसमें सीसीएल हजारीबाग एरिया के सभी परियोजनाओं में सुबह दो घंटे तक कोयले के परिवहन से लेकर उत्पादन स्थगित रहा. वहीं कुछ घंटों के बाद सभी परियोजनाओं में सीसीएल प्रबंधन के दिशा-निर्देशानुसार कोयले का परिवहन एवं उत्पादन सुचारू रूप से चालू किया गया. इस एक दिवसीय संकेतित हड़ताल में सीसीएल के सभी परियोजनाओं सहित जीएम कार्यालय में संयुक्त प्रदर्शन किया गया. इस अवसर पर मुख्य रूप से जेसीएमयू के जिला उपाध्यक्ष रामकिशोर मुर्मू, सहित कई नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# 8 आईएएस की ट्रांसफर-पोस्टिंग उत्कर्ष बने आईटी के निदेशक

**संवाददाता। रांची**

भारतीय प्रशासनिक सेवा के आठ अधिकारियों की गुरुवार रात ट्रांसफर-पोस्टिंग हुई है. कार्मिक प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना कर दी है. कृषि निदेशक के पद पर पदस्थापित संजय सिन्हा को सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेन्स विभाग का विशेष सचिव बनाया गया है. बंदोबस्त पदाधिकारी दुमका के पद पर पदस्थापित सुनील कुमार को उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद गोड्डा के पद पर नियुक्त किया गया.

**शशि प्रकाश सिंह बने प्राथमिक शिक्षा निदेशक:** पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के अपर सचिव विजय कुमार गुप्ता को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का अपर सचिव बनाया गया. उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद धनबाद के पद पर पदस्थापित शशि प्रकाश सिंह को प्राथमिक शिक्षा निदेशक बनाया गया. उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद चतरा के पद पर पदस्थापित उत्कर्ष गुप्ता को सूचना प्रौद्योगिकी निदेशक बनाया गया.

**खास बातें**

- सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेन्स विभाग का विशेष सचिव बने संजय

**विरोध**

### 18 को रांची में सामूहिक भूख हड़ताल को सफल बनाने का लिया गया निर्णय

# हेमंत सोरेन को प्रताड़ित किया जा रहा है : शमीद अंसारी

- कैरो व सेन्हा प्रखंड में निकाला गया न्याय मार्च

**संवाददाता। लोहरदगा**

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में दूसरे दिन शुक्रवार को भी झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोजाम्मिल अहमद के निर्देश में लोहरदगा जिले के कैरो प्रखंड के पंचयात गुड़ी एवं पंचायत डांडू में न्याय मार्च निकाला गया. न्याय मार्च की अगुवाई सेन्हा प्रखंड अध्यक्ष राजकिशोर राम व कैरो प्रखंड अध्यक्ष सज्जाद अंसारी कर रहे थे. कैरो में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय सदस्य समिद अंसारी तथा सेन्हा में 20-सूत्री प्रखंड अध्यक्ष अफरोज आलम, महिला अध्यक्ष सुषमा उरांव, जिला उपाध्यक्ष युवांति देवी, शामिल हुईं. मौके पर शमिद अंसारी ने कहा कि झारखंड राज्य एवं देश की वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य बहुत ही गंभीर है. उन्होंने कहा कि हमारे राज्य के लोकप्रिय पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को केंद्र की सरकार द्वारा केंद्रीय जांच एजेंसी का दुरुपयोग करते हुए बेवजह प्रताड़ित कर रही है. मुख्य वजह भारतीय जनता पार्टी की गलत नीतियों के सामने पूर्व मुख्यमंत्री का न झुकना, उसका विरोध करना एवं प्रदेश के चहुंमुखी विकास के एजेंडे को लागू करने का ईमानदार प्रयास भारतीय जनता पार्टी को नहीं पच रहा है.



### हेमंत सोरेन को बाहर लाने के लिए मांगा समर्थन

न्याय मार्च में झारखंड सरकार की नीतियों का प्रचार-प्रसार करते हुए आदिवासी, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ईडी की गिरफ्त से बाहर लाने के लिए जन समर्थन प्राप्त किया जाएगा. उन्होंने कहा कि आगामी 18 फरवरी को रांची में सामूहिक भूख हड़ताल भी किया जाएगा. साथ ही साथ हम आमजनों की समस्याओं से भी रूबरू होगें. मौके पर कैरो प्रखंड अध्यक्ष मो सजाद, सचिव धनपत उरांव, समीरुदीन अंसारी, बुदिया उरांव, सेरोलीना मिंज, मोहन उरांव, सेन्हा प्रखंड अध्यक्ष राजकिशोर राम, प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, प्रखंड सचिव अख्तर अंसारी, महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सुषमा उरांव, रीना देवी, नौशाद आलम, फुल्के उरांव, मनी उरांव, सोनिया खातून, सलमी उरांव, मनान अंसारी, अशोक उरांव समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे.


### अब पंचायत स्तर पर न्याय मार्च निकालेंगे

अंसारी ने कहा कि देश के अन्य प्रदेशों में भी जहां भारतीय जनता पार्टी या भाजपा समर्थित पार्टियों की सरकार नहीं है, वहां विधायकों की खरीद-फरोख्त ईडी, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट आदि केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर तमाम हथकंडे अपना कर डरा धमका कर चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करने एवं गिरने का प्रपंच कर रही है. सेन्हा प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि हेमंत सोरेन जी की गिरफ्त से बाहर आने तक हम जिले के हर पंचायत स्तर पर न्याय मार्च निकालेंगे.

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पांच दिनों से एक्स-रे सुविधा बंद

**संवाददाता। भवनाथपुर**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पिछले पांच दिनों से एक्स-रे सुविधा बंद होने के कारण मरीज बाहर में पैसा देकर एक्स-रे करने को विवश हैं. आपको बता दे कि दो माह पूर्व भवनाथपुर सामुदायिक अस्पताल में डिजिटल एक्स-रे मशीन चालू किया गया थाा. जिससे अस्पताल में इलाज कराने वाले गरीब असहाय लोगो को कम दर पर एक्स-रे की व्यवस्था हो जाती थी, लेकिन जिला द्वारा मशीन को लॉक कर दिए जाने के कारण पिछले पांच दिनों से एक्सरे मशीन बंद है. इस संबंध में अनुबंध ऑपरेटर दिलीप कुमार ने बताया कि मशीन को ऊपर से ही लॉक कर दिया गया है इस लिए एक्स-रे मशीन बंद है. अस्पताल के प्रभारी डॉ रंजन कुमार दास ने कहा कि पिछले पांच दिनों से ऊपर से ही मशीन को लॉक कर दिया गया है इसे लेकर वरीय पदाधिकारी को पत्राचार किया गया है. इस संबंध में पूछे जाने पर सीएस अशोक सिंह ने कहा कि सूचना प्राप्त है कि अस्पताल में एक्स-रे बंद है कुछ टेकनीकल फॉल्ट हुआ है जल्द चालू कराया जाएगा.



## सच का सामने आना जरूरी

मोदी सरकार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है. इलेक्टोरल बॉन्ड योजना को रद्द कर सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में बड़ा योगदान किया है. यह योजना शुरू से ही विवादास्पद थी. जो अनुभव रहा, उससे इसके खिलाफ आरंभ में ही कही गई बातें लगातार ठोस साबित होती गईं. इनके बीच दो तर्क महत्वपूर्ण थे- पहला यह कि असीमित और गुप्त राजनीतिक चंदा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के तकाजे के खिलाफ है. तमाम उपलब्ध आंकड़ों से इस बात की लगातार पुष्टि हुई है कि इलेक्टोरल बॉन्ड्स के तहत दिए गए चंदे का अधिकांश हिस्सा सत्ताधारी दल को गया है. सुप्रीम कोर्ट ने मोदी सरकार के साल 2017 के फैसले को पलटते हुए इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम को असंवैधानिक माना है. सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड स्कीम को अवैध करार देते हुए उस पर रोक लगा दी है. मुख्य न्यायाधीश ने कहा यह सर्वसम्मत फैसला है. भारत सरकार साल 2017 में ये कानून लेकर आई थी. कोर्ट ने माना कि चुनावी बांड स्कीम सूचना के अधिकार और अनुच्छेद 19(1)(ए) का उल्लंघन है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राजनीतिक दलों की फंडिंग के बारे में लोगों को जानने का अधिकार है. सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि इस अदालत ने सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक मुद्दों के बारे में जानकारी के अधिकार को मान्यता दी है और यह केवल राज्य के मामलों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि सहभागी लोकतंत्र सिद्धांत को आगे बढ़ाने तक जाता है. सीजेआई ने कहा कि क्या सूचना अधिकार के तहत राजनीतिक पार्टियों की फंडिंग की जानकारी भी आएगी? ये सवाल हमारे समक्ष था? सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नागरिकों को यह जानने का अधिकार है कि सरकार के पास पैसा कहां से आता है और कहां जाता है. सीजेआई ने कहा कि हमारी राय है कि कम से कम इलेक्ट्रॉनिक हस्तांतरण और चुनावी ट्रस्ट के अन्य माध्यमों से योगदान अन्य प्रतिबंधात्मक साधन है. इस प्रकार काले धन पर अंकुश लगाना चुनावी बांड का आधार नहीं है. फैसला सुनाते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि राजनीतिक दलों की फंडिंग की जानकारी उजागर न करना मकसद के विपरीत है. एसबीआई को 12 अप्रैल 2019 से लेकर अब तक की जानकारी सार्वजनिक करनी होगी. एसबीआई को ये जानकारी चुनाव आयोग को देनी होगी. चुनाव आयोग इस जानकारी को साझा करेगा. स्टेट बैंक को तीन हफ्ते के भीतर यह जानकारी देनी होगी. साल 2018 में इस बॉन्ड की शुरुआत हुई. इसे लागू करने के पीछे मत था कि इससे राजनीतिक फंडिंग में पारदर्शिता बढ़ेगी और साफ-सुथरा धन आएगा. इस संदर्भ में सार्वजनिक दायरे में यह धारणा भी गहराई है कि वर्तमान सरकार और कुछ कॉरपोरेट घरानों के बीच ऐसे अंतःसंबंध बन गए हैं, जिनसे देश की महत्वपूर्ण नीतियां प्रभावित हो रही हैं. इसलिए सुप्रीम कोर्ट का इस योजना को असंवैधानिक करार देना भारतीय स्टेट बैंक को दिया गया यह आदेश अत्यंत महत्वपूर्ण है कि वह इस योजना के तहत पार्टियों को मिले चंदे की पूरी जानकारी निर्वाचन आयोग को दे.

> सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राजनीतिक दलों की फंडिंग के बारे में लोगों को जानने का अधिकार है. सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि इस अदालत ने सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक मुद्दों के बारे में जानकारी के अधिकार को मान्यता दी.

### सुभाषित

**अष्टौ गुणा पुरुषं दीपयंति प्रज्ञा सुशीलत्वदमौ श्रुतं च।**
**पराक्रमश्चाबहुभाषिता च दानं यथाशक्ति कृतज्ञता च॥**

आठ गुण पुरुष को सुशोभित करते हैं. उन गुणों में शामिल है बुद्धि, सुन्दर चरित्र, आत्म-नियंत्रण, शास्त्र-अध्ययन, साहस, मितभाषिता, यथाशक्ति दान और कृतज्ञता. इन गुणों के अभाव में किसी भी पुरुष का कोई मोल नहीं रह जाता.

# सियासी खेल, इंडिया हो रहा फेल

**भारत जोड़ो यात्रा की दूसरी पाली में राहुल गांधी पूरब से पश्चिम की ओर बढ़ने लगे तो राजद और कांग्रेस के हाथों से नीतीश ने बिहार फिसला दिया. प्रायः इसी समय इंडिया की एक प्रमुख पार्टनर ममता बनर्जी ने न केवल पश्चिम बंगाल में किसी पार्टनरशिप से मना कर दिया, अपितु 24 जनवरी को यह भी कह दिया कि अबकी बार कांग्रेस को 40 सीटें मिल जाएं तो बहुत है. उनकी ही जुबान राज्यसभा में 7 फरवरी को उचारते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोले, प्रार्थना करता हूं कि कांग्रेस 40 सीटें बचा पाए.**



**• देश-काल**



श्याम किशोर चौबे

सारधा चिट फंड वाले पूरब के हिमंत बिस्वा सरमा ने 23 अगस्त 2015 को कांग्रेस त्याग भाजपा का दामन थाम लिया था. अब वे असम में भाजपा सरकार चला रहे हैं. वे कांग्रेस के प्रति किसी भी भाजपाई से अधिक तीखे वचन बोलने में कोई लिहाज नहीं करते. मध्य जनवरी में पश्चिम वाले मिलिंद देवड़ा कांग्रेस को गुडबाय कर शिंदे सेना में शरीक हो गए थे. आदर्श हाउसिंग सोसाइटी वाले अशोक चह्वाण 13 फरवरी को भाजपा से जा मिले और राज्यसभा का टिकट पा लिया. वे कांग्रेस के अच्छे दिनों में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री हुआ करते थे. दो साल पहले यूपी विधानसभा चुनाव के समय झारखंड कांग्रेस का प्रभारी पद त्याग राजा पडरौना आरपीएन सिंह भाजपा में चले गए थे. लंबे समय तक प्रतीक्षा सूची में रहने के बाद अब वे अपने गृह प्रदेश यूपी से भाजपा द्वारा राज्यसभा प्रत्याशी बना दिये गये. भाजपाई वाकई बेहद अनुशासनप्रिय हैं, जो टॉप लीडरशिप के समक्ष टिकट-फिकट के लिए चूं-चां हरगिज नहीं करते. पार्टी की सेवकाई ही उनका परम लक्ष्य होता है. इसलिए उनको ईडी-उडी का भय नहीं सताता.

सवा छह महीने पहले 18 जुलाई 2023 को इंडिया नामक विपक्षी गठबंधन का जिस सूरते हाल में गठन किया गया था, उसके विश्वकर्मा एक तरह से नीतीश कुमार थे. उसी नीतीश कुमार ने 28 फरवरी को इंडिया से कट्टिस कर ली और उस पाले से इस पाले में कूदकर भी मुख्यमंत्री बने रहे. पाला बदलने में उनकी कोई सानी नहीं. इसी करतब के भरोसे उन्होंने एक ही कार्यकाल में तीसरी मर्तबा मुख्यमंत्री बनने का रिकार्ड अपने नाम कायम कर लिया. बिहार विधानसभा का कार्यकाल अभी 20-21 महीने बाकी है. क्या पता वे चौथा करिश्मा भी दिखा ही दें. भारत जोड़ो यात्रा की दूसरी पाली में राहुल गांधी पूरब से पश्चिम की ओर बढ़ने लगे तो राजद और कांग्रेस के हाथों से नीतीश ने बिहार फिसला दिया. प्रायः इसी समय इंडिया की एक प्रमुख पार्टनर ममता बनर्जी ने न केवल पश्चिम बंगाल में किसी पार्टनरशिप से मना कर दिया, अपितु 24 जनवरी को यह भी कह दिया कि अबकी बार कांग्रेस को 40 सीटें मिल जाएं तो बहुत है. उनकी ही जुबान राज्यसभा में 7 फरवरी को उचारते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोले, प्रार्थना करता हूं कि कांग्रेस 40 सीटें बचा पाए. आप वाले अरविंद केजरीवाल भी पंजाब और दिल्ली में कांग्रेस को शायद ही भाव दें. मायावती पहले से अपनी माया समेटे हुई हैं. अखिलेश भी बड़ा शेयर नहीं देनेवाले. छोटे से झारखंड की सत्ता संकट से जैसे-तैसे उबरी. ईडी द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 31 जनवरी को गिरफ्तार कर लिये गये. नये निजाम चंपाई सोरेन का कला-कौशल देखना बाकी है. यूं, उन्होंने पहले दिन ही खुद को हेमंत सरकार पार्ट-2 घोषित कर दिया था.

यहां बड़ा शेयर मिल भी जाए तो कांग्रेस कितना जोड़ लेगी?

2022/23 में हिमाचल और कर्नाटक जीतकर कांग्रेस हौसलामंद हुई ही थी कि दिसंबर आते-आते छत्तीसगढ़ और राजस्थान गंवाने और अच्छी-खासी परिस्थितियों के बावजूद मध्यप्रदेश जीत नहीं पाने का पहाड़ जैसा गम झेलने को उसे मजबूर होना पड़ा. तेलंगाना जीत लेने से इन तीनों राज्यों की भरपाई नहीं हो जाती न! अब लोकसभा चुनाव सिर पर सवार हुआ जा रहा है. क्या होगा? कांग्रेस 2019 की 52 सीटों से ऊपर जाएगी या 40 तक सिकुड़-सिमट जाएगी? चुनाव की कौन कह सकता है? बड़े-बड़े नजूमी और सर्वेयर, अंदाजक फेल कर जाते हैं. रायबरेली छोड़कर सोनिया गांधी का राज्यसभा के लिए राजस्थान चला जाना सामान्य राजनीतिक घटना नहीं हो सकती. तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद कांग्रेस को राजनेता बनने की ख्वाहिश पाले गणनाकार प्रशांत किशोर की बातें हौसला दे सकती हैं. प्रशांत ने एक टीवी इंटरव्यू में कहा कि लगातार दस साल चुनाव हारने के बाद मोदी हाशिये पर चले जाएंगे, वह तो राहुल ही हैं, जो दस साल में 90 प्रतिशत चुनाव हारने के बावजूद पॉजीटिव हैं. 2019 के आंकड़े देखिए. 37.36 प्रतिशत वोट पाकर भाजपा 303 सीटें और 45 प्रतिशत वोट लाकर एनडीए 353 सीटें जीतने में कामयाब रहा था. 19.5 प्रतिशत वोट पाने के बावजूद कांग्रेस 52 सीटों पर सिमट गई थी. 2014 में भी कांग्रेस को लगभग इतने ही मत मिले थे, जबकि 2019 में भाजपा छह प्रतिशत मतों का इजाफा करने में सफल रही. इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 1984-85 में 414 सीटें पानेवाली कांग्रेस 1989 में 197 सीटों पर सिमटने के बावजूद सबसे बड़ी पार्टी थी. राजीव गांधी ने बहुमत न होने की बात कह सरकार बनाने से मना कर दिया था. फलतः 143 सीटों वाले जनता दल ने अस्वाभाविक गठबंधन खड़ा कर सरकार बना ली थी. गठजोड़ के मसले पर आज की कांग्रेस क्या वही गलती नहीं दोहरा रही? एक तो 'इंडिया' का ताना-बाना पूरी तरह से खड़ा होने के पहले ही दरक रहा है, दूसरे पुराने कांग्रेसी नेता एक-एक कर भाजपा के पाले में चले जा रहे हैं. मोदी-शाह के जमानेवाली भाजपा को किसी से परहेज नहीं है, बशर्ते वह बड़ा नाम हो और प्रतिपक्षी को किसी हद तक नुकसान पहुंचाने की कूवत रखता हो. बेहद अनुकूल ग्रह-नक्षत्रों के बावजूद वह छोटे से छोटे दल को भी समेटे चलती है. जो कोई चुनौती देता प्रतीत होता है उसमें तोड़-फोड़ करने या उसका नाश करने में हर हथकंडा अपनाने में बाज नहीं आती. दूसरी ओर प्रतिकूल परिस्थितियां झेल रही कांग्रेस 'सरमा, देवड़ा की कोई जरूरत नहीं' कहने में देर नहीं करती. राहुल की यात्रा में उमड़ती भीड़ वोट में कितना तब्दील होगी? थोड़ा इंतजार कर लीजिए.

**• बोधि-वृक्ष** | सुज्ञ



## समता

जब तक मन चंचल रहता है, तबतक साधना का होना संभव नहीं हो पाता. अब प्रश्न यह है कि आखिर मन की चंचलता को विश्राम कैसे मिले. साधना के विशेषज्ञों का मानना है कि मन की चंचलता को विश्राम देना कठिन भले ही है, लेकिन असंभव नहीं है. साधना तंत्र इसे समता की संज्ञा देता है, जिसका अर्थ है मन की चंचलता को विश्राम, समान भाव को जाग्रत और दृष्टि को विकसित करें तो 'मैं' के सम्पूर्ण त्याग पर समभाव स्थिरता पाता है.समता के मार्ग पर चलना आसान नहीं होता, लेकिन यदि सही प्रयत्न हो तो उसपर चला जा सकता है. समभाव जाग्रत होने का आशय है कि लाभ-हानि, यश-अपयश भी हमें प्रभावित न करे, क्योंकि कर्मविधान के अनुसार इस संसार के रंगमंच के ये विभिन्न परिवर्तनशील दृश्य हैं. हमें एक कलाकार की भांति विभिन्न भूमिकाओं को निभाना होता है. इन पर हमारा कोई भी नियंत्रण नहीं है. कलाकार को हर भूमिका का निर्वहन तटस्थ भाव से करना होता है. संसार के प्रति इस भाव की सच्ची साधना ही समता है. समता का पथ कभी भी सुगम नहीं होता, हमने सदैव इसे दुर्गम ही माना है. परन्तु क्या वास्तव में धैर्य और समता का पथ दुष्कर है? हमने एक बार किसी मानसिकता को विकसित कर लिया तो उसे बदलने में वक्त और श्रम लगता है. यदि किसी अच्छी वस्तु या व्यक्ति को हमने बुरा मानने की मानसिकता बना ली तो पुनः उसे अच्छा समझने की मानसिकता तैयार करने में समय लगता है. क्योंकि मन में एक विरोधाभास पैदा होता है और प्रयत्नपूर्वक मन के विपरीत जाकर ही हम अच्छी वस्तु को अच्छी तरह समझ पाएंगे. तब हमें यथार्थ के दर्शन होंगे.जीवन में कईं बार ऐसे मौके आते हैं, जब हमें किसी कार्य की जल्दी होती है और इसी जल्दबाजी और आवेश में अक्सर कार्य बिगड़ते हुए देखे हैं. फिर भी क्यों हम धैर्य और समता भाव को विकसित नहीं करते. कई ऐसे प्रत्यक्ष प्रमाण हमारे सामने उपस्थित होते हैं, जब आवेश पर नियंत्रण, सपेक्ष चिंतन और विवेक मंथन से कार्य सुनियोजित सफल होते हैं और प्रमाणित होता है कि समता में ही श्रेष्ठता है. समता रस का पान सुखद होता है. समता जीवन की तपती हुई राहों में सघन छायादार वृक्ष है. जो 'प्राप्त को पर्याप्त' मानने लगता है, उसके स्वभाव में समता का गुण स्वतः स्फूरित होने लगता है. समता की साधना से सारे अन्तर्द्वन्द्व खत्म हो जाते हैं, क्लेश समाप्त हो जाते हैं. उसका समग्र चिंतन समता में एकात्म हो जाता है. चित्त में समाधि भाव आ जाता है.

# ऑपरेशन हेमंत से भाजपा को ही होगा घाटा

**• राज्यनामा**

गौतम चौधरी

सरकार में नहीं रहने के बाद भी इन दिनों झारखंड भाजपा अपने आपको बुलंदियों पर होने का दावा कर रही है. दावा करना स्वाभाविक भी है. भाजपा शायद इसलिए भी दावा कर रही होगी कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के सर्वमान्य नेता और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार के आरोप में जेल के अंदर बंद है. यह भाजपा नेतृत्व को सुकून प्रदान करने वाला अवसर है. भारतीय जनता पार्टी इस अवसर को अपने हित में उपयोग करने के फिराक में है. हर पर्यवेक्षक और विश्लेषक अपने-अपने मिजाज और तरीके से चुनावी गणित की व्याख्या और विश्लेषण करते हैं. आजकल तो चुनाव पूर्व परिणाम का पूर्वानुमान लगाने वाली एजेंसी भी राजनीति से ज्यादा आर्थिक पहलुओं पर ध्यान दे रही है. बहरहाल हम झारखंड की राजनीति पर ही केन्द्रित रहते हैं. प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार नहीं है. 2019 में जब भाजपा वाले हारे थे तो उसके एक तत्कालिन महामंत्री ने दावा किया था कि उनकी पार्टी का वोटबैंक तो बढ़ा है, लेकिन वे सत्ता से दूर हैं. प्रदेश भाजपा उन्हीं दिनों से खुशफहमी पाले हुए हैं कि उनकी पार्टी प्रदेश में बेहद मजबूत स्थिति में है और महज कुछ कर्म से उनकी सत्ता चली गयी. इस चिंतन के साथ प्रदेश भाजपा केन्द्र सरकार की उपलब्धियों का प्रचार करने लगी, जो लगातार अबतक जारी है. इधर नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार ने प्रदेश सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन पर दबाव बनाना प्रारंभ कर दिया. केन्द्र की विभिन्न जांच एजेंसियों ने झारखंड पर दबिश बनायी और लगातार प्रदेश सरकार को घेरने की कोशिश होती रही. इसका एक संदेश यह भी गया कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार काम तो करना चाह रही थी, लेकिन उसे केंद्रीय एजेंसियों ने परेशान किया, जिसके कारण प्रशासन और विकास दोनों नकारात्मक तरीके से प्रभावित हुई. दूसरी तरफ भाजपा के दो नेताओं ने हेमंत सोरेन को मजबूत करने में परोक्ष रूप से बड़ी भूमिका निभाई. जब-जब प्रदेश सरकार के मुखिया घिरते नजर आए, तब-तब भाजपा के दो प्रभावशाली नेता के कारण हमें सोरेन के खिलाफ मोर्चेबंदी ढीली पड़ गयी. एक के बारे में तो लंबे समय तक प्रदेश भाजपा के कद्दावर नेता रहे पूर्व मंत्री और वर्तमान विधायक सरयू राय ने तो यहां तक कह दिया था कि प्रदेश में जहां भी भ्रष्टाचार का मामला सामने आता है, उसकी जांच का रास्ता उक्त नेता के दरवाजे पर जाकर खत्म होता है. उन दिनों राजनीतिक गलियारे में इस टिप्पणी की बहुत चर्चा भी हुई थी. दूसरे नेता के बारे में यह कहा जाता रहा कि वे हेमंत सोरेन को अपने बयानों के माध्यम से अप्रत्यक्ष रूप से सहायता करते हैं. हेमंत सोरेन की लोकप्रियता कितनी बढ़ी या घटी उसका पैमाना तो चुनाव ही हो सकता है. अभी तक प्रदेश में हुए तमाम उपचुनावों में से भाजपा और उसके गठबंधन को मात्र एक सीट ही मिल पाई है. यदि चुनाव परिणाम लोकप्रियता का मापदंड होगा तो हेमंत और उनकी सरकार अभी मजबूत स्थिति में है. किसी राजनीतिक दल के लिए सांगठनिक मजबूती भी मायने रखता है. उस परिप्रेक्ष्य में भी हेमंत और उनका गठबंधन मजबूत दिख रहा है. लाख कोशिश के बाद भी न तो कांग्रेस के विधायकों ने अपनी आस्था बदली और लाख आंतरिक गतिरोधों के बाद भी झारखंड मुक्ति मोर्चा एकजुट रहा. विगत दिनों विश्वासमत के दौरान 47 विधायकों ने चंपई सोरेन सरकार के पक्ष में अपना मत प्रस्तुत किया. यह भाजपा और उसके राजनीतिक साथियों के लिए राज्य गठन के बाद की सबसे बड़ी चुनौती है. प्रेक्षकों की माने तो भाजपा के रणनीतिकारों ने हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी की रणनीति बना कर उसे और मजबूत कर दिया है. इस गिरफ्तारी के कारण हेमंत को दोतरफा मजबूती मिली है. पहली मजबूती तो यह है कि उसे अपने वोटरों को यह समझाने में आसानी हो रही है कि वह काम तो अच्छा ही करना चाह रहे थे, लेकिन केन्द्र की मोदी सरकार नहीं करने दे रही थी और अंततोगत्वा एक आदिवासी मुख्यमंत्री को सत्ता से हटाने की पूरी कोशिश की गयी. इस प्रकार हेमंत के खिलाफ जो थोड़ा सत्ताविरोधी रुख था वह भी अब कमजोर पड़ गया है. इसे भाजपा के कार्यकर्ता किस रूप में ले रहे हैं यह तो पड़ताल का विषय है, लेकिन प्रदेश के कुछ खास नेता इस मामले को लेकर संजीदा हैं. वे अब डैमेज कंट्रोल की रणनीति पर काम कर रहे हैं और हेमंत के खिलाफ अपनी आक्रामता को कांग्रेस की ओर मोड़ दिए हैं. इधर कांग्रेस भी झारखंड में बिहार वाली स्थिति में नहीं है. यहां कांग्रेस का अपना जनाधार है और उसने अपना वोटबैंक मजबूत भी किया है. लिहाजा, भाजपा की रणनीति के सार्वजनिक होने से फायदा हेमंत सोरेन को ही होता दिख रहा है. इधर प्रदेश के साम्यवादी दल भी एकजुट होकर हेमंत के पक्ष में खड़े दिख रहे हैं. हाल आसन्न लोकसभा चुनाव में भी इसका असर दिख सकता है.

> केन्द्र की विभिन्न जांच एजेंसियों ने झारखंड पर दबिश बनायी और लगातार प्रदेश सरकार को घेरने की कोशिश होती रही. इसका एक संदेश यह भी गया कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार काम तो करना चाह रही थी, लेकिन उसे केंद्रीय एजेंसियों ने परेशान किया, जिसके कारण प्रशासन और विकास दोनों नकारात्मक तरीके से प्रभावित हुई.

# संसदीय व्यवस्था की सहजता पर प्रहार

**• सियासत**

राजेंद्र शर्मा

संसदीय जनतांत्रिक व्यवस्था में अगर कार्यपालिका या सत्ताधारी, संसद पर अपनी मनमर्जी थोपने में समर्थ हो, तो इसे संसदीय व्यवस्था का अंत ही माना जाना चाहिए. इसके बाद, संसदीय व्यवस्था का सिर्फ खोल ही बचा रह जाएगा, उसके प्राण निकल चुके होंगे. अभी हाल ही में जिस सत्रहवीं लोकसभा की विदाई का कर्मकांड संपन्न हुआ है, उसे संसदीय व्यवस्था की ही विदाई के लिए भी याद किया जाएगा. जाहिर है कि यह संसद पर सत्ताधारियों की मनमर्जी थोपे जाने का ही सबूत था कि संसद के इस संक्षिप्त बजट सत्र को ऐन आखिरी दिन निर्णय कर, एक दिन के लिए बढ़ा दिया गया. पर सत्ताधारियों की मनमर्जी सत्र के एक दिन बढ़ाए जाने तक सीमित नहीं थी. असली मनमर्जी इसे आखिरी वक्त तक एक 'रहस्य' ही बनाकर रखे जाने में थी कि इस अतिरिक्त कार्यदिवस पर, संसद में होगा क्या? और इस अतिरिक्त कार्यदिवस पर संसद में जो हुआ, उससे एजेंडा ही रहस्य बनाकर रखे जाने का कारण ही नहीं, इस एजेंडा के थोपे जाने का सरासर मनमानापन भी, खुद ब खुद उजागर हो गया. इस रोज एक तो दोनों सदनों में 'राम जन्म भूमि मंदिर' के बनने पर प्रस्ताव पारित कराया गया. दूसरे, 17वीं लोकसभा के इस आखिरी सत्र का समापन प्रधानमंत्री मोदी के भाषण से कराया गया, जो एक प्रकार से आने वाले आम चुनाव के लिए, प्रधानमंत्री के चुनाव प्रचार की शुरूआत भी थी. सत्रहवीं लोकसभा के दौर में, कार्यपालिका के सामने संसद की स्वायत्तता के खात्मे और संसद पर सत्ताधारियों की ही मनमर्जी थोपे जाने का मामला, अपनी मर्जी से संसद का एजेंडा तय किए जाने तक ही सीमित नहीं रहा. इसी सिलसिले की अलग-अलग कड़ियों के तौर पर, इस दौर में संसद ने और भी बहुत कुछ देखा. इस दौर ने नये भवन में संसद में सुरक्षा सेंध के मुद्दे पर बहस की मांग करने के लिए, दोनों सदनों के लगभग डेढ़ सौ सदस्यों का शेष सत्र भर के लिए निलंबन देखा. एक गिनती के अनुसार, इस पांच वर्ष की अवधि में दोनों सदनों ने मिलाकर, कुल 206 बार विपक्षी सांसदों के खिलाफ निलंबन के हथियार का इस्तेमाल किया. इसी दौर ने मणिपुर की भयंकर हिंसा के मुद्दे पर, प्रधानमंत्री के वक्तव्य के आधार पर बहस की मांग पर, हफ्तों संसद में विपक्ष को संघर्ष करने पर मजबूर होते भी देखा. इसी दौर ने सिर्फ 16 फीसद विधेयकों को विस्तृत छानबीन के लिए संसदीय कमेटियों को भेजे जाते देखा. इसी लोकसभा ने विपक्ष के एक भी कार्यस्थगन प्रस्ताव का स्वीकार न किया जाना भी देखा और सिर्फ 13 अल्पावधि चर्चाओं को मंजूरी दिया जाना देखा. इसी लोकसभा ने सत्ताधारी पार्टी के एक सांसद द्वारा सदन में ही एक विपक्षी मुस्लिम सदस्य को, उसकी धार्मिक पहचान को लेकर भद्दी से भद्दी गालियां देते और सत्तापक्ष तथा सभापति द्वारा उसे साफ बचाए जाते भी देखा. सत्रहवीं लोकसभा ने डिप्टी स्पीकर का पद व्यावहारिक मानों में खत्म हो जाते भी देखा. हैरानी की बात नहीं है कि सत्रहवीं लोकसभा ने, साल में कुल 52 दिन बैठकर, 1952 से सबसे कम बैठकों का रिकार्ड बनाया है. यह दूसरी बात है कि इसके बावजूद, हमने स्पीकर और प्रधानमंत्री को, सदन की 'रिकार्ड उत्पादकता' के लिए, खुद अपनी पीठ ठोकते भी देखा. 22 जनवरी को, केंद्र सरकार में दोपहर बाद तक और अधिकांश भाजपा-शासित राज्यों में पूरे दिन की 'राष्ट्रीय छुट्टी की घोषणा ने, बहुसंख्यक समुदाय के एक धार्मिक आयोजन को, 'राष्ट्रीय उत्सव' ही घोषित कर दिया. अंत में संसद ने अब बाकायदा प्रस्ताव स्वीकार कर राम मंदिर के 'राष्ट्र मंदिर' होने पर मोहर लगा दी है और प्रधानमंत्री ने इस दावे के संविधान-अनुमोदित होने का भी ऐलान कर दिया है. संसदीय व्यवस्था के विपरीत जिसका खोल तो कम से कम अब तब बचा हुआ है, सत्रहवीं लोकसभा धर्मनिरपेक्षता के पूर्ण विसर्जन की ही गवाह बनी है. फिर भी सब तरफ अंधेरा ही नहीं है. सत्रहवीं लोकसभा ने तीन कारपोरेट परस्त काले कृषि कानूनों का, बिना समुचित चर्चा के और बहुमत की तानाशाही के बल पर, संसद पर थोपा जाना भी देखा और किसानों के ऐतिहासिक साल भर लंबे आंदोलन के बाद, उसी हठी सरकार द्वारा उन कानूनों का, संसद से ही निरस्त कराया जाना भी देखा. अंधेरा बहुत है, पर जहां-तहां रौशनी की चिलक भी है. संसदीय व्यवस्था हो या धर्मनिरपेक्षता-अब भी दिल नाउम्मीद तो नहीं, नाकाम ही तो है.

> सत्रहवीं लोकसभा ने डिप्टी स्पीकर का पद व्यावहारिक मानों में खत्म हो जाते भी देखा. हैरानी की बात नहीं है कि सत्रहवीं लोकसभा ने, साल में कुल 52 दिन बैठकर, 1952 से सबसे कम बैठकों का रिकार्ड बनाया है. यह दूसरी बात है कि इसके बावजूद, हमने स्पीकर और प्रधानमंत्री को, सदन की 'रिकार्ड उत्पादकता' के लिए, खुद अपनी पीठ ठोकते भी देखा.

**मीडिया में अन्यत्र**

## राजकोषीय घाटा ऊंचे स्तर पर

**केंद्र** सरकार द्वारा हाल ही में प्रस्तुत श्वेत पत्र में इस बात पर जोर दिया गया है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार के कार्यकाल के 10 वर्षों में देश का आर्थिक प्रदर्शन संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार के 10 वर्षों (2004-14) की तुलना में बेहतर रहा है. जैसा कि इस संदर्भ में इस समाचार पत्र ने भी कहा है कि इसमें कोई दो राय नहीं है कि बीते 10 वर्षों में हालात में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, लेकिन सरकारी ऋण और आम सरकारी घाटा ऊंचे स्तर पर बना हुआ है. राजकोषीय घाटे की बात करें तो 2023-24 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के प्रतिशत के रूप में इसका संशोधित अनुमान 5.8 के स्तर पर रहा, जबकि 2013-14 में यह 4.4 के स्तर पर था. ऐसा मोटे तौर पर इसलिए हुआ कि कोविड-19 ने कई तरह की बाधाएं पैदा की थीं. बहरहाल एक तथ्य यह भी है कि यूपीए सरकार को भी 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट से जूझना पड़ा था, जिसकी वजह से राजकोषीय घाटे में काफी इजाफा हुआ था. कोविड-19 महामारी का आर्थिक प्रभाव कहीं अधिक गहरा था. सरकारी वित्त के प्रबंधन के तरीकों में दो गुणात्मक भेद हैं. पहला, रिपोर्टिंग की गुणवत्ता में सुधार हुआ है, खासतौर पर महामारी के बाद और केंद्रीय बजट वास्तविक व्यय को दर्शा रहा है. कुछ वर्ष पहले तक सरकार बजट से इतर उधारियों की मदद से अपने व्यय की भरपाई करती थी. दूसरा, व्यय की गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है. केंद्र सरकार का पूंजीगत व्यय 2024-25 में जीडीपी के 3.4 फीसदी के स्तर पर है. इससे न केवल अर्थव्यवस्था को मदद मिलेगी, बल्कि सरकार को भी समय के साथ व्यय को सीमित करने का अवसर भी मिलेगा. एक बार निजी निवेश के गति पकड़ने के बाद सरकार पूंजीगत व्यय कम कर सकती है और अपनी वित्तीय स्थिति मजबूत करने पर विचार कर सकती है. पूंजीगत व्यय की बात करें तो 2023-24 में यह कुल व्यय का 28 फीसदी था, जबकि 2013-14 में यह उसका केवल 16 फीसदी था. इस बीच एनडीए सरकार का राजस्व व्यय यूपीए की तुलना में धीमी गति से बढ़ा है. ऐसा आंशिक तौर पर इसलिए है कि प्रबंधन प्रभावी हुआ है और सब्सिडी को बेहतर ढंग से लक्षित किया गया है. जैसा कि श्वेत पत्र भी रेखांकित करता है, राजस्व व्यय में एनडीए के कार्यकाल में सालाना 9.9 फीसदी की दर से वृद्धि हुई, जबकि उससे पहले के 10 वर्षों में यह 14.2 फीसदी की दर से बढ़ा था. व्यापक स्तर पर देखें तो यह बात भी ध्यान देने लायक है कि बाहरी मोर्चे पर रिजर्व बैंक के प्रबंधन ने सरकार के लिए नीतिगत गुंजाइश सुधारी है और गंभीर वृहद आर्थिक जोखिम का खतरा कम हुआ है. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**



**शब्द चर्चा** डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## ताना/तानी

**लोग** मुझे क्यों देते हैं ताना, हां मैं हूं बीवी का दीवाना, जमाना तो है नौकर बीवी का. यह 1983 में आयी फिल्म 'नौकर बीवी का' के लिए अंजान के लिखे एक सुपर हिट गाने का मुखड़ा है. फिल्म के नायक को मलाल है कि लोग उसे ताना मारते हैं कि वह जोरू का गुलाम है. हिंदी भाषा में यह ताना शब्द इतना प्रचलित है कि कोई ताना मारता है, कोई ताना झेलता है. यानी हर कोई ताना शब्द से किसी ने किसी रूप में जरूर खेलता है. ताना हिंदी और अरबी दो भाषाओं से आनेवाला शब्द है, लेकिन दोनों मूलों के अर्थ अलग-अलग होते हैं. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार अरबी मूल के ताना शब्द का मतलब है व्यंग्यपूर्ण वाक्य, चुटीली बात. इससे बना मुहावरा है ताना मारना, जिसका मतलब है व्यंग्यपूर्ण बात कहना, खिल्ली उड़ाना. गाने की जिस पंक्ति से इस चर्चा का प्रारंभ हुआ है, उसमें ताना शब्द का प्रयोग इसी अर्थ में हुआ है. वहीं हिंदी मूल वाले ताना का मतलब है करघे में लंबाई के बल फैलाया गया सूत. इससे बना शब्द है ताना-बाना. इसका मतलब है किसी कार्य को करने के लिए कुछ प्रबंध करना, कपड़ा बुनने में लंबाई और चौड़ाई के बल बुने हुए सूत, किसी रचना की मूल बनावट, तार या तत्व. इस संसार में कुछ लोग ऐसे होते हैं जो गाना आये या न आये गाना चाहिए वाले मंत्र में विश्वास करते हैं और जैसे तैसे गा कर मस्त रहते हैं. वैसे नौसिखिया लोगों द्वारा गाये हुए साधारण गाने को तानारीरी कहा जाता है. हड़ताली कर्मचारी जब प्रदर्शन करते हैं तो नारे लगाते हैं-तानाशाही नहीं चलेगी. तानाशाही फारसीमूल का शब्द है, जिसका अर्थ है जबरन बात मनवाने की आदत, स्वेच्छाचारिता. जो तानाशाही करता है उसे तानाशाह कहते हैं. हिंदी के ताना शब्द का ही आशय लिए शब्द है तानी, जिसका मतलब है वस्त्र निर्माण में करघे में लंबाई के बल फैलाया गया या लगाया गया सूत.

# नजर लागी राजा तोरे बंगले पर


**• तीर-तुक्का**

सुशील यादव



एक गाना, 'नजर लागी राजा, तोरे बंगले पर' जो बरसो पहले सुना था, जिसके लिखने वाले ने शायद सोच लिया हो कि आज से पचास साल बाद, किसी प्रांत के कथित राजा के बंगले पर सरकारी अमले की नजर लग जायेगी. कथित राजा पर सरकारी-तंत्र के तजुर्बे-टोटके आजमाए जाएंगे. सरकारी अमलो में व्यर्थ दौरा-भत्ता बनाने वालों को, कुछ काम सौंप कर, उनकी मारक- क्षमता का पूर्वाभास, किसी युद्ध के ठीक पहले की, रिहर्सल की तरह कर ली जायेगी. देखने वाली बात यह होगी कि कतिपय सरकारी फार्म के घास चरने वालों में ये चरितार्थ कर पाने का माद्दा है या नहीं कि ₹जो मैं होती राजा बन की कोयलिया₹ अंदाज में कुहकने के लिए वे सही बंगला तलाश कर पाते हैं अथवा नहीं? सरकारी अमले के कुछ 'जग्गू किस्म के जासूस', इस बहाने राजा के बंगले पर कुछ दिन के लिए छोड़े गए. 'क्या खबर लाये हो धौलिया', अंदाज में आका रिपोर्ट लेते. वे रिपोर्टते कि माई-बाप, बेनामी संपत्ति का मामला फिट हो सकता है. आगे बढ़ें ....? वे अस्पष्ट गाली सहित गुर्राते ..... सीधे -सीधे घूस का मामला नहीं बनता क्या .....? अगला इतने दिनों तक बड़े-बड़े गाय-बछिया के खटाल लगाए बैठे रहे. तुम तनिक से छाछ का तोता बताये रहे हो. निक्कम्मे हो सबके सब. पूरे मोहकमे का नाम मिटटी में मिला दिए रहे हो .....क्या सोच के आये थे, आलाकमान खुश होगा ...... शाबाशी देगा ..... नालायकों ! कहे देते हैं , आज से ठीक महीने बाद फिर पुख्ता सबूत के साथ इधरिच रिपोटो. अफसर अफसोसियाते, खिसियाते और अपनी बारी की प्रतीक्षा में मौक़ा पाते ही खिसक लेने में महारत हासिल करते. मायूस अंदाज में खिसकते हुए सोचते, काश कि.....मुंहफट जूनियर लोग सजेस्ट करते साहेब, जो 'मैं होती राजा बेला चमेलिया, लिपट रहती राजा तोरे बंगले पर' वाले अंदाज में कार्यवाही करें .....? वैसे इस गाने के रचयिता को लगभग आभास था कि 'विज्ञान' 'बिहार-नालन्दा क्षेत्र' में भी कुछ हद तक तरक्की कर लेगा. सीसी केमेरा वगेरा उधर आ जाएंगे. और केमेरा को 'बेला-चमेलिया' की आड़ में रखने की जुगत, खुफिया तौर खुफिया विभाग के लोग कर लेंगे. पे फिट करने के खुफियापंथी काम को आसान बनाये जा सकने वाले प्लान ढूंढने लगे. जूनियर की बात को तवज्जो दी गई. हमारे तरफ जूनियर की बात को सीधे सीधे भाव नहीं दिए जाने का चलन है, इसी के चलते सीनियर ने हिदायती फतवा भी पढ़ दिया. देखो ...! राजा के बंगले के खिलाफ काम ज़रा जोखिम का दीखता है. वहां सिक्युरिटी तगड़ी होती है देख सम्हल के करना.

सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बॉन्ड को असंवैधानिक बताते हुए निरस्त कर दिया है. लंबे समय से इस पर सवाल उठते रहे थे. कोर्ट के इस फैसले से कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों के नेता खासे उत्साहित. फैसले का जोरदार स्वागत किया है. दूसरी ओर भाजपा ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सम्मान किया जाना चाहिए. इस फैसले पर राजनीतिक दलों के बीच चर्चा का बाजार गर्म है. विपक्षी दलों ने कहा है कि यह सूचना के अधिकार की जीत है. साथ ही चंदा छिपाने का मतलब है कि दाल में कुछ काला है. दरअसल राजनीतिक दल के प्रत्याशी चुनावों में मतदाताओं को लुभाने के लिए काले धन का इस्तेमाल करते रहे हैं. इसे इलेक्टोरल बॉन्ड की शक्ल दी गई थी. एक तरह से यह राजनीतिक दलों को चंदा देने का वित्तीय जरिया बन गया था. जो वचन पत्र की तरह था, जिसे भारत का कोई भी नागरिक या कंपनी भारतीय स्टेट बैंक की चुनिंदा शाखाओं से खरीद सकते थे और अपनी पसंद की किसी भी राजनीतिक दल को गुमनाम तरीके से दान कर सकते थे. सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि चुनावी चंदा किस दल को कितना मिल रहा है, यह देश की जनता को भी जानना चाहिए. यही नहीं सुप्रीम कोर्ट ने स्टेट बैंक को निर्देश दिया है कि वह राजनीतिक दलों को चंदा देनेवाले दानदाताओं का नाम भी सार्वजनिक करे, इसके साथ ही किसने किस दल को कितनी धनराशि चंदे के रूप में दी है, यह भी देश को बताए. इलेक्टोरल बॉन्ड रद्द होने से सबसे अधिक नुकसान भाजपा को हुआ है, क्योंकि चुनावी बॉन्ड से उसी को सबसे अधिक करीब 90 फीसदी चंदा मिला है. शुभम संदेश की टीम ने राज्य के विभिन्न जिलों के राजनीतिक दलों के नेताओं से बात की है. पेश है रिपोर्ट...



मुद्दा

- सूचना के अधिकार की जीत है
- अब काले धन पर रोक लगेगी

# सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बॉन्ड को असंवैधानिक बताते हुए निरस्त कर दिया है

- कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दल फैसले से उत्साहित
- भाजपा ने कहा-इस फैसले का स्वागत करना चाहिए

# चंदा छिपाना, दाल में कुछ काला

## लातेहार

### काला धन को सफेद करने पर रोक लगेगी : शाहदेव



झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को ऐतिहासिक बताया. उन्होंने कहा कि अब काले धन को सफेद करने के काम पर रोक लगेगी. चुनावी बॉन्ड के माध्यम से काले धन को सफेद करने का काम भाजपा कर रही थी. हालांकि कोर्ट के इस फैसले की जद में सभी राजनीतिक दल आ रहे हैं, लेकिन भाजपा इससे सबसे अधिक प्रभावित होगी. शाहदेव ने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार आने के बाद पूंजीपतियों की रक्षा करने के लिए चुनावी बांड की शुरूआत की गयी थी. चुनावी बॉन्ड को आरटीआई से भी बाहर रखा गया था. अब कोर्ट का फैसला आने के बाद भाजपा को करारा झटका लगा है, भाजपा को ही अधिक चंदा मिलता था.

### किसे कितना चंदा, सार्वजनिक हो : रंजीत यादव



राजद जिला उपाध्यक्ष रंजीत यादव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने गुरुवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए इलेक्टोरल यानी चुनावी बॉन्ड को असंवैधानिक घोषित करते हुए इसे निरस्त का फैसला सुनाया है. यह सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला है. कोर्ट ने कहा कि चुनावी चंदा किस दल को कितना मिल रहा है, यह देश की जनता को भी जानना चाहिए. सुप्रीम कोर्ट ने स्टेट बैंक को निर्देश दिया है कि वह राजनीतिक दलों को चंदा देनेवाले दानदाताओं का नाम भी सार्वजनिक करे. इससे पारदर्शिता आयेगी. किसने किस दल को कितनी धनराशि चंदे के रूप में दी है, यह भी देश के सामने सार्वजनिक होगा.

### भाजपा को सबसे अधिक नुकसान होगा: अयूब खान



माकपा नेता अयूब खान ने कहा कि चुनावी बॉन्ड रद्द होने से अधिक नुकसान भाजपा को हुआ है. क्योंकि चुनावी बॉन्ड से भाजपा को सबसे अधिक करीब 90 फीसदी चंदा मिला है. सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का कांग्रेस व माकपा समेत सभी विपक्षी दलों ने जोरदार स्वागत किया है. विपक्षी पार्टियों ने तो एक तरह से इस फैसले के आने के बाद जश्न भी मनाया है. अयूब खान ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने देश में लोकतंत्र को बचा लिया है.

## किरीबुरु

### यह मनी लॉन्ड्रिंग का मामला है : इजहार राही



झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय सदस्य इजहार राही ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड एक प्रकार से मनी लॉन्ड्रिंग का मामला है. वर्ष 2017 से ही विपक्ष बोल रहा है कि भाजपा ने बड़ा फ्रॉड करने के लिए नया तरीका निकाला है. इलेक्टोरल बॉन्ड से 95 फीसदी चंदा सिर्फ एक राजनीतिक पार्टी को जा रहा है. पब्लिक का पैसा एक पार्टी को गोपनीय तरीके से कौन दे रहा है, इसे सार्वजनिक नहीं करना संदेह के घेरे में है. इसमें सबसे बड़ी खामी यह भी थी कि विदेशी कारोबारी भी किसी पार्टी को चंदा देती थी तो उसे सार्वजनिक नहीं किया जाता था. इसमें पारदर्शिता नहीं थी और पूरा मामला घोटाला, मनी लॉन्ड्रिंग का था. सर्वोच्च न्यायालय का यह फैसला ऐतिहासिक व स्वागत योग्य है.

### बॉन्ड कले धन को सफेद करने का मार्ग : इकबाल



झामुमो के केन्द्रीय सदस्य सह पश्चिम सिंहभूम जिला उपाध्यक्ष इकबाल अहमद ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड काले धन को सफेद करने का एक आसान मार्ग था. जनता को यह जानने का पूरा अधिकार है कि राजनीतिक पार्टियों को कौन तथा कहां से कितना पैसा, किस कार्य के लिए दे रहा है. जो पैसा दे रहा है वह कहां से लाया, जनता द्वारा टैक्स के रुप में दिया गया यह पैसा तो नहीं था, जो अपना विकास व अन्य सुविधाओं पर खर्च किया जाना था. बडे.औद्योगिक घराने इन पैसों से जनता को विकास व सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराते. इसे राजनीतिक पार्टी को दे रहे हैं. इससे राजनीतिक पार्टियां लोकतांत्रिक सरकार को गिराने, विधायक-सांसद, वोट खरीद कर भ्रष्टाचार व अव्यवस्था फैलाने में कर रही है. सुप्रीम कोर्ट का यह ऐतिहासिक फैसला आया है, जिससे आने वाले समय में बहुत कुछ सुधार देखने को मिलेगा.

## बोकारो

### फैसला स्वागत योग्य कदम : साधु शरण गोप



सुप्रीम कोर्ट की ओर से इलेक्टोरल बॉन्ड पर रोक लगाने के फैसले एवं इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम को अवैध करार देने के मामले में बोकारो के विस्थापित एवं कॉंग्रेस पार्टी के वरीय नेता साधु शरण गोप ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला स्वागत योग्य कदम है. इससे भले ही राजनीतिक दलों में खलबली मची हुई है, लेकिन जनता एवं देश के सभी मतदाताओं को यह जानने का हक है कि राजनीतिक दलों को किसने और कितना चंदा दिया है. सभी दलों को इस खर्चे एवं चंदे को सार्वजनिक करना चाहिए. उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी की पोल इससे खुल गई है. मोदी अहंकार में यह भूल गए थे कि वे एक इंसान हैं, कोई भगवान नहीं. वे अपने को इंसान से ऊपर मान बैठे थे.

### जनता को चंदा की राशि जानने का हक : शकुर अंसारी



सीपीआईएम पार्टी के बोकारो जिला सचिव मंडल सदस्य शकुर अंसारी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में पांच जजों की खंडपीठ के द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड के संबंध में जो फैसला सुनाया गया है, वह सूचना के अधिकार की जीत है. देश की जनता को यह जानने का पूरा अधिकार है कि किसने कितना चंदा दिया है. एक स्वच्छ लोकतंत्र के लिए यह बहुत आवश्यक है कि राजनीतिक दलों को कौन कितना चंदा देता है और इसका उपयोग कैसे होता है, इसकी पूरी पारदर्शिता झलकनी चाहिए. उन्होंने कहा कि 2018 से इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से चंदा लेने की प्रक्रिया चालू हुई. अभी तक सबसे अधिक चंदा 650 हजार करोड़ रूपया से अधिक चंदा भारतीय जनता पार्टी को प्राप्त हुआ. इसके बाद अन्य दलों को चंदा प्राप्त हुआ है. हमारी जो लेफ्ट की पार्टियां है, वह देश के बड़े-बड़े पूंजीपतियों से चंदा लेना उचित नहीं समझती है.

## धनबाद

### चोला ओढ़ने वालों की खुलेगी पोल : संतोष सिंह



धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया सारा डिटेल इलेक्शन कमिशन ऑफ इंडिया को देगा और फिर इलेक्शन कमिशन अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करेगा. इस फैसले से यह भी साफ हो जाएगा कि चुनावी बांड के नाम पर देश में क्या-क्या खेल हुआ है. स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को बगैर देर किए हुए अपनी वेबसाइट पर सूची अपडेट करनी चाहिए .इस फैसले से ईमानदारी का चोला ओढ़कर जो लोग पार्टी के लिए पैसे इकट्ठे कर रहे हैं, उन लोगों की भी पोल खुलेगी.

### लोकतंत्र के लिए उम्मीद की किरण : लखी सोरेन



झामुमो के धनबाद जिलाध्यक्ष लखी सोरेन ने कहा कि देश में चुनावी बांड के नाम पर जमकर वसूली हुई है और इस रुपये से खूब विधायक-सांसदों की खरीदारी हुई है. कुल मिलाकर चुनावी बांड को असंवैधानिक करार देना, बता रहा है कि देश में लोकतंत्र अभी भी जिंदा है. वर्ना कुछ मुट्ठी भर पूंजीपति और नेताओं के गठजोड़ ने देश के लोकतंत्र को नेस्तानाबूद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है. ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का फैसला देशवासियों के एक उम्मीद की किरण है. हां, कुछ लोगों को इस फैसले से जरूर तकलीफ होगी.

## बेरमो

### मोदी सरकार गैर जवाबदेह : रामचंद्र ठाकुर



माकपा राज्य सचिव मंडल के सदस्य रामचंद्र ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार सत्ता में बैठकर पूंजीपतियों को मालोमाल करने के लिए लगातार असंवैधानिक कदमों का सहारा ले रही है. देश की जनता के प्रति पूरी तरह से गैर जवाब देह है. मोदी सरकार ने जिस तरीके से फैसले लिए हैं उसके विरुद्ध जनता को जवाब देना चाहिए. मोदीजी संविधान की शपथ लेकर संविधान के प्रावधानों की धजियां उड़ाने में मशगूल हैं.

### बॉन्ड योजना को अलोकतांत्रिक थी : काशीनाथ केवट



झामुमो सह विस्थापित नेता काशीनाथ केवट ने चुनावी बॉन्ड योजना को अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक करार देते हुए इसे रद्द करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के फैसले स्वागत किया है. उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड बिल्कुल अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक था. इस असंवैधानिक बॉन्ड को लागू करनेवाली सरकार और उनकी राजनीतिक पार्टियों को कॉरपोरेट फंडिंग से मिले लाभ की जांच होनी चाहिए और चुनाव आयोग द्वारा पूरी पारदर्शिता के साथ असंवैधानिक चुनावी बॉन्ड के माध्यम से हुई कॉरपोरेट फंडिंग का विवरण को सार्वजनिक किया जाना चाहिए.

## चक्रधरपुर

### चुनावी हथकंडों पर रोक लगेगी : ताराकांत सिजुई



झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड सचिव ताराकांत सिजुई ने कहा की सुप्रीम कोर्ट द्वारा इलेक्टोरल यानी चुनावी बॉन्ड को असंवैधानिक घोषित करने का निर्णय बिलकुल सही है.झारखंड मुक्ति मोर्चा इस निर्णय का स्वागत करता है.उन्होंने कहा कि चुनाव में गलत तरीके से पैसे खर्च कर चुनाव जीतने वालों पर रोक लगेगी.अब चुनाव में बड़े बड़े उद्योगपतियों से राशि लेने वाले नेताओं व पार्टी को ब्योरा देना होगा.यह निर्णय पूर्व में ही लिया जाना चाहिए था.चुनाव में पारदर्शिता होना भी बेहद जरूरी है,चुनाव में वोटों की खरीद बिक्री बंद होनी चाहिए.

### चुनाव में काले धन पर रोक लगेगी : सुखलाल सामड



अंबेडकरराइट पार्टी ऑफ इंडिया के पश्चिमी सिंहभूम के जिला सचिव सुखलाल सामाड ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड को असंवैधानिक घोषित किए जाने का निर्णय का हमारी पार्टी स्वागत करती है.इस पर फैसला नहीं लिए जाने के कारण बड़ी राजनीतिक पार्टी गलत तरीके से चुनाव में पैसे खर्च करती थी.वहीं सूचना के अधिकार का भी उल्लघंन हो रहा था.अब चुनाव के दौरान भारी भरकम राशि खर्च करने वालों को अपने चंदा का हिसाब देना होगा.इस फैसले से गलत तरीके से चुनाव में पैसे खर्च करने वालों पर लगाम लगेगी.

## गिरिडीह

### सरकार व पूंजीपतियों का गठजोड़ होगा बेनकाब, लोकतंत्र पर भरोसा बढ़ा : कृष्ण मुरारी शर्मा



आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट के द्वारा गुरुवार को चुनावी बॉन्ड को अनुच्छेद 19(1)(ए) का उल्लंघन और असंवैधानिक करार दिये जाने पर कहा कि चुनावी बॉन्ड के खुलासे से सरकार और पूंजीपतियों का गठजोड़ बेनकाब होगा. विदित हो कि सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड योजना रद करते हुए गुरूवार को कहा था कि चुनावी बॉन्ड योजना सूचना का अधिकार कानून का उल्लघंन है और असंवैधानिक है. जनता को सूचना का अधिकार कानून के तहत यह जानने का अधिकार है कि किस पार्टी को किस पूंजीपति ने या किस कम्पनी ने कितना पैसा चंदा दिया है. शर्मा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार 13 मार्च तक इसकी सारी जानकारी चुनाव आयोग को वेबसाइट पर डाल देना है. उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश से देश की जनता का लोकतांत्रिक व्यवस्था पर भरोसा बढ़ा है. लोकतंत्र में न्यायपालिका सर्वोच्च है. उन्होंने कहा कि लेकिन यह भी आशंका है कि भाजपा सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश पर भी कोई अध्यादेश लाकर इस आदेश को निरस्त ना कर दे. उन्होंने कहा कि यदि ऐसा होता है तो देश भर में मोदी सरकार के खिलाफ लोकतंत्र को खत्म करने का संदेश जाएगा.

## गावां (गिरिडीह)

### फैसला स्वागत योग्य, चंदे की राशि सार्वजनिक होनी चाहिए : अजय कुमार सिन्हा



इलेक्टोरल बॉन्ड पर रोक लगाने के फैसले एवं स्कीम को अवैध करार देने के मामले में कांग्रेस के प्रदेश सचिव अजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला स्वागत योग्य है. कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद राजनीतिक दलों में हलचल मची है, पर देश के आम नागरिकों को यह जानने का हक है कि किस व्यवसाय ने राजनीतिक दलों को कितना चंदा दिया. उन्होंने कहा कि नैतिकता इसी में है कि सभी दलों को प्राप्त चंदा सार्वजनिक करनी चाहिए. मिले चंदा छिपा रहे हैं तो दाल में जरूर कोई काला है. उन्होंने सुप्रीम कोर्ट को इस बात के लिए धन्यवाद दिया है कि उसने एक इंसान को एहसास कराया कि वह भगवान नहीं है. पूंजीपतियों से चंदा लेकर जब किसी दल की सरकार बनेगी तो उसके निर्णय प्रभावित होंगे.

## रांची

### कोर्ट ने देश में लोकतंत्र को बचा लिया: मथुरा महतो



झामुमो के विधायक मथुरा महतो ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि राजनीतिक पार्टियों को कौन एवं कितना चंदा दे रहा है यह जानने का भारत के मतदाताओं को पूरा अधिकार है. इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिये देशी और विदेशी व्यक्तियों एवं कम्पनियों के लिए गुप्त रूप से राजनीतिक दलों को असीमित मात्रा में राजनीतिक पार्टियों को कौन चंदा दे रहा है, यह जानने का भारत के मतदाताओं को पूरा अधिकार है. इलेक्टोरल बांड के जरिये देशी और विदेशी व्यक्तियों व कंपनियों के लिए गुप्त रूप से राजनीतिक दलों को असीमित मात्रा में चंदा देने का प्रावधान बनाया गया था.

### फैसले से आएगी पारदर्शिता: विनोद सिंह



माले विधायक विनोद सिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा चुनावी बॉन्ड को निरस्त किए जाने का फैसला स्वागत योग्य है. इससे पारदर्शिता आएगी. लेकिन भाजपा येन-केन प्रकारेण और मजबूत होगी. कोई न कोई वैकल्पिक रास्ता निकाल ही लेगी. इस पर और मजबूत कानून बनाने की जरूरत है. राजनीतिक दलों को असीमित मात्रा में राजनीतिक पार्टियों को कौन एवं कितना चंदा दे रहा है यह जानने का भारत के मतदाताओं को पूरा अधिकार है. इसकी मांग पहले से ही हो रही थी.

### सुप्रीम कोर्ट का निर्णय देश हित में : समीर मोहंती



झामुमो विधायक समीर मोहंती ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा चुनावी बॉन्ड को असंवैधानिक घोषित करने का निर्णय देशहित में है. सुप्रीम कोर्ट को इस निर्णय का स्वागत करते हैं. इससे कालाधन पर अंकुश लगेगा. मतदाता भी जान पाएंगे कि किसने किसको चंदा दिया. कौन कितनी पारदर्शिता के साथ चुनाव लडा. अब इस धन के अवैध उपयोग पर भी लगाम लगेगा.

### अवैध धन पर रोक लगेगी : दिनेश विलियम



झामुमो के विधायक दिनेश विलियम मरांडी ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा चुनावी बॉन्ड को असंवैधानिक घोषित करते हुए इसे निरस्त के फैसले पर कहा है कि यह सुप्रीम कोर्ट का फैसला स्वागत योग्य है. इस पर अवैध धन पर रोक लगेगी. पारदर्शिता भी आएगी. फिलहाल हमलोग सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट की कॉपी मंगा रहे हैं. इसका विस्तृत अध्ययन कर अपनी बात रखेंगे. फिलहाल सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय स्वागत योग्य है.

### देर आए दुरुस्त आये: सरफराज अहमद



झामुमो के पूर्व विधायक सरफराज अहमद ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा चुनावी बांड को निरस्त किए जाने के फैसले पर कहा कि देर आए, दुरुस्त आए. बैक डोर से आने वाली ब्लैक मनी पर अब रोक लगेगी. पूरा हिसाब किताब देना होगा. पहले ब्लैक मनी को व्हाइट मनी कर दिया जाता था. अब मतदाता भी जान पाएंगे, किसको कितना चंदा मिला. इस निर्णय का असर अगले लोकसभा चुनाव में भी देखने को मिलेगा.

## बेरमो

### भाजपा का रवैया तानाशाही है : पंकज पांडेय



कांग्रेस पार्टी के गोमिया प्रखंड अध्यक्ष पंकज पांडेय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश को तानाशाही तरीके से चलाना चाहती है. इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने संवैधानिक संस्थाओं को नष्ट कर अपने हित में इलेक्टोरल बॉन्ड लाया ताकि पूंजीपतियों से सीधे चंदा ले सके. इसके बदले में वे पूंजीपतियों के हित में काम करती रही और देश की जनता मूकदर्शक बनी रही. सुप्रीम कोर्ट ने मोदी सरकार को करारा तमाचा मारा है.

## साहिबगंज

### मतदाताओं को जानने का हक : अनुकूल मिश्रा



सुप्रीम कोर्ट की ओर से इलेक्टोरल बॉन्ड पर रोक लगाने के फैसले एवं इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम को अवैध करार देने के मामले में साहिबगंज के विस्थापित एवं कॉंग्रेस पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष अनुकूल मिश्रा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला स्वागत योग्य कदम है. इससे भले ही राजनीतिक दलों में खलबली मची हुई है, लेकिन जनता एवं देश के सभी मतदाताओं को यह जानने का हक है कि राजनीतिक दलों को किसने और कितना चंदा दिया है. सभी दलों को इस खर्चे एवं चंदे को सार्वजनिक करना चाहिए.उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को इस बात के लिए धन्यवाद दिया है कि उसने एक इंसान को एहसास कराया कि वह भगवान नहीं है. पूंजीपतियों से चंदा लेकर जब कोई भी दल की सरकार बनेगी तो उसके निर्णय प्रभावित होंगे.


### यह सूचना के अधिकार की जीत है : नजरूल इस्लाम



साहिबगंज जेएमएम के पूर्व जिला अध्यक्ष नजरूल इस्लाम ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में पांच जजों की खंडपीठ के द्वारा इलेक्टोरल बोंड के संबंध में जो फैसला सुनाया गया है, वह सूचना के अधिकार की जीत है. देश की जनता को यह जानने का पूरा अधिकार है कि किसने कितना चंदा दिया है. एक स्वच्छ लोकतंत्र के लिए यह बहुत आवश्यक है। कि राजनीतिक दलों को कौन कितना चंदा देता है और इसका उपयोग कैसे होता है, इसकी पूरी पारदर्शिता झलकनी चाहिए. उन्होंने कहा कि 2018 से इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से चंदा लेने की प्रक्रिया चालू हुई. अभी तक सबसे अधिक चंदा 650 हजार करोड़ रूपया से अधिक चंदा बीजेपी को प्राप्त हुआ. इसके बाद अन्य दलों को चंदा प्राप्त हुआ है.

## चांडिल

### राजनीति में पारदर्शीता आएगी : सुखराम हेम्ब्रम



झामुमो के वरिष्ठ नेता सुखराम हेम्ब्रम ने कहा कि चुनावी बॉन्ड को असंवैधानिक घोषित करने का फैसला स्वागत योग्य है.इससे देश की राजनीति में पारदर्शीता आएगी. आखिर देशवासियों को यह जानने का पूरा हक है कि किसने देश के बजाय किसी राजनीतिक दल के विकास में कितना योगदान दिया है. राजनीतिक पार्टियों को कितना पैसा और कौन लोग देते हैं इसका खुलासा होना चाहिए. 2018 में जब यह चुनावी बॉन्ड योजना प्रस्तावित की गई थी तो इस योजना में कहा गया था कि आप बैंक से बॉन्ड खरीद सकते हैं और पैसा पार्टी को दे सकते हैं जो आप देना चाहते हैं लेकिन आपका नाम उजागर नहीं किया जाएगा,जो गलत है.

### किसने कितना चंदा दिया, सभी को जानने का हक : राजू



कांग्रेस के सरायकेला-खरसावां जिला महासचिव राजू चौधरी ने सुप्रीम कोर्ट के चुनावी बॉन्ड को असंवैधानिक घोषित करने के फैसले का स्वागत किया है. सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि चुनावी चंदा किस दल को कितना मिल रहा है, यह देश की जनता को भी जानना चाहिए. साथ ही किसने किस दल को कितनी धनराशि चंदे के रूप में दी है, यह भी देश को बताए. उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार स्टेट बैंक को राजनीतिक दलों को चंदा देनेवाले दानदाताओं का नाम तत्काल सार्वजनिक करना चाहिए. कांग्रेस के जिला महासचिव ने कहा कि इस ऐतिहासिक फैसले से चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने इलेक्टोरल यानी चुनावी बॉन्ड को असंवैधानिक घोषित करते हुए इसे निरस्त के फैसले से देश में लोकतंत्र को बचा लिया है.

**क्रिकेट टेस्ट मैच :** भारत ने पहली पारी में बनाए 445 रन, इंग्लैंड 238 रन पीछे

# इंग्लैंड की ताबड़तोड़ शुरुआत

भाषा। राजकोट

रविचंद्रन अश्विन 500 टेस्ट विकेट के आंकड़े को छूने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय गेंदबाज बने लेकिन इंग्लैंड ने सलामी बल्लेबाज बेन डकेट के नाबाद तूफानी शतक से भारत के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में दो विकेट पर 207 रन बनाकर अपना पलड़ा भारी रखा. डकेट 118 गेंद में 21 चौकों और दो छक्कों से नाबाद 133 रन बनाकर खेल रहे हैं. उन्होंने जैक क्राउली (15) के साथ पहले विकेट के लिए 89 और ओली पोप (55 गेंद में 39 रन, पांच चौके, एक छक्का) के साथ दूसरे विकेट के लिए 93 रन की साझेदारी की.

स्टंप के समय जो रूट नौ रन बनाकर उनका साथ निभा रहे थे. भारत के पहली पारी के 445 रन से इंग्लैंड अब 238 रन पीछे है. इंग्लैंड के दबदबे का अंदाजा इस बात से लगता है कि उसने अब तक 35 ओवर में 32 बाउंड्री लगाई हैं जिसमें 29 चौके और तीन छक्के शामिल हैं.

**अश्विन ने भारत को पहली सफलता दिलाई :** अश्विन ने अपने दूसरे ही ओवर में क्राउली को आउट करके भारत को पहली सफलता दिलाई. डकेट को इसके बाद पोप के रूप में उम्दा जोड़ीदार मिला. पोप ने कुलदीप पर छक्का जड़ा जबकि डकेट ने अश्विन की लगातार गेंदों पर छक्का और चौका मारा. डकेट ने सिराज पर लगातार दो चौकों के साथ 88 गेंद में शतक पूरा किया. वह हालांकि इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज की ओर से 86 गेंद में सबसे तेज शतक के क्राउली के रिकॉर्ड को तोड़ने से चूक गए.

सिराज ने पोप को पगबाधा करके इस साझेदारी को तोड़ा. मैदानी अंपायर ने उन्हें आउट नहीं दिया था लेकिन, डीआरएस लेने पर फैसला भारत के पक्ष में गया. इससे पहले बल्लेबाजों के पिच के बीच में दौड़ने के लिए भारत पर पांच रन का जुर्माना लगाया गया जिससे, इंग्लैंड ने पारी की शुरुआत बिना विकेट खोए पांच रन से की.



**500** टेस्ट विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बने अश्विन

**118** गेंद में डकेट नाबाद 133 रन बनाकर खेल रहे हैं, दूसरा टेस्ट मैच

**ध्रुव और अश्विन की साझेदारी रही शानदार :** भारत ने पदार्पण कर रहे ध्रुव जुरेल (104 गेंद में 46 रन, दो चौके, तीन छक्के) और अश्विन (89 गेंद में 37 रन, छह चौके) के बीच आठवें विकेट की 77 रन की साझेदारी से पहली पारी में 445 रन बनाए. कप्तान रोहित शर्मा (131) और रविंद्र जडेजा (112) ने कल शतक जड़े थे. जसप्रीत बुमराह (26 रन, 28 गेंद, तीन चौके, एक छक्का) और मोहम्मद सिराज (नाबाद 03) ने अंतिम विकेट के लिए 30 महत्वपूर्ण रन जोड़े.

## डकेट ने की तूफानी बल्लेबाजी, जमाया शतक



डकेट ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए 19 चौकों की मदद से सिर्फ 88 गेंद में अपना तीसरा शतक पूरा किया. इससे पहले अनुभवी ऑफ स्पिनर अश्विन पूर्व कप्तान अनिल कुंबले के बाद 500 टेस्ट विकेट हासिल करने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बने. अश्विन को यह उपलब्धि हासिल करने के लिए सिर्फ एक विकेट की दरकार थी. क्राउली उनकी गेंद को स्वीप करने के प्रयास में हवा में उछाल गए और शॉर्ट फाइन लेग पर रजत पाटीदार ने आसान कैच लपका. डकेट ने इंग्लैंड को तूफानी शुरुआत दिलाई. उन्होंने बुमराह पर पारी का पहला चौका जड़ने के बाद इस तेज गेंदबाज के अगले ओवर में दो और चौके मारे. डकेट ने कुलदीप यादव का स्वागत दो चौकों के साथ किया और फिर सिर्फ 39 गेंद में अर्धशतक पूरा किया.

### भारत ने दिन की शुरुआत पांच विकेट से किया

भारत ने दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 326 रन से करते हुए सुबह के सत्र में दो विकेट गंवाकर 62 रन जोड़े. जडेजा (225 गेंद में 112 रन, नौ चौके, दो छक्के) अपने कल के स्कोर में सिर्फ दो रन जोड़ने के बाद रूट को उन्हीं की गेंद पर आसान कैच देकर पवेलियन लौटे. भारत ने इससे पहले दिन के चौथे ओवर में ही रात्रि प्रहरी कुलदीप यादव (04) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने एंडरसन की गेंद पर फोक्स को कैच थमाया. एंडरसन (41 वर्ष) टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट चटकाने वाला पहला तेज गेंदबाज बनने से सिर्फ चार विकेट दूर हैं. अश्विन के पिच पर दौड़ने के कारण मैदानी अंपायर जोएल विल्सन ने भारतीय टीम पर पांच रन का जुर्माना लगाया. भारत को पहले दिन भी चेतावनी मिली थी जब जडेजा ने ऐसा किया था.

### मौके का फायदा नहीं उठा सके ध्रुव जुरेल

सुबह के सत्र में दो विकेट जल्दी गिरने के बाद जुरेल और अश्विन ने पारी को संभाला. अश्विन बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में रेहान अहमद (85 रन पर दो विकेट) की गेंद को मिड ऑन पर जेम्स एंडरसन के हाथों में खेल गए. जुरेल पदार्पण करते हुए अर्धशतक की ओर से बढ़ रहे थे लेकिन चार रन से चूक गए जब रेहान ने उन्हें विकेटकीपर बेन फोक्स के हाथों कैच कराया. जुरेल ने आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी करते हुए तीन छक्के लगाए. उन्होंने मार्क वुड (114 रन पर चार विकेट) की 146 किमी प्रति घंटा से अधिक की शॉर्ट गेंद को स्लिप के ऊपर से छह रन के लिए भेजकर अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय बाउंड्री लगाई. भाग्य ने भी जुरेल का साथ दिया जबकि, पोप ने मिड विकेट और कप्तान बेन स्टोक्स ने लेग स्लिप में उनका कैच छोड़ा.



## रणजी नहीं खेले ईशान किशन अधिकारी ने जताई नाराजगी

**आईपीएल पर ध्यान केंद्रित करने पर बीसीसीआई भड़का**

- अंतिम दौर के मुकाबलों में दीपक चाहर और श्रेयस अय्यर भी अपनी घरेलू टीमों का हिस्सा नहीं हैं

भाषा। जमशेदपुर

इशान किशन की रणजी ट्रॉफी से अनुपस्थिति जारी रही जब, झारखंड के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने वाला यह विकेटकीपर बल्लेबाज शुक्रवार को शुरू हुए अंतिम दौर के मैच में भी टीम का हिस्सा नहीं बना.

इशान का यह कदम भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को पसंद नहीं आएगा. इशान के प्रथम श्रेणी क्रिकेट नहीं खेलने और सिर्फ आईपीएल पर ध्यान केंद्रित करने के कारण बीसीसीआई को खिलाड़ियों के इस लुभावनी लीग की नीलामी में हिस्सा लेने का पात्र होने के लिए न्यूनतम रणजी ट्रॉफी मैचों में खेलना अनिवार्य करने के लिए मजबूर होना पड़ा. विभिन्न स्थानों पर शुरू हुए अंतिम दौर के मुकाबलों में दीपक चाहर और श्रेयस अय्यर भी अपनी घरेलू टीमों का हिस्सा नहीं हैं. अय्यर को हालांकि कमर और ग्रोइन में समस्या है. इन तीन खिलाड़ियों - इशान, चाहर और अय्यर को विशेष रूप से प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपनी-अपनी राज्य टीमों के लिए खेलने के लिए कहा गया था.

### ईशान की जगह कुशाग्र निभा रहे हैं जिम्मेदारी

इशान की अनुपस्थिति में कुमार कुशाग्र झारखंड के लिए विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी निभा रहे हैं. छह मैच में केवल एक जीत से 10 अंक जुटाने वाला झारखंड अंतिम दौर में घरेलू मैदान पर राजस्थान से खेल रहा है. इशान जिस तरह से 'यात्रा की थकान' का हवाला देकर राष्ट्रीय टीम के दक्षिण अफ्रीका दौरे के बीच से लौटने के बाद से लगातार मैचों से बाहर रहे है, उससे भारतीय क्रिकेट के अधिकारी खुश नहीं है. इससे भी अधिक यह पता चला कि वह मुंबई इंडियंस के अपने नए कप्तान हार्दिक पंड्या के साथ बड़ौदा में ट्रेनिंग कर रहे थे जबकि, उनकी राज्य की टीम रणजी ट्रॉफी में ग्रुप ए तालिका में निचले पायदान पर थी. इस बात पर आम सहमति है कि एक सख्त नीति का पालन करने की आवश्यकता है ताकि युवा खिलाड़ी सिर्फ आईपीएल में खेलने को अपनी आदत नहीं बना लें.

### स्पेंसर को हरा घोषाल स्क्वाश ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**नयी दिल्ली ।** भारत के शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी सौरव घोषाल ने गुरुवार को अमेरिका के स्पेंसर लवजॉय को कड़े मुकाबले में 3-1 से हराकर वाशिंगटन में चल रहे स्क्वाश ऑन फायर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई. सैंतीस साल के घोषाल ने पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए स्थानीय खिलाड़ी स्पेंसर को 4-11, 11-8, 11-4, 13-11 से हराया. दुनिया के 26वें नंबर के खिलाड़ी और छठे वरीय घोषाल को इस 51 हजार 500 डॉलर इनामी पीएसए विश्व टूर ब्रॉन्ज प्रतियोगिता के पहले दौर में बाई मिली थी. घोषाल क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी और शीर्ष वरीय विक्टर क्रोइन से भिड़ेंगे. गत राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार को हालांकि मिस्र के दूसरे वरीय यूसेफ सोलिमान ने 11-6, 11-8, 11-2 से हराया. तमिलनाडु के सेंथिलकुमार ने पहले दौर में ब्रिटेन के मार्क ब्रोएकमैन को 22 मिनट में 11-4, 11-4, 11-2 से हराया था.

## दूसरे टेस्ट में 7 विकेट से हारा द. अफ्रीका

- चौथी पारी में लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत दर्ज करने के दौरान यह न्यूजीलैंड का पांचवां सबसे बड़ा स्कोर है

भाषा। हैमिल्टन (न्यूजीलैंड)



केन विलियमसन के नाबाद शतक और विल यंग के साथ उनकी अटूट शतकीय साझेदारी से न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को यहां दूसरे क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हराकर उसके खिलाफ पहली बार टेस्ट श्रृंखला जीती. न्यूजीलैंड ने दो मैच की श्रृंखला 2-0 से अपने नाम की. विलियमसन ने 260 गेंद में 12 चौकों और दो छक्कों से 133 रन की नाबाद पारी खेलने के अलावा विल यंग (134 गेंद में नाबाद 60, आठ चौके) के साथ चौथे विकेट के लिए 152 रन की अटूट साझेदारी करके न्यूजीलैंड को तीन विकेट पर 269 रन पर पहुंचाकर जीतकर दिलाई. चौथी पारी में लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत दर्ज करने के दौरान यह न्यूजीलैंड का पांचवां सबसे बड़ा स्कोर है. विलियमसन ने पहले टेस्ट की दोनों पारियों में भी शतक जड़ा था जिसे न्यूजीलैंड ने 281 रन से जीता था. दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी के आधार पर 31 रन की बढ़त हासिल की थी और फिर दूसरी पारी में 235 रन बनाकर न्यूजीलैंड को 267 रन का लक्ष्य दिया.

न्यूजीलैंड ने चौथे दिन की शुरुआत एक विकेट पर 40 रन से की. मेजबान टीम को जीत के लिए इस समय 227 रन जबकि दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट की दरकार थी. विलियमसन ने एक छोर संभाले रखा. उन्होंने अपना 32वां टेस्ट शतक 203 गेंद में पूरा किया और इस दौरान रचिन रविंद्र (20) के साथ तीसरे विकेट के लिए 64 रन भी जोड़े. ऑफ स्पिनर डेन पीट ने जब रविंद्र को आउट करके न्यूजीलैंछ का स्कोर तीन विकेट पर 117 रन किया तब मेजबान टीम को 150 रन की और जरूरत थी. विलियमसन ने इसके बाद यंग के साथ मिलकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया. वह ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ के साथ 32 शतक के आंकड़े तक पहुंचने वाले सिर्फ दो सक्रिय खिलाड़ियों में शामिल हैं. विलियमसन ने 172वीं पारी में 32वां शतक जड़ा और वह स्मिथ, रिकी पोंटिंग, सचिन तेंदुलकर, यूनिस खान, सुनील गावस्कर, कुमार संगकारा, जाक कैलिस और ब्रायन लारा जैसे खिलाड़ियों से कम पारियों में इस उपलब्धि को हासिल करने में सफल रहे.

### काराबेली को हरा अल्कारेज क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

**ब्यूनस आयर्स।** गत चैंपियन और शीर्ष वरीय कार्लोस अल्कारेज ने गुरुवार को यहां कैमिलो काराबेली को सीधे सेट में हराकर अर्जेन्टीना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई. बीस साल के अल्कारेज ने अर्जेन्टीना के अपने प्रतिद्वंद्वी को 6-2, 7-5 से हराया. अल्कारेज अगले दौर में इटली के आंद्रिया वावासोरी से भिड़ेंगे जिन्होंने सर्बिया के लास्लो जेयर को 6-4, 7-5 से शिकस्त दी. पिछले साल के उप विजेता दूसरे वरीय कैमरन नोरी को अर्जेन्टीना के फेडेरिको कोरिया ने 6-2, 4-6, 6-3 से हराया.

### मनु गंडास ने अपने करियर का 8वां खिताब जीता


**कोलकाता।** गुरुग्राम के मनु गंडास ने अंतिम दौर में छह अंडर 64 के स्कोर से शुक्रवार को यहां एक करोड़ रुपये इनामी टाटा स्टील पीजीटआई प्लेयर्स गोल्फ चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया. मनु ने अंतिम दौर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और लगातार दूसरे दौर में 64 का स्कोर बनाया. उनका कुल स्कोर 20 अंडर 260 रहा. उन्होंने अंतिम दौर में छह बर्डी लगाईं. मनु गंडास ने अपने कॅरियर का आठवां खिताब जीता है.

## शारदुल व दुबे चमके, असम पर कसा शिकंजा

भाषा। मुंबई

भारत के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों शारदुल ठाकुर ने गेंद जबकि शिवम दुबे ने बल्ले से चमक बिखेरी जिससे, 41 बार के चैंपियन मुंबई ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच के पहले दिन शुक्रवार को यहां असम पर शिकंजा कस दिया. नई गेंद से शारदुल (21 रन पर छह विकेट) की तूफानी गेंदबाजी के सामने असम की टीम 32.1 ओवर में सिर्फ 84 रन पर ढेर हो गई. बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी ने भी आठ रन देकर दो विकेट चटकाए. टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरे असम के सिर्फ तीन बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंच सके. अभिषेक ठकुरी 31 रन बनाकर टीम के शीर्ष स्कोरर रहे. इसके जवाब में मुंबई ने दुबे की 95 गेंद में 10 चौकों और पांच छक्कों से नाबाद 101 रन की पारी की बदौलत दिन का खेल खत्म होने तक 48.4 ओवर में छह विकेट पर 217 रन बनाए. दुबे के अलावा मुलानी (31), पृथ्वी साव (30), कप्तान अजिंक्य रहाणे (22) और विकेटकीपर बल्लेबाज हार्दिक तोमारे (22) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं. असम की ओर से राहुल सिंह और दिवाकर जोहरी ने दो-दो विकेट चटकाए. मुंबई को 133 रन की बढ़त हासिल है जबकि उसके चार विकेट शेष हैं.

कोलकाता में बंगाल ने रणजी ट्रॉफी खेलने के लिए भारतीय टीम से रिलीज किए गए मुकेश कुमार (18 रन पर चार विकेट) और सूरज सिंधू जायसवाल (47 रन पर चार विकेट) के बीच आठ विकेट की बदौलत बिहार को ईडन गार्डन्स पर 46.4 ओवर में 95 रन पर समेट दिया.



### बंगाल ने 16 रन की बढ़त हासिल की

इसके जवाब में बंगाल ने 33 ओवर में दो विकेट पर 111 रन बनाकर 16 रन की बढ़त हासिल कर ली. दिन का खेल खत्म होने पर सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन 48 रन बनाकर खेल रहे थे जबकि अनुस्तुप मजूमदार 13 रन बनाकर उनका साथ निभा रहे हैं. लखनऊ में संजीत देसाई के नाबाद 113 और कप्तान अमनदीप खरे के नाबाद 70 रन से छत्तीसगढ़ ने उत्तर प्रदेश के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 238 रन बनाए. उत्तर प्रदेश की ओर से आकिब खान ने 55 रन देकर दो विकेट चटकाए. विजयनगर में ग्रुप के एक अन्य मैच में आंध्र ने महीप कुमार (81) और रिकी भुई (नाबाद 79) की पारियों से केरल के खिलाफ सात विकेट पर 260 रन बनाए. केरल की ओर से बासिल थंपी और नेदुमानकुझी बासिल ने दो-दो विकेट हासिल किए.

**चैंपियनशिप** पीवी सिंधू, अस्मिता चालिहा और अश्विनी पोनप्पा व तनीषा क्रास्टो की युगल जोड़ी ने किया कमाल

# हांगकांग को हराकर भारतीय महिला टीम ने जीता एतिहासिक पदक

भाषा। मलेशिया

भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने शुक्रवार को यहां क्वार्टर फाइनल में हांगकांग पर 3-0 की जीत के साथ बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) में अपना पहला पदक पक्का किया. शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन को हराकर ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहने के बाद भारत ने दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू, अस्मिता चालिहा और अश्विनी पोनप्पा तथा तनीषा क्रास्टो की युगल जोड़ी की जीत के दम पर हांगकांग को हराया. अब भारत का मुकाबला जापान और चीन के बीच होने वाले एक अन्य क्वार्टर फाइनल के विजेता से होगा. चोट के कारण लंबे समय बाद वापसी करते हुए सिंधू ने अपने से निचली रैंकिंग वाली लो सिन यान हैप्पी के खिलाफ कड़े मुकाबले में 21-7, 16-21, 21-12 से जीत दर्ज की. इसके बाद तनीषा और अश्विनी की महिला युगल जोड़ी ने येयुंग एनगा टिंग और येयुंग पुई लैम की दुनिया की 18वें नंबर की जोड़ी को 35 मिनट में 21-10, 21-14 से हराकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी.




### सिंधू और लो के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली

दुनिया की 77वें नंबर की खिलाड़ी लो के खिलाफ सिंधू ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले गेम में 11-1 की बढ़त बनाई. भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद आसानी से पहला गेम जीत लिया. दूसरे गेम में सिंधू और लो के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली और दोनों खिलाड़ी 10-10 पर बराबरी पर थीं. हांगकांग की खिलाड़ी ने ब्रेक तक 11-10 की बढ़त बनाई लेकिन, खेल दोबारा शुरू होने पर लगातार चार अंक के साथ बढ़त 15-10 कर दी. सिंधू को शटल को नियंत्रित करने में परेशानी हो रही थी और उन्होंने कई शॉट नेट पर और बाहर मारे.

### महिला टीम के लिए एक सहज परिणाम

अस्मिता ने येयुंग सुम यी पर 21-12, 21-13 की आसान जीत से भारत की जीत सुनिश्चित की और टीम के लिए कम से कम कांस्य पदक पक्का किया. टीम के साथ मौजूद पूर्व राष्ट्रीय कोच विमल कुमार ने शाह आलम से बताया कि यह महिला टीम के लिए एक सहज परिणाम है. मैं उनके प्रदर्शन से बहुत खुश हूं. उन्होंने कहा कि थोड़ा ड्रिफ्ट था इसलिए शुरू में शटल को नियंत्रित करना मुश्किल था क्योंकि शटल बाहर जा रही थी.

### गेम में अच्छी लय में नजर आईं सिंधू

तीसरे और निर्णायक गेम में सिंधू अच्छी लय में नजर आईं. उन्होंने 5-1 की बढ़त बनाई और फिर ब्रेक तक 11-7 से आगे रहीं. सिंधू ने अपने विविधता से भरे शॉट से 17-8 की बढ़त बनाई. लो के नेट पर शॉट मारने से सिंधू को नौ मैच प्वाइंट मिले. लो ने एक मैच प्वाइंट बचाया लेकिन फिर शॉट बाहर मारकर मैच सिंधू की झोली में डाल दिया.

## भारत को विश्व टेबल टेनिस में चीन से मिली शिकस्त

भाषा। बुसान (दक्षिण कोरिया)

**खास बातें**

- खिलाड़ी आयहिका ने शानदार प्रदर्शन किया
- श्रीजा ने यिदी को एकतरफा मुकाबले में 3-0 से हराया

भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ियों आयहिका मुखर्जी और श्रीजा अकुला ने शुक्रवार को यहां दुनिया की शीर्ष दो खिलाड़ियों क्रमशः सुन यिंगशा और वैंग यिदी को हराया लेकिन इसके बावजूद भारत को विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप में गत चैंपियन चीन के खिलाफ 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा. दुनिया की 155वें नंबर की खिलाड़ी आयहिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी यिंगशा को 12-10 2-11 13-11 11-6 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई. राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता श्रीजा ने यिदी को एकतरफा मुकाबले में 3-0 (11-7 11-9 13-11) से हराया. भारत की शीर्ष रैंकिंग वाली खिलाड़ी मनिका बत्रा ने हालांकि, निराश किया और वह दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी वैंग मान्यु (3-11 8-11 15-13 7-11) और यिंगशा (3-11 6-11 13-11 9-11) के खिलाफ अपने दोनों एकल मुकाबले हार गई. मुकाबला इसके बाद 2-2 से बराबर था. छब्बीस साल की आयहिका भी इसके बाद मान्यु के खिलाफ सीधे गेम में 9-11 11-13 6-11 से हार गई जिससे, भारत को शिकस्त झेलनी पड़ी.

▼ ब्रीफ खबरें

## विधायक मनोज मंजिल की विस सदस्यता रद्द



**पटना ।** आरा के एमपी/एमएलए अदालत द्वारा हत्या के एक मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद सीपीआई (एमएल) विधायक मनोज मंजिल को बिहार विधानसभा से अयोग्य घोषित कर दिया गया है. इसकी अधिसूचना बिहार विधानसभा सचिवालय के द्वारा शुक्रवार को जारी कर दी गई है.

## पड़ोसी ने घर में फेंका बम, तीन बच्चे झुलसे

**सिवान ।** सिवान में बमबाजी में तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना जिले के बसंतपुर थानाक्षेत्र की बतायी जा रही है. सूचना मिलने के बाद महाराजगंज एसडीपीओ और बसंतपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची. एक जिंदा बम को बरामद किया गया है. इलाके में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है. तीन आरोपी को गिरफ्तार किया गया है. घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि आपसी विवाद में दो पड़ोसी के बीच हिंसक झड़प हुई. इसमें एक पड़ोसी ने दूसरे पड़ोसी के घर में खिड़की से बम फेंक दिया. विस्फोट में घर में मौजूद तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हैं, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

## सीएम ने साइंस सिटी का किया निरीक्षण

**पटना ।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को निर्माणाधीन डॉ. एपीजे कलाम साइंस सिटी का निरीक्षण किया. इस दौरान मुख्यमंत्री ने साइंस सिटी परिसर में बन रहे भवन के विभिन्न भागों का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कलाम साइंस सिटी का निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करें. इस साइंस सिटी के निर्माण को लेकर कई विशेषज्ञों की राय ली गई. बहुत पहले से इस साइंस सिटी के निर्माण को लेकर हमारे मन में कॉन्सेप्ट था और हमने इसको लेकर अपना आइडिया दिया. जब यह बनकर तैयार हो जाएगा तो अपने आप में विशिष्ट होगा.

### सासाराम पहुंची 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा', बोले राहुल गांधी -

# 'इंडिया' की सरकार बनी तो किसानों को मिलेगा वाजिब एमएसपी

**संवाददाता । पटना**

राज्य के सासाराम में शुक्रवार को राहुल गांधी ने न्याय यात्रा में घोषणा किया कि आईएनडीआई गठबंधन की सरकार बनने पर किसानों को उनका वाजिब एमएसपी मिलेगा. कांग्रेस नेता ने कहा कि आपकी जमीन आपसे छीनी जा रही है. सही राशि और सही मुआवजा नहीं दिया जा रहा है.

जब हमारी सरकार थी तब किसानों के जमीन की रक्षा के लिए जमीन अधिग्रहण बिल लाया गया. राहुल गांधी ने कहा कि यह कानून हमारी सरकार लेकर आई और वह कानून आपके लिए देश के किसानों के लिए लागू किया गया था लेकिन इस कानून को केंद्र सरकार ने रद्द कर दिया और किसानों के साथ हकमारी कर रहे हैं. याद रखें जब हमारे गठबंधन की सरकार आएगी तो किसानों को वापस से वह सभी सुविधाएं मिलेंगी जो हमारी सरकार में पहले से मिला करती थी. हमारी सरकार बनेगी तो जितने भी सरकारी बहाली हैं वह पूरी कर ली जाएगी. यह हमारी गठबंधन का पूरे देश से लागू होगा. उन्होंने कहा कि किसानों को फसल का सही दाम नहीं मिल रहा है. हमारी सरकार में आने के बाद कांग्रेस एमएसपी की लीगल गारंटी देगी.



### तेजस्वी यादव ने राहुल गांधी की न्याय यात्रा में संभाली स्टीयरिंग

कांग्रेस के वरीय नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा रोहतास (सासाराम) पहुंची. शुक्रवार को पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव रोहतास पहुंचे. तेजस्वी न सिर्फ राहुल गांधी की यात्रा में शामिल हुए, बल्कि उनके सारथी भी बने. इंडी एलायंस के हजारों कार्यकर्ता और समर्थकों साथ तेजस्वी लाल रंग की चारपहिया पर राहुल के साथ नजर आए. गाड़ी के पीछे की सीट पर कांग्रेस की वरीय नेत्री मीरा कुमार भी नजर आईं.

### नीतीश के लिए दरवाजे हमेशा खुले हैं : लालू

**पटना ।** राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने शुक्रवार को कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए उनके दरवाजे हमेशा खुले हैं. नीतीश कुमार हाल ही में राजद व कांग्रेस के साथ वाले महागठबंधन से नाता तोड़कर कर भाजपा के नेतृत्व वाले राजग में शामिल हो गए. जदयू अध्यक्ष के विरोधी खेमे में जाने के बाद प्रदेश में सत्ता गंवाने वाले वाली राजद के अध्यक्ष ने यहां पत्रकारों के सवालों के जवाब में यह टिप्पणी की. इस बीच जदयू एमएलसी नीरज कुमार ने कहा, लालू जी कहते हैं कि दरवाजे अब भी खुले हैं. उन्हें मालूम होना चाहिए कि दरवाजे पर अलीगढ़ का मशहूर ताला लगा दिया गया है. हमारे नेता नीतीश कुमार ने स्पष्ट रूप से कहा है कि जब भी राजद ने हमारे साथ सत्ता साझा की है, वह भ्रष्टाचार में लिप्त रही है. वापस जाने का कोई सवाल ही नहीं है.



### लालू के बयान पर सम्राट चौधरी का पलटवार

**पटना ।** राजद सुप्रीमो लालू यादव और तेजस्वी यादव की ओर से नीतीश के वापसी के बयान पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि यह नीतीश को तय करना है कि भाजपा के साथ गठबंधन में रहना है या राजद के साथ. यह लालू को तय नहीं करना है कि नीतीश कुमार किस गठबंधन के साथ रहेंगे. उन्होंने कहा कि नीतीश ने अपनी सारी बातें रख दी है. जनता के बीच साफ संदेश गया है तो फिर इसमें लालू को क्या तय करना है. हकीकत तो यह है कि लालू यह जान चुके हैं कि अब हमारा खाता नहीं खुलने वाला है, इसलिए कुछ भी बोले जा रहे हैं.



### औरंगाबाद में कंटेनर और कार में भीषण टक्कर

# हादसे में बाप-बेटी की मौत, 3 घायल

**संवाददाता । औरंगाबाद**

औरंगाबाद में शुक्रवार को हुए सड़क हादसे में एक बाप-बेटी की मौत हो गई. सड़क दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना बारुण थाना क्षेत्र के एनएच-19 पर स्थित शिव शक्ति होटल के पास की है. कंटेनर और कार की भीषण टक्कर हो गई. मृतकों की पहचान गया जिले के खिजरसराय निवासी अनूप प्रसाद (55 वर्ष) और उनकी बेटी अपर्णा कुमारी (25 वर्ष) के रूप में हुई है. हादसे में घायल हुए तीन लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया. जानकारी के अनुसार अनूप प्रसाद अपने परिवार के सदस्यों के साथ सासाराम से एक मांगलिक समारोह से शामिल होकर शुक्रवार को अपनी कार से गांव की तरफ लौट रहे थे. जैसे ही उनकी गाड़ी बारुण के शिव शक्ति होटल के पास पहुंची वैसे ही एक कंटेनर से जोरदार टक्कर हो गई. हादसा इतना जबरदस्त था कि कार के परखच्चे उड़ गए.

कार में सवार थे कुल पांच लोग : कंटेनर से कार के टकराने के बाद तेज आवाज हुई. हादसे के बाद स्थानीय लोग घटनास्थल की तरफ दौड़ पड़े. कार में पांच लोग सवार थे. सभी पांच लोगों को गाड़ी से निकालकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बारुण लाया गया जहां चिकित्सकों ने बाप-बेटी को मृत घोषित कर दिया. वहीं तीन अन्य लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गया मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल रेफर कर दिया.



### पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लिया

हादसे के बाद कंटेनर का चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया. घटना की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष कुमार सौरभ ने बताया कि हादसे के बाद घटनास्थल का मुआयना कर दोनों वाहनों को कब्जे में लिया गया है. सभी घायलों का इलाज कराया गया. इसकी सूचना परिजनों को दी गई. शव का सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया है.

### गुरुवार की रात मूर्ति विसर्जन कर लौटते समय हुआ था हादसा

## मृतकों की संख्या हुई पांच, तीन की हालत नाजुक

**अररिया ।** अररिया नगर थाना क्षेत्र के दियारी पंचायत के मजगामा में गुरुवार की रात मूर्ति विसर्जन कर लौटने के क्रम में सड़क पर लगे हाइट गार्डर से ट्रैक्टर के टकराने के कारण हुए हादसे में मृतकों की संख्या पांच पहुंच गई है. वहीं तीन लोगों की हालत अभी भी चिंताजनक बनी हुई है, जिसका इलाज पूर्णिया के निजी अस्पताल में किया जा रहा है. सड़क निर्माण कर रही एजेंसी ने बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक को लेकर सड़क पर लोहे के मोटे प्लेट से बैरिकेडिंग की थी, जिसका हाइट काफी कम था. हादसे में पूर्व मुखिया प्रतिनिधि समेत अब तक पांच लोगों की मौत हो गई है.





फिर बने राष्ट्रीय अध्यक्ष

**पटना ।** पटना में राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी की राष्ट्रीय परिषद की बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस को राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी का दोबारा राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने के बाद समर्थकों ने उन्हें माला पहनाई.

## गया में अपराधियों ने दंपती को मारी गोली, पत्नी की मौत

**संवाददाता । गया**

गया में अपराधियों ने दंपती को गोली मार दी. इसमें पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं पति की हालत गंभीर है. घटना जिले के भदवर थाना क्षेत्र के सिहौता गांव की है. गुरुवार देर रात को दंपती अपने घर में सो रहे थे. इसी बीच अपराधी घर में घुसे और गोली मारी दी. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया. आसपास के लोगों की भीड़ लग गई. इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई. पुलिस ने घटनास्थल पर मृत पड़े महिला के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया. साथ ही गोलीबारी की वारदात में घायल पति को अस्पताल भेज दिया गया. एसपी आशीष भारती ने बताया कि गुरुवार की देर रात भूमि विवाद को लेकर दस की संख्या में आए अपराधियों ने सो रहे दंपती को गोली मार दी.



## मूर्ति विसर्जन के दौरान डूबे पांच बच्चे, 3 लापता

**वैशाली ।** वैशाली में मूर्ति विसर्जन करने गए पांच बच्चे नदी में डूब गए. तीन बच्चों को नदी से बाहर निकाल लिया गया है. इनको अस्पताल में भर्ती करवाया गया है. वहीं दो की तलाश जा रही है. घटना वैशाली थाना क्षेत्र के सिमरा घाट की है. शुक्रवार शाम को बच्चे मूर्ति विसर्जन करने आए थे. इसी दौरान पांच बच्चे गहराई में जाकर डूब गए. हालांकि समय रहते तीन बच्चों को बाहर निकाल लिया गया. घटना की सूचना पर स्थानीय थाना की पुलिस मौके पर पहुंची है. पुलिस स्थानीय गोताखोरों की मदद से सर्च ऑपरेशन चला रही है.

**कारोबार**

## एंटरो हेल्थकेयर के शेयर में 2% की गिरावट

**नयी दिल्ली ।** एंटरो हेल्थकेयर सॉल्यूशंस के शेयर निर्गम मूल्य 1,258 रुपये से दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ शुक्रवार को बाजार में सूचीबद्ध हुए. एनएसई पर शेयर ने 1,258 रुपये के निर्गम मूल्य से 2.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,228.70 रुपये पर कारोबार शुरू किया. बीएसई पर शेयर निर्गम मूल्य के मुकाबले 1.03 प्रतिशत लुढ़कर 1,245 रुपये पर खुला. बाद में यह 4.61 प्रतिशत गिरकर 1,200 रुपये पर आ गया. बीएसई पर सुबह के कारोबार में कंपनी का बाजार मूल्यांकन 5,225.99 करोड़ रुपये रहा.

## सीएम ने 65,000 करोड़ की आधारशिला रखी

**नयी दिल्ली ।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने 65,000 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश से स्थापित होने वाली जेएसडब्ल्यू समूह की इस्पात परियोजना की शुक्रवार को आधारशिला रखी. जेएसडब्ल्यू स्टील ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि प्रस्तावित परियोजना में कैप्टिव पावर प्लांट और कार्गो-हैंडलिंग क्षमता वाले कैप्टिव जेटी के साथ 1.32 करोड़ टन की वार्षिक इस्पात विनिर्माण क्षमता होगी. कंपनी के अनुसार, जगतसिंहपुर जिले में एक सीमेंट विनिर्माण इकाई और आधुनिक टाउनशिप तथा अन्य घटक भी होंगे.

## कौशल विकास कार्यक्रम किया गया शुरू

**चेन्नई ।** हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी अशोक लीलैंड ने उत्तराखंड में कौशल बढ़ाने की अपनी पहल के तहत उम्मीदवारों के पहले बैच को 'अप्रेंटिस इंगेजमेंट लेटर' सौंपे हैं. कंपनी ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी. भारी वाणिज्यिक वाहन निर्माता ने उत्तराखंड में रोजगार क्षमता को बढ़ावा देने के लिए 2023 में राज्य सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे. समझौता ज्ञापन का लक्ष्य सालाना 1,000 प्रशिक्षुओं को तीन साल तक प्रशिक्षित करना है जो उन्हें उद्योग-प्रासंगिक कौशल से लैस बनाए और भविष्य में नौकरी के अवसरों के लिए तैयार करे.

### आरबीआई की कार्रवाई से पेटीएम के यूजर्स में खलबली मची हुई है

# एनएचएआई ने लिस्ट से पेटीएम को हटाया

**भाषा । नयी दिल्ली**

पेटीएम के लिए मुसीबतें कम नहीं हो रही हैं. अब पेटीएम फास्टैग यूजर्स को नया फास्टैग लेना होगा. क्योंकि इसे जारी करने वाली नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की बॉडी इंडियन हाइवे मैनेजमेंट कंपनी ने पेटीएम पेमेंट बैंक को अपने रजिस्टर्ड बैंकों की लिस्ट से हटा दिया है. यानी पेटीएम अब नया फास्टैग इश्यू नहीं कर पाएगा. अब लोगों को अपना पेटिएम फास्टैग सरेंडर करना होगा और लिस्ट में दिए गए किसी बैंक से नया खरीदना होगा. कंपनी ने यह कदम पेटीएम पेमेंट बैंक पर आरबीआई की कार्रवाई के बाद लिया है. इससे करीब 2 करोड़ यूजर्स प्रभावित होंगे.

कंपनी ने अपने एक्स पोस्ट में 32 बैंकों की लिस्ट जारी करते हुए लिखा है कि फास्टैग के साथ परेशानी मुक्त ट्रैवल करें, नीचे दिए गए ऑथराइज्ड बैंकों से आज ही अपना फास्टैग खरीदें. हालांकि ग्राहक पेटीएम का फास्टैग 29 फरवरी तक इस्तेमाल कर सकेंगे. लेकिन इस दिन के बाद नया फास्टैग लेना होगा. नियमों के अनुसार फास्टैग से पेमेंट न होने पर दोगुना टोल देना होता है. वैसे फोनपे या बैंक या फास्टैग डिस्ट्रीब्यूटर के जरिए भी फास्टैग लिया जा सकता है. जरूरी डॉक्यूमेंट देकर और तय फीस चुका कर फास्टैग लिया जा सकता है.

पेटीएम पेमेंट बैंक से जुड़े 3.1 करोड़ खातों में से 1.4 करोड़ यानी करीब 45 फीसदी डॉरमेंट या फ्रोजन है. आरबीआई ने इस पर चिंता जताई थी. साथ ही पेटीएम पेमेंट बैंक में करीब 10 लाख करेंट अकाउंट्स हैं. साथ ही जहां तक प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट (पीपीआई) वॉलेट की बात है तो इस तरह के वॉलेट की संख्या 35 करोड़ है. इसमें से 30 करोड़ यानी 85% वॉलेट में जीरो बैलेंस है. केवल पांच करोड़ वॉलेट में बैलेंस है या वे पिछले एक साल से एक्टिव हैं. इस तरह की भी चिंता जताई जा रही है कि आरबीआई के एक्शन से डीबीटी लाभार्थी भी प्रभावित हो सकते हैं.



### 29 फरवरी से आप अपना पेटीएम वॉलेट या फास्टैग टॉप नहीं कर सकेंगे

बता दें कि पेटीएम पेमेंट बैंक के खिलाफ आरबीआई की कार्रवाई से पेटीएम के यूजर्स में खलबली मची हुई है. बड़ी संख्या में यूजर्स दूसरे ऑनलाइन पेमेंट्स ऐप का रुख कर रहे हैं. केंद्रीय बैंक ने हाल में एक आदेश जारी करके पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर कई तरह की पांबदियां लगा दी थीं. एक तरह से पेटीएम पेमेंट बैंक की सभी सेवाओं पर एक मार्च से रोक लगा दी गई है. केवल ट्रांसफर और विड्रॉल की अनुमति होगी लेकिन आप 29 फरवरी से अपना पेटीएम वॉलेट या फास्टैग टॉप नहीं कर सकेंगे. साथ ही आप अपने अकाउंट में पैसा डिपॉजिट नहीं कर पाएंगे. हालांकि आरबीआई के एक्शन से पेटीएम के कम ही यूजर्स के प्रभावित होने की आशंका है. इसकी वजह यह है कि आरबीआई की कार्रवाई से पेटीएम यूपीआई ऐप के यूजर्स पर कोई असर नहीं होगा.

### ग्राहक परेशान

- एनएचएआई के फैसले से 2 करोड़ यूजर्स प्रभावित होंगे
- ग्राहकों को अपना पेटीएम फास्टैग सरेंडर करना होगा

**90 लाख यूजर्स का ही पेटीएम पेमेंट बैंक में अकाउंट है :** पेटीएम यूपीआई ऐप के करीब नौ करोड़ यूजर्स हैं. इनमें से केवल 1.5 करोड़ यूनीक यूजर्स हैं. इसकी वजह यह है कि 7.5 करोड़ यूजर्स ने दूसरे यूपीआई ऐप्स भी अपने मोबाइल पर इंस्टॉल किए हैं. पेटीएम यूपीआई ऐप के नौ करोड़ यूजर्स में से केवल 90 लाख यानी 10 फीसदी यूजर्स का ही पेटीएम पेमेंट बैंक में अकाउंट है. यानी आरबीआई के एक्शन से पेटीएम यूपीआई ऐप के 8.1 करोड़ यूजर्स पर कोई असर नहीं होगा.



फिल्म ड्यून : पार्ट टू

वर्ल्ड प्रीमियर में पहुंचने पर ली सेडौक्स फोटोग्राफरों के लिए पोज देती हुईं.

### चेयरमैन बोले

## सोनी नेटवर्क भारत में विकल्प तलाशेगी

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

जी एंटरटेनमेंट के साथ प्रस्तावित विलय समझौता खत्म होने के बाद सोनी नेटवर्क भारत में वृद्धि के अवसरों के लिए विभिन्न विकल्पों की तलाश करेगी. कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी. सोनी नेटवर्क के चेयरमैन एवं मुख्य परिचालन अधिकारी हिरोकी तोतोकी ने वित्तीय नतीजों का ब्योरा देते समय कहा कि भारत दीर्घावधि में व्यापक संभावनाएं रखने की वजह से एक बेहद आकर्षक बाजार है जहां कंपनी निवेश करना जारी रखेगी. तोतोकी ने सोनी की भारतीय गतिविधियों के बारे में पूछे जाने पर कहा, दीर्घकालिक आधार पर भारत में विकास की काफी संभावनाएं हैं. लिहाजा हम विभिन्न अवसरों की तलाश करने की कोशिश करेंगे और यह देखेंगे कि हम कोई इस तरह के सौदे की जगह लेने वाला अवसर तलाश सकें. सोनी नेटवर्क की भारतीय इकाई ने पिछले महीने जी एंटरटेनमेंट के साथ विलय समझौते को इस आधार पर खत्म कर दिया था.

## जीपीटी हेल्थकेयर का आईपीओ 22 को खुलेगा

**नयी दिल्ली ।** आईएलएस हॉस्पिटल्स ब्रांड के अंतर्गत अस्पताल चलाने वाली जीपीटी हेल्थकेयर लिमिटेड का आईपीओ 22 फरवरी को खुलेगा. आईपीओ के लिए शेयर बाजार नियामक सेबी के पास जमा दस्तावेज के अनुसार, एंकर निवेशकों एक दिन पहले यानी 21 फरवरी को शेयर खरीद के लिए बोली लगा सकेंगे. आईपीओ 26 फरवरी को बंद होगा. आईपीओ में 40 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे. इसके अलावा, निजी इक्विटी कंपनी बनयानट्री ग्रोथ कैपिटल-दो 2.6 करोड़ शेयर की बिक्री पेशकश भी करेगी. कोलकाता की जीपीटी हेल्थकेयर में 2.6 करोड़ शेयर या 32.64 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाली बनयानट्री कंपनी में अपनी पूरी हिस्सेदारी बेच रही है. कोलकाता में 2000 में आठ बिस्तरों के अस्पताल से शुरुआत करने वाली जीपीटी हेल्थकेयर 561 बिस्तरों की कुल क्षमता के साथ चार विभिन्न सुविधाओं से युक्त अस्पताल चलाती है.

### लंबी छलांग | आईटी और ऑटो शेयरों में खरीदारी के चलते मार्केट में शानदार तेजी देखी गयी

# निफ्टी : बाजार में तेजी, 22000 के ऊपर हुआ बंद

**भाषा । मुंबई**

हफ्ते का आखिरी कारोबारी सत्र भारतीय शेयर बाजार के लिए बेहद शानदार रहा है. ऑटो, आईटी और फार्मा शेयरों में जोरदार खरीदारी के चलते बाजार में ये तेजी रही. निफ्टी एक बार फिर से 22000 के आंकड़े को पार करने में सफल रहा है. आज का कारोबार खत्म होने पर बीएसई सेंसेक्स 376 अंकों के उछाल के साथ 72,426 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 130 अंकों के उछाल के साथ 22,040 अंकों पर बंद हुआ है. शेयर बाजार में शानदार तेजी की बदौलत मार्केट कैपिटलाइजेशन भी बढ़ा है. बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 389.41 लाख करोड़ रुपये पर जाकर बंद हुआ है जो पिछले सत्र में 387.35 लाख करोड़ रुपये रहा था. शुक्रवार के सत्र में निवेशकों की संपत्ति में 2.06 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी आई है. पिछले दो दिनों में मार्केट कैप में 4.67 लाख करोड़ रुपये का उछाल आया है.



**सेक्टर का हाल :** शुक्रवार के ट्रेड में आईटी, ऑटो, फार्मा, बैंकिंग, एफएमसीजी, मेटल्स, रियल एस्टेट, मीडिया, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, हेल्थकेयर सेक्टर के स्टॉक्स में तेजी देखने को मिली है. जबकि ऑयल एंड गैस, एनर्जी स्टॉक्स में गिरावट रही.

### एनटीपीसी 0.59 फीसदी की गिरावट देखी गई

शुक्रवार के कारोबार में विप्रो 4.79 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.96 फीसदी, लार्सन 2.68 फीसदी, टा    टा मोटर्स 2.02 फीसदी, मारुति सुजुकी 1.93 फीसदी, इंफोसिस 1.48 फीसदी, नेस्ले 1.38 फीसदी, एचयूएल 1.02 फीसदी, जेएसडब्ल्यु स्टील 1.03 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ है. जबकि पावर ग्रिड 2.36 फीसदी, एसबीआई 0.90 फीसदी, रिलायंस 0.70 फीसदी, एनटीपीसी 0.59 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ है.

### सोना 180 व चांदी में 900 रुपये की मजबूती आई

**नयी दिल्ली ।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत संकेतों के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने का भाव 180 रुपये की तेजी के साथ 62,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया. इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 62,270 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था. शुक्रवार को चांदी भी 900 रुपये की तेजी के साथ 75,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई, जबकि पिछले कारोबारी सत्र के दौरान यह 74,600 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर बंद हुई थी.

### बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद में आंकड़ों के अनुसार

## भंडारण स्थानों की मांग पिछले साल 5 प्रतिशत घटी : वेस्टियन

**भाषा । नयी दिल्ली**

देश में तीन प्रमुख दक्षिणी शहरों बेंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई में भंडारण स्थानों की मांग पांच प्रतिशत गिरकर 1.02 करोड़ वर्ग फुट हो गई. एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई. कैलेंडर वर्ष 2022 में यह 1.07 करोड़ वर्ग फुट थी. रियल एस्टेट सलाहकार वेस्टियन के आंकडों के अनुसार, इन तीन दक्षिणी शहरों की हिस्सेदारी पिछले वर्ष के 34 प्रतिशत से गिरकर 2023 में 27 प्रतिशत हो गई. वहीं सात प्रमुख शहरों में गोदाम और लॉजिस्टिक्स स्थानों का पट्टा पिछले वर्ष के 3.12 करोड़ वर्ग फुट से 2023 में 21 प्रतिशत बढ़कर 3.78 करोड़ वर्ग फुट हो गया. वेस्टियन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) श्रीनिवास राव ने कहा, केंद्रीय बजट 2024-25 से अगले कुछ वर्षों के लिए दिशा तय होने की उम्मीद है. अंतरिम बजट में बुनियादी ढांचे के विकास की हालिया घोषणाओं का इस क्षेत्र पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है. हालांकि, राव ने आगाह किया, 2024 भारतीय भंडारण क्षेत्र के लिए एक चुनौतीपूर्ण वर्ष हो सकता है.






प्रयागराज : संगम में वार्षिक धार्मिक माघ मेला उत्सव के दौरान अचला सप्तमी के अवसर पर हवन करते साधु. फोटो: पीटीआई

बंगाल स्कूल भर्ती घोटाला मामले में ईडी की कार्रवाई

# बिल्डर के कार्यालय में छापेमारी

भाषा। कोलकाता




पश्चिम बंगाल के प्राथमिक विद्यालयों में भर्ती में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में शुक्रवार को एक बिल्डर के आवास और कार्यालय पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी जारी है. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. इस बिल्डर को पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी का करीबी माना जाता है. अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय बलों के साथ पहुंची ईडी की टीम ने व्यवसायी के एक कार्यालय और तीन फ्लैट पर छापा मारा, जिनमें से एक कोलकाता के दक्षिणी हिस्से में नकताला में चटर्जी के घर के ठीक सामने है. ईडी अधिकारी ने बताया, घोटाले में बिल्डर की अहम भूमिका है. ऐसा प्रतीत होता है कि उसने (बिल्डर) घोटाले से प्राप्त धन को विभिन्न परियोजनाओं में निवेश करने में चटर्जी की मदद की थी. केंद्रीय एजेंसी ने सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में भर्ती में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में चटर्जी को जुलाई 2022 में गिरफ्तार किया था.

ईडी कथित घोटाले के संबंध में पहले भी बिल्डर से दो बार पूछताछ कर चुकी है. अधिकारी ने बताया, बिल्डर के कब्जे से जब्त किए गए कई दस्तावेजों और बैंक विवरणों से यह साबित होता है कि चटर्जी ने प्राथमिक विद्यालय घोटाले से प्राप्त धन को निवेश करने में उसकी मदद ली थी. ईडी अधिकारी दक्षिण कोलकाता के गोलपार्क इलाके में एक सुनार की दुकान और आवास पर भी छापेमारी कर रहे हैं. एजेंसी के सूत्रों ने बताया कि बिल्डर और सुनार ने पूर्व मंत्री को विभिन्न परियोजनाओं और योजनाओं में निवेश करने में मदद की थी.

## ब्रीफ खबरें

### पत्नी का सिर काटकर पति पहुंच गया थाना

**बाराबंकी।** जिले के कोतवाली फतेहपुर क्षेत्र के ग्राम बसारा में शुक्रवार को पत्नी का सिर काटने के बाद उसे लेकर पुलिस के पास जा रहा पति गिरफ्तार कर लिया गया. पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि फतेहपुर कोतवाली की इसरौली चौकी के बसारा गांव का निवासी अनिल कनौजिया पेशे से राजगीर था. उसकी शादी आठ वर्ष पूर्व वंदना कनौजिया से हुई थी. उसके दो बच्चे भी हैं.

### हादसे में दो दंपती सहित पांच की मौत

**जयपुर ।** बीकानेर जिले में शुक्रवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में गुजरात के दो दंपतियों सहित पांच लोगों की मौत हो गई. पुलिस ने यह जानकारी दी. अतिरिक्त एएसपी प्यारेलाल शिवरान ने बताया कि हादसा नोखा थाना क्षेत्र में अमृतसर-जामनगर राजमार्ग पर उस समय हुआ जब एक वाहन आगे चल रहे वाहन में जा टकराया. हादसे में स्कॉर्पियो में सवार 5 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई.

### चेयेने : गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत

**चेयेने ।** अमेरिकी राज्य व्योमिंग की राजधानी में सड़क पर गोलीबारी की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए. चेयेने पुलिस विभाग की प्रवक्ता एलेक्जेंड्रा फार्कस ने कहा कि गुरुवार दोपहर करीब दो बजे राज्य की राजधानी से लगभग 1.6 किमी दूर रेस्तरां और कार्यालयों के निकट एक आवासीय क्षेत्र में गोलीबारी हुई. फार्कस ने कहा कि जांच अधिकारी गोलीबारी के कारणों और पीड़ितों के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं.

### अफ्रीका में इस्लामिक समूह का खतरा बढ़ा

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र के आतंकवाद रोधी के प्रमुख ने गुरुवार को कहा कि पश्चिम अफ्रीका और साहेल में राजनीतिक अस्थिरता के बीच चरमपंथी समूह इस्लामिक स्टेट एक बढ़ता हुआ खतरा बन गया है. व्लादिमीर ने संयुक्त राष्ट्र के निष्कर्षों को दोहराया कि खतरे का मुकाबला करने में संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों द्वारा महत्वपूर्ण प्रगति के बावजूद सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा बना हुआ है.

पीएम नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया संबोधित, दी सौगात

# 17000 करोड़ की योजनाओं का शुभारंभ

भाषा। जयपुर





प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार सुबह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत विकसित राजस्थान कार्यक्रम के दौरान सड़क, रेलवे, सौर ऊर्जा, विद्युत ट्रांसमिशन, पेयजल तथा पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस सहित कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों से संबंधित 17,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया. जेईसीसी सीतापुरा में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी उपस्थित रहे.

प्रधानमंत्री ने राजस्थान में पांच हजार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया. प्रधानमंत्री ने 8-लेन दिल्ली-मुंबई ग्रीन फील्ड अलाइनमेंट (एनई-4) के तीन पैकेजों अर्थात बौंली-झालाई रोड से मुई विलेज सेक्शन, हरदेवगंज गांव से मेज नदी सेक्शन और तकली से राजस्थान, मध्य प्रदेश सीमा तक के सेक्शन का उद्घाटन किया. ये सेक्शन क्षेत्र में तेज और बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेंगे. ये सेक्शन वन्यजीवों के निर्बाध आवागमन को सुविधाजनक बनाने के लिए छलावरण के साथ पशु अंडरपास और पशु ओवरपास से लैस हैं. इसके अतिरिक्त, वन्यजीवों पर ध्वनि प्रभाव को कम से कम करने के लिए ध्वनि अवरोधकों का भी प्रावधान किया गया है. प्रधानमंत्री ने काया गांव में एनएच-48 के दक्षिणपुर-शामलाजी सेक्शन के साथ देबारी में एनएच-48 के चित्तौड़गढ़-उदयपुर राजमार्ग खंड को जोड़ने वाले 6-लेन ग्रीनफील्ड उदयपुर बाईपास का भी उद्घाटन किया. यह बाईपास उदयपुर शहर की भीड़भाड़ कम करने में सहायक होगा. प्रधानमंत्री ने कई अन्य परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया, जो राजस्थान के झुंझुनू, आबू रोड और टोंक जिलों में सड़क आधारभूत अवसंरचना में सुधार करेंगी.

प्रधानमंत्री ने हरियाणा में 10 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया शिलान्यास, बोले-

## अबकी बार एनडीए सरकार 400 पार




**खास बातें**

- राम को काल्पनिक बताने वाले भी बोल रहे हैं जय सियाराम
- विकसित भारत के लिए हरियाणा का विकसित होना बहुत जरूरी

**रेवाड़ी/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को हरियाणा के रेवाड़ी से कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और कहा कि भगवान राम को काल्पनिक बताने वाले कांग्रेसी भी अब जय सिया राम बोलने लगे हैं. प्रधानमंत्री ने रेवाड़ी में स्वास्थ्य, रेल और पर्यटन क्षेत्र से जुड़ी 10 हजार करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया. इस मौके पर प्रधानमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश की इच्छा थी कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो, आज पूरा देश भव्य राम मंदिर में विराजे रामलला के दर्शन कर रहा है. कांग्रेस के लोग, जो भगवान राम को काल्पनिक बताते थे, जो कभी नहीं चाहते थे कि राम मंदिर बने, वो भी जय सिया राम करने लगे हैं.

उन्होंने कहा कि देश-दुनिया में मोदी की गारंटी योजना की चर्चा है. रेवाड़ी तो मोदी की गारंटी का सबसे पहला गवाह है. यहां प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में मैंने देश को कुछ गारंटियां दी थीं. देश की इच्छा थी कि दुनिया में भारत की साख बढ़े, वो हमने करके दिखाया. देश की इच्छा थी कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो. भव्य मंदिर का निर्माण हुआ. उन्होंने कहा कि लोगों ने एक और संकल्प लिया है और जनता जनार्दन कह रही है, जिसने 370 हटाया उस भाजपा का टीका 370 सीटों से होगा.

दिल्ली विधानसभा बजट सत्र

# दूसरे दिन भी हंगामा, बीजेपी के सात विधायक निलंबित

भाषा। नयी दिल्ली



दिल्ली विधानसभा बजट सत्र के दूसरे दिन शुक्रवार को बीजेपी के सात विधायकों को निलंबित कर दिया गया. विधानसभा में बीजेपी के कुल 8 विधायक हैं. बीजेपी विधायक और नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी के अलावा पार्टी के सभी विधायकों पर कार्रवाई की गई है. बता दें कि गुरुवार को दिल्ली के एलजी द्वारा दिए जा रहे अभिभाषण में अवरोध पैदा करने के मामले में आप विधायक दिलीप पांडे ने सदन में बीजेपी विधायकों पर कार्रवाई किए जाने का प्रस्ताव रखा. दिल्ली विधानसभा के स्पीकर राम निवासी गोयल ने मामले को विशेषाधिकार समिति के पास भेज दिया और रिपोर्ट आने तक बीजेपी के 7 विधायकों को सदन की कार्रवाई से निलंबित करने का प्रस्ताव पास कर दिया.


# उपायुक्त व एसपी कार्यालय आग के हवाले, तीन की मौत

भाषा। इंफाल

मणिपुर के चुराचांदपुर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने हिंसक भीड़ के साथ हुई झड़प में तीन प्रदर्शनकारियों की जान चली गई और 35 से अधिक अन्य लोग घायल हो गए. सशस्त्र उग्रवादियों के साथ मिलकर निर्दोष नागरिकों पर गोलीबारी करने में कथित रूप से शामिल एक पुलिस हेड कांस्टेबल के निलंबन के बाद शुरू हुआ यह विरोध प्रदर्शन हिंसा में बदल गया. इस दौरान हिंसा पर आमादा भीड़ ने चुराचांदपुर में उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक कार्यालयों को आग के हवाले कर दिया. साथ ही दोनों दफ्तरों पर लगे राष्ट्रीय ध्वज फाड़ दिए.

# 4 टाइम बम के साथ एसटीएफ ने युवक को गिरफ्तार किया

भाषा। लखनऊ



उत्तर प्रदेश के मेरठ में चार टाइम बम के साथ एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया गया है. पकड़े गए आरोपी का नाम जावेद शेख है. यूपी एसटीएफ ने ये कार्रवाई की है. पकड़े गए आरोपी जावेद के पास से 4 बॉटल टाइम बम बरामद हुआ है, बॉटल की मदद से आईईडी बनाया गया था. आरोपी जावेद ने पूछताछ में बताया की उसे ये बम बनाने का ऑर्डर इमराना नाम की एक महिला ने दिया था. जांच में ये भी सामने आया कि जावेद नेपाल भी आता-जाता है और वहां से उसका गहरा कनेक्शन है. हालांकि इस मामले में अभी तक कोई आतंकी एंगल सामने नहीं आया है लेकिन सुरक्षा एजेंसियों की पूछताछ जारी है.

# तृणमूल कांग्रेस के विधायक इदरीस अली का निधन, शोक

भाषा। कोलकाता



तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के विधायक इदरीस अली का शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया. पार्टी के एक नेता ने यह जानकारी दी. नेता ने बताया कि 73 वर्षीय अली कई बीमारियों से पीड़ित थे. अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि मुर्शिदाबाद जिले के भगवानगोला से विधायक अली ने बृहस्पतिवार और शुक्रवार की दरमियानी रात करीब दो बजकर 20 मिनट पर अंतिम सांस ली. पार्टी नेता ने बताया, इदरीस अली अस्वस्थ थे. हालांकि वह कोविड-19 से ठीक हो चुके थे. हाल ही में उनकी सेहत बिगड़ गई थी और वे ठीक से चल-फिर पाने में भी असमर्थ थे. उन्हें सांस लेने में गंभीर समस्या हुई, जिसके बाद 13 फरवरी को उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था.

### दिल्ली के अलीपुर की पेंट फैक्टरी में अगलगी से अब तक 11 की मौत

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के अलीपुर क्षेत्र में एक पेंट फैक्टरी में आग लगने से 11 मजदूरों की मौत हो गई. दमकल विभाग के अनुसार, गुरुवार शाम आग लगने की सूचना मिली थी. इस फैक्टरी में थिनर के ड्रम भी रखे थे. इस वजह से फैक्टरी में विस्फोट हो गया. इसके बाद आग तेजी से सामने के घरों और एक नशा मुक्ति केंद्र तक फैल गई. आग पर लगभग चार घंटे में नियंत्रण पा लिया गया. दिल्ली फायर सर्विसेज (डीएफएस) के निदेशक अतुल गर्ग ने एक्स हैंडल पर इस घटना पर दुख व्यक्त किया है.

# हरियाणा के मोस्टवांटेड अपराधी नरेंद्र सिंह को भारत लाया गया

भाषा। चंडीगढ़



केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीम हरियाणा के मोस्ट वांटेड को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से प्रत्यर्पण करके शुक्रवार को भारत ले आई है. उसके खिलाफ फतेहाबाद जिले के टोहाना पुलिस थाने में मर्डर, दंगे और जानबूझकर नुकसान पहुंचाने जैसी संगीन धाराओं में दर्ज मामले दर्ज हैं. नरेंद्र सिंह नाम के इस मोस्ट वांटेड अपराधी को उम्रकैद की सजा भी मिल चुकी है. हरियाणा पुलिस के अनुसार नरेंद्र सिंह के खिलाफ दिसंबर, 1994 में फतेहाबाद के टोहाना पुलिस स्टेशन में हत्या, दंगा और जानबूझकर गंभीर चोट पहुंचाने का मामला दर्ज किया था. करीब चार साल बाद ट्रायल कोर्ट ने उसे बरी कर दिया. इस पर पुलिस ने पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट में अपील की, जिसने फैसले को पलट दिया.




कॅरियर-काउंसिलिंग

# राजनीति विज्ञान की पढ़ाई कर भी बना सकते हैं कॅरियर



**राजनीति विज्ञान वह विज्ञान है, जो मानव के राजनीतिक-सामाजिक प्राणी होने के नाते उससे संबंधित राज्य और सरकार दोनों के कार्यों का अध्ययन करता है. राजनीति विज्ञान, अध्ययन का एक विस्तृत विषय या क्षेत्र है. राजनीति विज्ञान में राजनीतिक चिंतन, राजनीतिक सिद्धांत, राजनीतिक दर्शन, राजनीतिक विचारधारा, संस्थागत या संरचनागत ढांचा, तुलनात्मक राजनीति, लोक प्रशासन, अंतरराराष्ट्रीय कानून और संगठन जैसी तमाम बातें समाहित हैं. आसान भाषा में कहें तो राजनीति विज्ञान में राजनीतिक संस्थानों, सिद्धांतों, संगठनों और सरकार के काम करने के नियमों के साथ ही साथ तौर-तरीकों की पढ़ाई होती है.**

### जानिए कॅरियर में राजनीति विज्ञान का क्या महत्व है

- अरस्तु ने राजनीति विज्ञान को प्रैक्टिकल साइंस बताया था, जो हमेशा लोगों की खुशी के लिए काम करता रहता है. ये सामाजिक विज्ञान का एक अंग है, जो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सरकारी संस्थाओं की जरूरत, कार्यों और जिम्मेदारियों के बारे में बताता है. इतिहास, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, पब्लिक पॉलिसी, सोशियोलॉजी, भूगोल, अर्थशास्त्र और अंतरराष्ट्रीय संबंध इस क्षेत्र के जरूरी हिस्से हैं. इसलिए राजनीति विज्ञान में करियर की सूची बहुत लंबी है.

### समाज विज्ञान का ही एक विषय है राजनीति विज्ञान

- राजनीति विज्ञान की प्रकृति के संबंध में कहा गया है कि यह विषय समाज विज्ञान का का ही एक विषय है, इसमें भौतिक विज्ञान की तरह भविष्यवाणी नहीं की जा सकती है, लेकिन इसमें वैज्ञानिकता की कई कसौटियां, जैसे सिस्टेमैटिक स्टडी, लिमिटेड भविष्यवाणी आदि की जा सकती है. अतः राजनीति विज्ञान भी एक विज्ञान है.

### समाज विज्ञान का ही एक विषय है राजनीति विज्ञान

- राजनीति विज्ञान की प्रकृति के संबंध में कहा गया है कि यह विषय समाज विज्ञान का का ही एक विषय है, इसमें भौतिक विज्ञान की तरह भविष्यवाणी नहीं की जा सकती है, लेकिन इसमें वैज्ञानिकता की कई कसौटियां, जैसे सिस्टेमैटिक स्टडी, लिमिटेड भविष्यवाणी आदि की जा सकती है. अतः राजनीति विज्ञान भी एक विज्ञान है.

### राजनीति विज्ञान में कॅरियर क्यों बनायें

राजनीति विज्ञान में उच्च शिक्षा हासिल करने वाला छात्र राष्ट्र से संबंधित मुद्दों पर गहरी समझ रखता है. राजनीति शब्द और आपके राष्ट्र की राजनीति आपके अंदर उत्साह पैदा करती है. राजनीति विज्ञान में करियर क्यों बनायें, इससे जुड़े कुछ प्वाइंट्स निम्न हैं.

**बदलाव लाने में मदद :** राजनीति विज्ञान में करियर आपको समाज में व्यापक बदलाव लाने में मदद करेगा. आपके पास एक ऐसे करियर का मौका होगा, जिसमें सरकारी मुद्दों, समाज और सार्वजनिक नीतियों पर काम किया जाता है.

**राष्ट्र का नेतृत्व :** राजनीतिक विज्ञान में करियर केवल लोगों के जीवन में बदलाव लाने तक ही सीमित नहीं है. ऐसे कई अवसर आएंगे जब नेतृत्व करने और प्रभार लेने का मौका मिलेगा और ये प्रभार कितना भी ऊंचा हो सकता है. आप एक जिला, शहर, राज्य या पूरे राष्ट्र के नेता बन सकते हैं.

**अपूर्व अनुभव :** राजनीति विज्ञान में करियर किसी नियमित 9 से 5 के जॉब वाले कार्यभार और रोजाना की जिम्मेदारियों जैसे नहीं होंगे, आप रोज एक अनोखी चुनौती का सामना करेंगे. साथ ही आपको विभिन्न मामलों का सामना करने के लिए तैयार रहना पड़ेगा, जो आपको उसमें मौजूद सभी क्षेत्रों के बारे में शिक्षित करेगा.

**प्रतिष्ठा और ताकत :** राजनीति विज्ञान में करियर अपने साथ प्रतिष्ठा, ताकत और सम्मान लेकर आता हैय एक लोकसेवक होने के नाते ये आपको लोगों की नजर में ले आता है और आपके प्रति समाज का दृष्टिकोण आपकी स्थिति की वजह से आपको प्रतिष्ठा दिला सकता है.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार. )